सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 132



12 मनोज बाजपेयी की फिल्म 'जोरम' का ट्रेलर रिलीज




# रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना

शिकायत दर्ज करने के लिए
**https://cms.rbi.org.in**
पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

- 30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं
- ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ – 160017 पर शिकायत दर्ज करें
- अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं
- अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.

समय: कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:
- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




जनहित में जारी
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को किया संबोधित

# राज्य में हर वर्ग के लिए चल रही हैं योजनाएं, लाभ उठाएं : हेमंत सोरेन

### स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को मदद भी कर रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हर वर्ग और तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजना बनायी गयी है। श्री सोरेन शुक्रवार को बरहेट में आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। सरकार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से रोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक मदद दे रही है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सकें, इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।



### साहिबगंज जिले वासियों को मिली कई सौगातें

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 212 करोड़ 91 लाख 39 हजार 600 रुपए की रुपये की 891 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 62 करोड़ 97 लाख रुपए की 746 योजनाओं का उद्घाटन और 149 करोड़ 94 लाख 39 हजार 600 रुपये की 145 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। वहीं, 3 लाख 97 हजार 330 लाभुकों के बीच 2 अरब 98 करोड़ 27 लाख 18 हजार 121 रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद दादेल और साहिबगंज जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### शिविर में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किये जायेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किये जायेंगे। संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के हर क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, पुल-पुलिया और स्कूल-कॉलेज बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। हमारा प्रयास है कि झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकें। उन्होंने कहा कि अब राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। हमारी सरकार इन विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिये शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। दूसरी तरफ गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यहां के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्स करने के लिये मदद देने का काम कर रही है। इसके अलावा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। सभी सरकारी विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने के साथ यहां के रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अनाज और रसोईया के साथ सुरक्षा की भी व्यवस्था सरकार करेगी।

---

## लोक-लुभावने झूठे वादों को जनता समझ चुकी

# सीएम की घोषणाओं का कोई मतलब नहीं : बाबूलाल मरांडी

### झारखंड में घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही झामुमो नेतृत्व वाली सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं का कोई मतलब नहीं है। श्री मरांडी शुक्रवार को पाकुड़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोक लुभावन घोषणाओं पर अब कोई भरोसा नहीं करता है। जनता उन्हे पिछले चार वर्षों में पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने केवल चुनाव में ही झूठा वादा नहीं किया बल्कि अपने शपथ के बाद पहले बजट सत्र में दिये गये भाषण से उन्होंने राज्य की जनता और बेरोजगार युवाओं को दिग्भ्रमित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में युवाओं को नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही, जो रिकॉर्ड में दर्ज है, लेकिन आज तक एक बेरोजगार को भी बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जो नौकरी देने की बात कर रहे हैं वह सब पिछली रघुवर सरकार की देन है। हेमंत सरकार ने तो एक भी वेकेंसी नहीं निकाली। उन्होंने कहा कि जो नौकरी दी जा रही उसके खिलाफ बेरोजगार युवाओं को सुप्रीम कोर्ट तक का चक्कर लगाने के लिए हेमंत सरकार ने बाध्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आनन-फानन में घोषणाएं कर रहे हैं। उन्हें पता है कि उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई चल रही है। पांच-पांच समन उन्हें मिल चुका है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करता। हेमंत सरकार तुष्टिकरण, वोट बैंक की राजनीति करती है इसलिए ऐसे लोगों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में पाकुड़ साहेबगंज जिला सहित पूरे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गई है। इसलिए एनआरसी आवश्यक है।

---

## जसीडीह रेलवे स्टेशन पर दक्षिणी क्षेत्र से इंट्री के लिए जमीन देने का मामला

### जवाब दाखिल करने के लिए राज्य सरकार को मिला 3 सप्ताह का समय

**रांची।** देवघर स्थित जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर अतिरिक्त समय देने की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने 3 सप्ताह का समय प्रदान किया। दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सरकार ने पहले जसीडीह स्टेशन के दक्षिणी इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने की बात स्वीकारी थी। अब सरकार की ओर से इस जमीन के लिए 57 करोड़ रुपए की मांग की जा रही है। प्रार्थी का कहना है कि जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो बनने से देवघर में बाबा बैजनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की खंडपीठ में हुई।

---

## खबर एक नजर में

### योगेंद्र तिवारी ने ईडी कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी, सुनवाई आज

**रांची।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने शुक्रवार को जमानत की गुहार लगाते हुए ईडी कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर शनिवार को विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में होगी। वह बीते 20 अक्तूबर से न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने उक्त आरोप में उसे 19 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। 20 अक्तूबर को ईडी कोर्ट में उसे पेश किया गया। ईडी ने गिरफ्तारी के बाद उससे 14 दिनों तक पूछताछ की थी। इसके बाद तीन नवंबर को जेल भेज दिया गया था।

### जमीन फर्जीवाड़े के आरोप में जेल में बंद भरत प्रसाद की जमानत पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े के आरोप में जेल में बंद भरत प्रसाद की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने आगे की सुनवाई के लिए छह दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। वह जमानत की गुहार लगाते हुये 17 नवंबर को अर्जी दाखिल की है। ईडी ने फर्जी जमीन मालिक गंगाधर राय के पोते राजेश राय के साथ भरत प्रसाद को तीन जुलाई को गिरफ्तार किया है। तब से वह जेल में है। इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बिल्डर विष्णु अग्रवाल भी जेल में हैं।

### आरक्षी से एएसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 26 नवंबर से

**रांची।** आरक्षी से एएसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का 26 नवंबर से प्रशिक्षण शुरू होगा। इसको लेकर आईजी प्रशिक्षण ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत पीटीसी प्रशिक्षण 26 से 28 नवंबर तक जेएपीटीसी पदमा और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में होगा। वहीं 17 से 18 दिसंबर तक सीटीसी मुसाबनी में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। इससे पहले 11 नवंबर से पीटीसी प्रशिक्षण जेएपीटीसी पदमा, सीटीसी मुसाबनी और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में कराने का आदेश था। लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। एक बार फिर से वैसे हवलदार जो मैट्रिक उत्तीर्ण हो और वैसे एएसआई जो पीटीसी प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किये हैं, उन्हें साक्षर आरक्षी से एएसआई पद पर प्रोन्नति के लिये पीटीसी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### गांधी स्मृति के लिए समर्पित तारा गांधी से दिल्ली में मिले आदित्य विक्रम जायसवाल



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल दिल्ली में तारा गांधी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। विदित हो कि तारा गांधी का जन्म 24 अप्रैल 1934 को दिल्ली में मोहनदास करमचंद गांधी के सबसे छोटे बेटे देवदास और बहू लक्ष्मी गांधी के घर हुआ था। उनके पति डॉ. ज्योति प्रसाद भट्टाचार्य एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। उन्होंने अपना जीवन गांधी स्मृति और दर्शन समिति के काम में अपने को समर्पित कर दिया है। वह महात्मा गांधी द्वारा स्थापित कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के साथ ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के लिए भी काम करती हैं। मुलकात को लेकर आदित्य विक्रम जयसवाल ने बताया कि तारा गांधी ने झारखंड आने की इच्छा जाहिर की है। वे बाबू कुटीर और महात्मा गांधी जी द्वारा 1940 में सवारी की गई गाड़ी को देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। उन्होंने थिंक 2024 कार्यक्रम के बारे में मार्गदर्शन भी दिया। इस दौरान तारा गांधी ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में बच्चों को सीखाना चाहिए कि प्रेम, भावना के साथ काम करें और अपनी संस्कृति, परंपरा को आगे लेकर जाएं यहीं भारतवर्ष की पहचान है।

---

## स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का हेल्थ कार्ड बनायेगी सरकार, तैयारी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार अब सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का हेल्थ कार्ड बनायेगी। कक्षा 6 से ऊपर के छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच करायी जाएगी और उसी आधार पर हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा, ताकि बच्चों में होने वाली बीमारी का पता लगाकर उसका बेहतर तरीके से उपचार कराया जा सके। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 18 वर्ष तक के बच्चों में चार प्रकार की बीमारियां डिफेक्ट एट बर्थ, डिफिशिएंसी डिजीज, डेवलपमेंट डिले, इंक्लूडिंग डिसेबिलिटी की जांच होगी और जांच के बाद बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा।

शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने बताया कि हेल्थ कार्ड के जरिए बच्चों की स्वास्थ्य जांच होगी। खासकर बच्चों में पल रही बीमारियों की जांच होगी। जैसे बच्चों में बालपन के साथ होने वाले विकासात्मक अवरोध, पोषण, बच्चों में दांत, हृदय और सांस संबंधी रोग की शुरू में पहचान की जाएगी। इससे शुरूआत में ही पता चलने पर उचित इलाज मिलेगा और किसी भी छोटी बीमारी का गंभीर होने के खतरा कम होगा।

शिक्षा सचिव ने बताया पहले बच्चों की स्वास्थ्य जांच होगी और उसके बाद बीमारियों की सूची बनाकर स्कूल स्तर पर एक हेल्थ डाटा कार्ड तैयार किया जाएगा। इसमें बच्चों के हेल्थ की सारी जानकारी होगी व इसे लेकर चलंत जांच दल का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया इसका सबसे अहम उद्देश्य है कि बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना, क्योंकि जब बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी पढ़ाई में भी मन लगा पाएंगे।

---

## डॉ अरुण उरांव ने कहा- मुख्यमंत्री की मंशा साफ नहीं, अपने हित में चाहते हैं संशोधन

# बिना विचार-विमर्श के सीएनटी में संशोधन के प्रस्ताव का विरोध करेगी भाजपा: अरुण उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने राज्य की झामुमो नेतृत्व वाली सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। डॉ उरांव ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार सोची समझी रणनीति के तहत सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव ला रही है। इनकी मंशा आदिवासी समाज के कल्याण की नहीं है। आदिवासी समाज के किसी सामाजिक धार्मिक संगठन ने सीएनटी एक्ट में संशोधन की बात नहीं उठाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगातार अपने पद और पावर का दुरुपयोग करते हुए गरीब आदिवासियों की जमीन को अपने और अपने परिवार के नाम करवाया है। रांची, रामगढ़, बोकारो से लेकर दुमका तक शिबू सोरेन परिवार ने जमीन लिये हुए हैं जो सीएनटी, एसपीटी का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने इस अवैध जमीन के नियमतीकरण के लिये टीएसी को हथियार बनाया है।

उन्होंने कहा कि टीएसी को हेमंत सरकार ने राज्यपाल की भूमिका हटाकर पहले ही अपने अधिकार में कर लिया है, ताकि अपने हिसाब से फैसले लिये जा सकें। उन्होंने कहा कि चार वर्षों के बाद सीएनटी में संशोधन की याद आ रही है जबकि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के संशोधन पर जमीन आसमान एक करने वाले यही झामुमो, कांग्रेस और राजद के लोग शामिल थे।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार यदि परिवर्तन चाहती है तो पहले इस संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्यापक विमर्श कराये। सीएनटी मामलों से जुड़े विधि विशेषज्ञों से सलाह ले तभी संशोधन का प्रस्ताव लाये। आनन-फानन में लाया गया प्रस्ताव जनजाति समाज को मंजूर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट में संशोधन केवल आवास निर्माण के लिए ही दिए जाने तक विचारणीय हो तथा व्यावसायिक उपयोग की छूट नही दी जाये। उन्होंने कहा कि 5 से 10 किलोमीटर की सीमा तथा 5 से 10 डिसमिल जमीन खरीद का प्रस्ताव ही किया जाना चाहिये। इस अवसर पर बिंदेश्वर उरांव एवं रोशनी खलखो भी उपस्थित थे।

---

# साइबर अपराधी अब बना रहे नये-नये फ्रॉड एक्शन प्लान मादक पदार्थों के नाम ब्लैकमेल कर शुरू हुई साइबर ठगी!

### सेक्सटॉर्शन के बाद अब ड्रग्स एक्सटॉर्शन बना नया हथियार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद साइबर अपराधी हर दिन किसी न किसी नए फ्रॉड एक्शन प्लान लेकर सामने आते हैं और लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। अब साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका इजाद कर लिया है। यह नया तरीका है ड्रग्स एक्सटॉर्शन का, साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा साइबर क्रिमिनल के इस नए मॉड्यूल को लेकर आम पब्लिक को आगाह किया गया है।

**ड्रग्स के नाम पर ठगी का धंधा :** ड्रग्स एक्सटॉर्शन साइबर अपराधियों का नया हथियार है। इस हथियार का प्रयोग कर वे पार्सल और कूरियर में ड्रग्स मिलने की बात कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में ऐसे मामलों को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। साइबर अपराधी इंटरनेट और दूसरे माध्यम से मोबाइल नंबर और एड्रेस की जानकारी लेकर लोगों को कॉल करते हैं। उन्हें यह बताते हैं कि उनके पते पर जो पार्सल आया है उसमें ड्रग्स निकला है। थोड़ी देर बाद साइबर अपराधियों के गैंग का ही एक अपराधी पुलिस वाला बनकर अमुक व्यक्ति को फोन कर ड्रग्स के बारे में पूछताछ करने लगता है। ड्रग्स का नाम सुनते ही लोग डर जाते हैं और तथाकथित पुलिस वाले से मामले को रफादफा करने की मिन्नतें करने लगते हैं। कुछ पैसे के भुगतान के बाद यह मामला बंद होता है।



**दर्ज हो रहे हैं मामले :** झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता के अनुसार ड्रग्स एक्सटॉर्शन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कुछ लोगों से पैसे की ठगी भी साइबर अपराधियों के द्वारा कर ली गई है। सीआईडी डीजी के अनुसार यह नए तरीका का फ्रॉड है जिसके जरिए अब झारखंड में भी ठगी की जा रही है।

### पुलिस की फेक आइडी का प्रयोग

सेक्स एक्सटॉर्शन के जैसे ही ड्रग्स एक्सटॉर्शन के लिए भी एक फेक मायाजाल साइबर अपराधियों के द्वारा बनाया गया है। इस मायाजाल में अपने शिकार को फंसाने के लिए बाकायदा साइबर अपराधियों की एक पूरी टीम काम करती है। इसमें फेक वकील, फेक पुलिस वाला और फेक कूरियर वाला तीनों मिलकर कांड को अंजाम देते हैं। जो पुलिस वाला ड्रग्स को लेकर किसी व्यक्ति को फोन करता है वह अपनी आईडी में क्राइम ब्रांच के किसी अफसर का फोटो लगा देता है, जिससे कि जब उसका फोन किसी व्यक्ति के पास जाए तब उस व्यक्ति को यही मालूम पड़े कि वह पुलिस वाला है। ड्रग्स का नाम आते हैं लोग डर जाते हैं और उनका पार्सल नहीं होने की स्थिति में भी पैसे देकर साइबर अपराधियों से अपना पीछा छुड़ा लेते हैं।

### तफ्तीश में जुटी साइबर पुलिस

ड्रग्स एक्सटॉर्शन के मामले अब झारखंड में भी रिपोर्ट किया जा रहे हैं। सीआईडी डीजी के अनुसार इस गिरोह को भी सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने अपने रडार पर रखा है। इस ग्रुप के डिजिटल फुटप्रिंट को साइबर पुलिस तलाश रही है और यह जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

### आम लोग रहें सावधान

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि ऐसे मामलों से लोगों को बचने की जरूरत है। अगर आपने कोई पार्सल नहीं मंगवाया है तो फिर उसमें ड्रग्स कैसे निकल सकता है। अगर ड्रग्स को लेकर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आता है तो आप सीधे पुलिस को कंप्लेंन करें। फोन करने वाला व्यक्ति अगर आपको धमकाता है तो उसके धमकियों से ना डरें।

---

### प्रगति मैदान में रांची स्मार्ट सिटी के स्टॉल पर पहुंच रहे लोग

**रांची/नयी दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चले रहे विश्व व्यापार मेले में अब कुछ दिन ही बचे हैं। सप्ताह के अंत होने के कारण लोगों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में झारखंड पवेलियन में रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड की स्टॉल पर बनाया गया स्मार्ट सिटी का मॉडल खासा पसंद किया जा रहा है। यहां लोग रांची स्मार्ट सिटी के बारे में जानकारी भी ले रहे है।

रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियर ने बताया कि भारत सरकार और झारखंड सरकार का संयुक्त प्रोजेक्ट है। जो की रांची के धुर्वा में 656 एकड़ में ग्रीन फील्ड डेवलप कर रहे है। जिसमे हमारा उद्देश्य लोगों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराना है।यहां हम इंस्टीट्यूशनल, रेजिडेंशियल, कमर्शियल, पब्लिकध् सेमी पब्लिक, मिक्सयूज कंपोनेंट के लिए ऑक्शन कर रहे है।

---

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन

# कार्यकर्ता निर्माण की सहज प्रक्रिया है प्रशिक्षण वर्ग : कर्मवीर सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमे आगामी 27से 30नवंबर तक प्रदेश के 17स्थानों पर आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति नीति,कार्य पद्धति, कार्यक्रम, लोक कल्याणकारी योजनाये आदि से संबंधित जानकारियों केलिये प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है। भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के जन प्रतिनिधियों केलिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है। उन्होने कहा कि भाजपा ने पंचायत चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया तथा जनता का आभार जताया। और अब पार्टी उनका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रही है।



उन्होंने कहा कि विगत दिनों प्रदेश भाजपा ने गिरिडीह के मधुबन में जिप सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग लगाया। यह प्रशिक्षण अंत्योदय के मार्ग को प्रशस्त करता है। राष्ट्रवादी चिंतन का विस्तार करता है। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग जमीनी स्तर के प्रतिनिधियों से संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में पंचायत जन प्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण है। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पंचायत प्रतिनिधि नीव के पत्थर हैं जिन्हें सक्रिय करके विकसित भारत एआत्म निर्भर भारत के सपनों को तेजी से पूरा किया जा सकता है।

कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, डॉ रविंद्र राय, सांसद पीएन सिंह, बीडी राम, संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, समरी लाल, अमित मंडल, भानु प्रताप शाही सहित प्रशिक्षण वर्ग से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल थे। संचालन प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता अमित सिंह ने किया।

---

## 27 व 28 नवंबर को पूर्वी और मध्य हिस्से में गहरा सकते हैं बादल, चलेगी ठंडी हवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने आने वाले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव के संकेत दिये हैं। आज मौसम साफ और शुष्क रहेगा जबकि 26 नवंबर से बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण हवा की दिशा में बदलाव होगा। इस दौरान पूरे राज्य में पुरवइया हवा चलने की संभावना है। इससे राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में नमी महसूस होगी। जहां हवा में नमी के कारण दिन में भी कोहरा जैसी स्थिति बन सकती है। वहीं, आसमान में आंशिक बादल के भी छाए रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है।

वहीं, 26 नवंबर से बनने वाले आंशिक बादल 27 और 28 नवंबर को गहरा सकते हैं। बादलों के आने से न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना कम है और बादल छंटते ही तापमान में गिरावट होनी शुरू हो जायेगी। इसके साथ ही धनबाद, पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिहंभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला समेत अन्य जिलों में असर देखा जायेगा।

**सबसे कम गुमला का तापमान :** पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री गोड्डा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 डिग्री गुमला का रिकॉर्ड किया गया।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 132



12 मनोज बाजपेयी की फिल्म 'जोरम' का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### खुशखबरी : कतर से नौसैनिकों की रिहाई शीघ्र

**कतर।** कतर की अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को दी गयी मौत की सजा के संबंध में भारत सरकार द्वारा दायर अपील को गुरुवार को स्वीकार कर लिया। उम्मीद है कि कोर्ट में जल्द सुनवाई भी शुरू हो सकती है और वे जल्द नौसैनिक रिहा होने वाले हैं।

### जानेमाने फिल्मकार राज कुमार कोहली का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राज कुमार कोहली (93) का शुक्रवार को निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वे सुबह नहाने के लिए बाथरूम गये थे। देर तक वह बाहर नहीं निकले।

### हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी देने वाला धराया

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी देने के आरोप में महाराष्ट्र आतंकवाद-रोधी दस्ते ने शुक्रवार को एक शख्स को केरल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को एक ईमेल भेज हवाई अड्डे के टर्मिनल-दो को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी। ईमेल भेजने वाले ने ऐसा न करने के एवज में बिटकॉइन में 10 लाख अमेरिकी डॉलर की मांग की थी।

### दिल्ली के अस्पताल में करंट से तीन की मौत

**नयी दिल्ली।** रणहौला इलाके में एक निजी अस्पताल में करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। रणहौला के विकास नगर में स्थित अस्पताल के वॉटर टैंक में करंट उतरा था। मरने वाले तीनों अस्पताल के कर्मचारी थे।

### पेड़ से लटका मिला आर्मी जवान का शव

**रांची।** पुलिस ने डोरंडा थाना क्षेत्र के होटल युवराज पैलेस के समीप शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता बरामद किया है। शव की शिनाख़्त आर्मी जवान मनोज सिंह के रूप में हुई है। वे दीपाटोली कैंट से गुरुवार को छुट्टी लेकर अपने घर उत्तराखंड के लिए निकले थे।

### गोड्डा में मलेरिया से चार लोगों की मौत

**गोड्डा।** जिले में मलेरिया से अब तक चार लोगों की मौत हो गयी है। वहीं 100 से अधिक लोग मलेरिया की चपेट में आ गये हैं। जानकारी मिलते ही गोड्डा के मलेरिया प्रभावित इलाके में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और पदाधिकारी कैंप कर रहे हैं।

### राजस्थान में आज चुनाव, 1863 मैदान में

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा की 200 सीटों में से 199 सीटों पर मतदान शनिवार को मतहान होना है। सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। 5 करोड़ से अधिक मतदाता 1863 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। श्रीगंगानगर जिले के करनपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण वहां चुनाव स्थगित किया गया है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## शहीदों को नमन कर मुख्यमंत्री ने शुरू किया सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण

# झारखंड को विकसित राज्य बनायेंगे : हेमंत

- बच्चियों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं, सबके हित में सरकार कर रही कार्य
- युवाओं को अपने पैरों पर खड़े करने की कई योजनाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बरहेट।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद भैरव को नमन कर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इन वीर शहीदों की पावन धरती बरहेट, साहिबगंज में इस मौके सीएम ने कहा कि अधिकारी तमाम कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जायेंगे। पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे। बरहेट में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को सीएम ने कहा कि हर वर्ग और तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी जा रही है। सरकार का लक्ष्य झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों का रिश्ता काफी पुराना है, पर उनको जो चाहिए था, आज तक नहीं मिल सका। हमारी सरकार हमेशा आदिवासियों के साथ खड़ी रहेगी। सीएम ने कहा उनकी सरकार बच्चियों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं नहीं करेगी।

**काफी सफल रहा पिछला चरण :** सीएम ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का पिछला दो चरण काफी सफल रहा। इस दौरान लाखों आवेदन मिले, जिनका निपटारा करने के साथ लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। इन दो अभियानों की सफलता के बाद हमारी सरकार ने फिर से इसे शुरू करने का निर्णय लिया। तीसरे चरण में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक राज्य के सभी पंचायत में शिविर लगाकर लोगों से आवेदन लिये जायेंगे। समस्याओं का निराकरण होगा। सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)



### आदिवासियों के साथ खड़ी है सरकार

सीएम ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों का रिश्ता काफी पुराना है। लेकिन, उन्हें इस अधिकार से हमेशा वंचित करने का प्रयास होता रहा। हमारी सरकार ने अबुआ वीर दिशोम योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा दिया जा रहा है। सरकार आदिवासी और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है। अधिकारी योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जायेंगे और पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे।

**बच्चियां पढ़ाई नहीं छोड़ें :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की बच्चियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। किसी भी कीमत पर बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बच्चियां अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ें। इसके लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। अब एक परिवार में जितनी भी बच्चियां होंगी, सभी को इसका लाभ मिलेगा। उनकी सरकार ने एक परिवार से दो बच्चियों की बाध्यता को खत्म करने का निर्णय लिया है।

## रोशनी से नहाया कृष्णा नगर गुरुद्वारा



फोटो : समीर

### बड़गांई देवोत्थान जतरा में उमड़ी भीड़

**रांची।** देवोत्थान/ प्रबोधिनी एकादशी को भगवान विष्णुजी के जगने को लेकर 1931 में जूठन कविराज के नेतृत्व में रांची के बड़गांई में निर्मित मंदिर/देवोत्थान धाम परिसर में आयोजित जतरा मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शुक्रवार की सुबह से ही पंक्तिबद्ध होकर भगवान शिव की पूजा की और मनोकामना पूर्ण होने का आशीष प्राप्त किया। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा बड़गांई-बूटी स्थित देवोत्थान धाम, जहां एक और अपने ऐतिहासिक विरासत को दर्शाता है।

बड़गांई जतरा मेले का उद्घाटन बड़गांई के ग्राम पुजारी रवि पहान व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु, रांची की पूर्व मेयर डॉ आशा लकड़ा, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, बीजेपी नेता जितेंद्र पटेल, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की, मुख्य संरक्षक डॉ रुद्र नारायण महतो, संरक्षक बन्नू पहान, अध्यक्ष नेपाल महतो, सहित अन्य अतिथियों ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर किया।

# निकासी के अंतिम चरण में आयी बाधा खत्म, काम शुरू

**टनल हादसा : शुक्रवार शाम तक थी सकुशल निकालने की उम्मीद**

**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन पर पूरे देश की नजरें लगी हुई हैं। सुरंग में फंसे श्रमिकों की सकुशल निकासी अंतिम चरण में है। अभी तक 51 मीटर ड्रिलिंग पूरी कर ली गयी है। टनल में 9वां पाइप ड्रिल किया जा रहा है, पर फिलहाल कुछ परेशानियों के कारण ड्रिलिंग के काम को रोक दिया गया था। एनडीएमए सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने बताया कि अड़चनों के कारण शुक्रवार को 'ड्रिलिंग' का काम रोक दिया गया था और ऑगर मशीन द्वारा 'ड्रिलिंग' का काम फिर से शुरू करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

एनएचआईडीसीएल महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया मशीन के आगे बार-बार लोहे की चीजें आने से ड्रिलिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस बीच सीएम धामी भी सिलक्यारा पहुंच गये हैं। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन कार्यों का निरीक्षण किया। इससे पहले पीएमओ के पूर्व सलाहकार और उत्तरकाशी टनल रेस्क्यू साइट पर रेस्क्यू ऑपरेशन को लीड कर रहे भास्कर खुल्बे ने कहा था कि शुक्रवार शाम तक राहत और बचाव कार्य पूरा हो जायेगा। बहुत सावधानी से लगातार काम चल रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही श्रमिक खुले में सांस ले सकेंगे। 13 दिन से टनल में 41 मजदूर फंसे है।



**झारखंड में परिजनों की आंखे पथरायी :** टनल में फंसे झारखंड के करीब 15 मजदूरों हैं। इनमें से तीन मजदूर ऐसे हैं जो राजधानी रांची के रहने वाले हैं। रांची के खिड़ाबेड़ा गांव के रहने वाले अनिल बेदिया, सुखराम बेदिया और राजेंद्र बेदिया के परिजनों की आंखे इंतजार में आंखे पथरा गयी हैं। (शेष पेज 11 पर)

## कार्यकर्ताओं को सीएम ने दिया मजबूती का मंत्र

# राज्य को पीछे धकेलनेवालों को चुनाव में खदेड़ेगी जनता : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पाकुड़ में सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अपने दो दिवसीय पाकुड़ दौरे में सीएम शुक्रवार शाम पहुंचे। शनिवार को वो कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पाकुड़ की बैठक में सीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लाभ दिलाने, संगठन को मजबूत करने की बात कही। सीएम ने कहा कि जिन लोगों और दलों ने राज्य को पीछे धकेलने और गरीबों को और गरीब बनाने का काम किया है उसे चुनाव में यहां की जनता डंडा दिखाने का काम करेगा। उन्होंने उत्तराकाशी के टनल में 15 मजदूर फंसे हैं लेकिन इसकी कोई चिंता केंद्र को नही है।

**हम किसी से डरनेवाले नहीं :** सीएम ने कहा कि आज समस्याओं को खत्म करने, राज्य को आगे बढ़ाने का काम जब हमारी सरकार करने लगी तो विपक्ष कई तरह की बाधा पहुंचाने लगी। यहां तक कि इडी और सीबीआई को पीछे भेज दिया। सीएम ने स्पष्ट कहा कि इन हथकंडों से हमलोग डरनेवाले नहीं हैं। सरकार जनहित में विकास के कार्य करते रहेगी। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में पेंशन की समस्या सबसे बड़ी और विकराल समस्या थी और इस समस्या का समाधान हमारी सरकार ने किया।

## पूरी दुनिया एक परिवार, सबको आर्य बनायेंगे : भागवत

# लड़खड़ाती दुनिया को भारत ही मार्ग दिखायेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के साथ प्रयोगों के बाद लड़खड़ा रही दुनिया को प्रसन्नता और संतोष का मार्ग भारत ही दिखायेगा। संघ प्रमुख थाइलैंड की राजधानी में बैंकॉक तीसरी विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री भागवत ने दुनियाभर के हिंदुओं से अपील की है कि वे एक दूसरे से जुड़ें और मिलकर दुनिया से कड़ी जोड़ें। दुनिया एक परिवार है और हम सबको आर्य बनायेंगे। उन्होंने हिंदुओं से कहा कि वो ऐसा कार्य करें कि लोगों का दिल जीत लें।

**वसुधैव कुटुम्बकम जरूरी :** संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदुओं को वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का प्रसार करने में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, इसके लिए हमें साथ आना होगा, साथ रहना होगा और साथ में काम करना होगा। (शेष पेज 11 पर)

### सबको को जोड़ने का प्रयास



उन्होंने दुनियाभर से आये विचारकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा, हमें हर हिंदू तक पहुंचना होगा, संपर्क साधना होगा। सभी हिंदू मिलकर दुनिया में सभी से संपर्क साधेंगे। हिंदू अधिक से अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं और दुनिया के साथ जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कहा कि आक्रोश, घृणा, घृणा भरे भाषण, द्वेष और अहंकार लोगों को साथ में आने से रोकते हैं। समाज या संगठन को तोड़ देते हैं। वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद ने शंख बजाकर सम्मेलन की शुरुआत की। इसमें 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## अवैध खनन मामले की जांच करने फिर साहिबगंज पहुंची सीबीआइ

# नींबू पहाड़ मामला खंगालेगी कई लोगों से पूछताछ भी संभव

- सीबीआइ की टीम एससी-एसटी थाना भी गयी और वहां से जांच कर वापस लौटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज जिले में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआइ की टीम पहुंच गयी है। चार सदस्यीय टीम नींबू पहाड़ पर अवैध खनन की जांच करेगी। सीबीआइ की टीम एससी-एसटी थाना भी गयी और वहां से जांच कर वापस लौटी। इसके अलावा वह ईडी के प्रमुख गवाह विजय हांसदा और खनन में संलिप्त एसपी, डीसी और खनन पदाधिकारी से भी पूछताछ कर सकती है।

इस मामले में डीसी रामनिवास यादव और जिला खनन अधिकारी विभूति कुमार पर गंभीर आरोप हैं। इडी को प्रभावित करने का आरोप साहिबगंज एसपी नौशाद आलम पर लगा है। ज्ञात हो कि 20 नवंबर को सीबीआइ ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआइ के डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को इस केस का आइओ बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार सीबीआइ शहर के कई नामचीन पत्थर व्यवसायी व कुछ अफसरों से पूछताछ कर सकती है। सीबीआइ के दोबारा यहां पहुंचने से अवैध पत्थर व्यवसायियों में हड़कंप है।




(शेष पेज 11 पर)

# श्रमिक हित में कल से रांची में ट्रेड यूनियनों का महापड़ाव

## केंद्र की नीतियां किसान-मजदूर विरोधी, युवाओं के साथ हो रहा छल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों ने राजभवन के समक्ष 26 नवंबर से आयोजित तीन दिवसीय महापड़ाव की तैयारी पूरी कर ली है। शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रेड यूनियन के शुभेंदु सेन ने बताया कि किसान, मजदूर, युवा किसी के भी सपने को देश में पूरा नहीं किया जा रहा है। स्थिति ये है कि लोग छला हुआ महसूस कर रहे हैं। एक ओर जहां किसानों और मजदूरों के खिलाफ सरकार कानून लाती है। वहीं युवाओं को रोजगार दिलाने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल है। उन्होंने बताया कि महापड़ाव 26 से 28 नवंबर तक होगा। इसका आयोजन संयुक्त किसान मोर्चा और स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर किया जा रहा है। इसके पहले नुक्कड़ नाटक, प्रचार अभियान, पर्चा वितरण, पदयात्रा समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन राज्य भर में किया गया है। अब महापड़ाव कार्यक्रम का आखिरी हिस्सा है।

(शेष पेज 11 पर)



**21 सूत्री मांग :** महापड़ाव का मुख्य मुद्दा 4 लेबर कोड को समाप्त करना, किसानों के लिए वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करना, विनिवेश और एनएमपी के प्रयासों को समाप्त करना, बिजली संशोधन विधेयक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति वापस करना, अनौपचारिक क्षेत्र के कामगार ठेकेदार कामगार एवं स्कीम वर्करों के लिए कानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा, समान काम के लिए समान वेतन, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी समेत अन्य मांग है। सेन के मुताबिक महापड़ाव के तीनों दिन इन संगठनों के करीब पांच पांच हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मजदुर नेता डॉ भालचंद्र कांगो, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेद्र कुमार, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित कई राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे।

# टाटा टेक के आइपीओ ने तोड़ डाले सारे रिकॉर्ड

- अब तक 69 गुना से ज्यादा हो चुका है बुक

**एजेंसी**

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज के आइपीओ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। कंपनी का आइपीओ धूम मचा रहा है और शेयरहोल्डर्स दबा कर टाटा ग्रुप की इसी कंपनी पर दांव लगा रहे हैं। इस साल के मोस्ट वेटिड आइपीओ टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का इश्यू 22 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया था।

खुलने के साथ इस इश्यू को निवेशकों से शानदार रेस्पांस मिला और पहले ही दिन यह 6.54 गुना सब्सक्राइब किया गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार 3042.5 करोड़ के आइपीओ के लिए बोली के पहले दिन टाटा टेक के आइपीओ को 4,50,29,207 शेयरों के मुकाबले 29,43,78,780 शेयरों के लिए बोली मिली। (शेष पेज 11 पर)

## आज का राशिफल 25-11-2023

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : कार्तिक, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : त्रयोदशी 17:23 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : अश्विनी 14:56 बजे समाप्त। **योग** : व्यतीपात 06:23 बजे तक, तदनंतर वरीयान 03:53 बजे रात्रि में समाप्त। **करण** : तैतिल 17:23 बजे तक, तदनंतर गर 04:36 बजे प्रात: में समाप्त। **चंद्रायु** 11.6 घंटे। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-7-8-9

**वृष** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। शुभांक-3-7-9

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। शुभांक-4-8-9

**सिंह** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। समन्वय से काम में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। शुभांक-2-7-8

**धनु** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मकर** : 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में समन्वय बन जाएगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

# छोटे शहरों में भी बढ़ रहा प्री वेडिंग फोटो शूट का क्रेज



**संजीव मिश्र**

**रांची।** महानगरों के बाद प्री-वेडिंग फोटो शूट का क्रेज छोटे शहरों में भी बढ़ता जा रहा है। आज से पांच साल पहले प्री-वेडिंग फोटो शूट बहुत ही कम होता था। वहीं, आजकल ज्यादातर शादियों में इसका प्रयोग हो रहा है। एक बार फिर से विवाह का सीजन शुरू होने वाला है। वेडिंग फोटोग्राफर से संपर्क कर लोग फोटो शूट की जानकारी ले रहे हैं।

प्री-वेडिंग फोटो शूट करने वाले झारखंड फोटॉग्राफर एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य रतन लाल बताते हैं कि आजकल हर किसी को प्री-



रतन लाल

वेडिंग फोटो शूट कराना पसंद है। इसका लोकेशन कस्टमर की पसंद पर डिपेंड करता है। किसी को पहाड़ पसंद है, तो किसी को डैम। साथ ही, हर किसी का अपना बजट है, उसी के तहत वह खर्च कर पाता है। उन्होंने कहा कि प्री-वेडिंग फोटो शूट करने का खर्च 1 लाख से लेकर 5 लाख रुपये तक आता है। इससे आगे का बजट आपके पॉकेट पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि राजधानी में 80 प्रतिशत युवा प्री-वेडिंग फोटो शूट करवा रहे हैं। फोटो शूट अलग-अलग लोकेशन पर किया जाता है। ड्रोन कैमरे व गिंबल कैमरे की मदद से पूरा फोटो शूट किया जाता है। पहले के मुकाबले अब प्री-वेडिंग फोटो शूट बहुत ज्यादा खचीर्ला नहीं है।

**पतरातू घाटी, रामगढ़ घाटी है पसंदीदा स्थान :** प्री-वेडिंग फोटो शूट के लिए पतरातू घाटी, रामगढ़ घाटी, जोन्हा फॉल, दशम फॉल, कांके डैम की खूबसूरत वादियां युवाओं को खूब भा रही हैं।

इसका कारण यह है कि यहां प्राकृतिक खूबसूरती के साथ ही वीडियो शूट के लिए रेस्टोरेंट आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। साथ ही, शहर से नजदीक होने के कारण कम बजट में प्री-वेडिंग फोटो शूट हो जाता है। इसके अलावा, लोगों की पसंद के हिसाब से भी इन इलाकों में पर्याप्त लोकेशन उपलब्ध हैं।

### विवाह के लिए शुभ दिन



**रांची** के मोरहाबादी दुर्गा मंदिर के श्री श्री बाबा भरत दास महाराज ने बताया कि शादियों का सीजन देवउठान एकादशी से शुरू हो गया है, जो 15 दिसंबर तक चलेगा। सितारों की गणना के अनुसार नवंबर में शादी की तारीखें 24, 27, 29 हैं। दिसंबर के महीने में विवाह की तारीखें 3, 4, 7, 8, 10, 13, 14 और 15 हैं, जो विवाह के लिए शुभ दिन हैं।

# आलोक दूबे को सम्मानित करेगी पासवा कोर कमेटी

## डॉ रामेश्वर उरांव एवं सैयद शमायल अहमद होंगे समारोह के मुख्य अतिथि

### पुराना विधानसभा भवन में 29 को होगा कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पासवा कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार को कचहरी डिप्टी पाड़ा में अयोजित की गई। मौके पर कार्यकर्ताओं ने पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे को विधानसभा के 23वीं वर्षगांठ पर सम्मानित होने पर बधाई दी।



बैठक में पासवा कोर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पासवा के किए गए कार्यों के लिए दिया गया सम्मान ने स्पष्ट कर दिया कि झारखंड की शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पासवा के कार्य को सरकार ने भी मान्यता प्रदान कर दी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार पासवा कोर कमेटी 29 नवंबर 2023 को रांची में पुराना विधानसभा भवन में समारोह आयोजित कर आलोक कुमार दूबे को सम्मानित करेगी।

इस सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सहित झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के पदाधिकारी गण सम्मिलित होंगे।

### फलक फातिमा को भी विशिष्ट सम्मान से किया जायेगा सम्मानित

बैठक में प्रदेश महासचिव सुश्री फलक फातिमा, सचिव संजय प्रसाद, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, मो. उस्मान, मसूद कच्छी, नंदिनी कुमारी, अनिकेत कुमार, मो अजहर आलम, ऋषि मयंक, रुपा कुमार, सलोनी कुमारी, संजय तिर्की, दुर्गा उरांव, अमन कुमार यादव, सोनम कुमारी, मोनू कुमार, राहुल कुमार प्रजापति, दीपक कुमार साहू, शुभम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पीएलएफआइ के नाम पर मांगी दस लाख की रंगदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के लापुंग में जल योजना पर काम कर रही एसएनजी बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से पीएलएफआइ उग्रवादियों (उग्रवादी अमृत होरो) ने दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी की राशि नहीं देने पर फौजी कार्रवाई की धमकी दी गई है।

कंपनी के साइट मैनेजर अक्षय कुमार ने इस संबंध में लापुंग थाने में पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीएलएफआइ के नाम पर रंगदारी की मांग की जाने के मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। साइट मैनेजर की ओर से उपलब्ध कराए गए फोन नंबर का कॉल डिटेल पुलिस निकाल रही है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि पीएलएफआइ संगठन द्वारा रंगदारी मांगी जा रही है या फिर कोई अन्य संगठन या व्यक्ति रुपये की मांग कर रहा है।

# सीआइटी में जनजातीय गौरव दिवस आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीआइटी में शुक्रवार को तृतीय जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर विद्यार्थियों के लिए क्विज और सेमिनार का आयोजन किया गया। इवेंट का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में किया गया।



उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ओएसडी डॉ पीएस शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए जनजातीय गौरव दिवस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। क्विज एवं सेमिनार में झारखंड से जुड़े इतिहास, खानपान, वेशभूषा, यहां की संस्कृति आदि से संबंधित चर्चा की गयी एवं इससे संबंधित प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एससी-एसटी, यूबीए व एनएसएस सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मौके पर प्रो पवन राज टुडू व अमोद कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

# पटना-रांची जनशताब्दी के समय यात्रियों को होती है भारी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** समय दिन के पौने दो बजे। दिन गुरुवार। पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर आकर रूकी। यात्रियों की भारी भीड़ सीढ़ी के पास जमा हो गयी। जनशताब्दी ट्रेन से रांची पहुंचनेवाले यात्रियों की भीड़ बाहर निकलने तथा इसी ट्रेन को पकड़ने जानेवाले यात्रियों की हुजूम जमा हो गयी। एक सीढ़ी होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



यहां बता दें कि ट्रेन पटना से आने के बाद जिस प्लेटफार्म पर आकर रूकती है, उसी प्लेटफार्म से फिर पटना के लिए रवाना होती है। आने और जानेवाले यात्रियों की भीड़ के कारण प्लेटफार्म नंबर एक से दूसरे प्लेटफार्म तक की सफर करने में यात्रियों की पसीने छूट जाते हैं। परेशानी तब और उन यात्रियों की बढ़ जाती है, जब उनके साथ बच्चे और लैगेज होता है।

ट्रेन पकड़ने जानेवाले तथा ट्रेन से आनेवाले यात्रियों के लिए एक ही सीढ़ी की सुविधा है। एक ही सीढ़ी है, जो प्लेटफार्म एक पर आती है। इस दौरान यात्रियों को चढ़ने और उतरने के दौरान भारी परेशानी होती है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाएं और बच्चों को भारी भीड़ से होकर गुजरना होता है। कई बार तो इस भीड़ में लोगों को आधे घंटे से ऊपर प्लेटफार्म से बाहर निकलने में समय लग जाती है।

यह स्थिति पिछले एक साल से बनी हुई है। प्लेटफार्म एक पर बनी स्वचालित सीढ़ी बंद रहती है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन उनकी परेशानी को समझे। यात्रियों ने बताया कि भीड़ के दौरान रेलवे पुलिस बल भी नहीं रहती है। यात्री असहज महसूस करते हैं। एक ओर रेलवे प्रशासन यात्री सुविधा को लेकर बड़ी-बड़ी बात करती है, लेकिन ऐसी असुविधाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता। यही स्थिति रही तो किसी दिन अनहोनी हो सकती है।

## बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा में एथलेटिक मीट संपन्न

**रांची।** बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का 24 वां एथलेटिक मीट खेलगांव में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस दौरान खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन महालेखाकार, झारखंड अनूप फ्रांसिस डुंगडुंग ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री डुंगडुंग ने कहा कि शिक्षा और खेल का उचित संयोजन छात्राओं के समग्र विकास में सहायक होता है।

## खबर एक नजर में

### कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले की तैयारी पूर्ण



**रांची।** श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत द्वारा आयेजित होने वाला कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन को लेकर शुक्रवार को श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत की बैठक पंचायत के अध्यक्ष रविन्द्र लाल के अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय श्री रामजानकी मंदिर चर्च रोड रांची में हुई। बैठक का संचालन महासचिव सह मेला संयोजक मुकेश कुमार वर्मा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी स्वर्णरेखा नदी तट चुटिया स्थित इक्कीशो महादेव धाम में सोमवार 27 नवम्बर को मेला का आयोजन होगा। बैठक की जानकारी देते हुए पंचायत के महासचिव सह प्रवक्ता सन्तोष कुमार सोनी ने बताया कि पूर्व की तरह ही इसबार भी पंचायत द्वारा मेला में आने वाले शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में महाभोग का वितरण किया जाएगा।

### सुरंग में फंसे मजदूरों के लिए पहाड़ी मंदिर में हुई पूजा



**रांची।** उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे मजदूरों की सकुशल बाहर निकल जाने की कामना को लेकर शुक्रवार को पहाड़ी मंदिर परिसर में पूजा–पाठ का आयोजन किया गया। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के राजेश कुमार ने बताया कि पहाड़ी बाबा में अटूट बिश्वाश है। देर भले ही हो रही हो परंतु हमारे झारखण्ड के 11 मजदूर और कुल मिलाकर 51 मजदूर जो बहुत हिम्मत और हौसला रखे हुए हैं। देश को उन पर नाज है और बाबा भोलेनाथ खुद उनकी रक्षा करेंगे।

### अनियंत्रित बोलेरो घर में घुसी, चार जख्मी

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के चिरौंदी में शुक्रवार की सुबह एक अनियंत्रित बोलेरो एक घर में घुस गयी। इस हादसे में चार लोग जख्मी हो गये। गंभीर रूप से जख्मी लोगों को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। जानकारी मिलते ही बरियातू थाना पुलिस मौके वारदात पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जब्त कर लिया।

### हिंदपीढ़ी में माता का जागरण आज

**रांची।** हिंदपीढ़ी जागृति समिति की ओर दुर्गापूजा, दीपावली, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ महापर्व की सफलता पूर्वक समाप्ति के उपलक्ष्य में शनिवार को माता का जागरण आयोजित किया गया है। यह आयोजन हिंदपीढ़ी मिडिल स्कूल में होगा। आयोजन को सफल बनाने में सूरज प्रकाश छावड़ा, अमृता शर्मा, नीतीश कुमार सिन्हा, अभय सिन्हा एवं शक्ति रामायण सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सीसीएल में राजभाषा से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सीसीएल द्वारा नराकास, रांची (उपक्रम) के तत्वावधान में शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय के उमंग सभागार में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं निरीक्षण बैठक के दौरान दिए गए आश्वासनों की अनुवर्ती कार्रवाई विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। मौके पर प्रभु प्रसाद, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेल, संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजभाषा, सीसीएल, अभय मिश्र, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीएमपीडीआईएल, बलिराम सिंह, प्रबंधक (सचि./राजभाषा), सीसीएल, डॉ.दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीसीएल सहित नराकास (उपक्रम), रांची के सदस्य कार्यालयों से दो–दो प्रतिभागी उपस्थित थे।

### झारखंड की कला को बढ़ावा देना उद्देश्य : मदन महतो

**रांची।** सिल्ली के छाता टांड मैदान में पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिल्ली के राजा पुष्पेंद्र नाथ शाहदेव ने की। सिल्ली में पांच परगना आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते हुए मदन महतो ने कहा कि झारखंड के कलाकारों को उचित सम्मान दिलाना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम की शोभा यात्रा ग्राम विकास स्कूल से छाता टांड़ मैदान तक निकल गया जिसमें सैकड़ो कलाकारों ने ढोल नगाड़े के साथ अपने–अपने वाद्य यंत्रों के साथ हिस्सा लिया। बताते चले की पंच परगना भाषा में एक फिल्म भी बना है जिसमें क्षेत्रीय भाषा का फिल्म जगत में अपना अलग पहचान बनाएगा।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को जयपाल सिंह स्टेडियम की मांग



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को नगर निगम प्रशासक और अपर प्रशासक से मिले। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में मिला प्रतिनिधिमंडल ने दोनों पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि आगमी 3 जनवरी 2024 में मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड रांची में कराया जाएगा। इस फुटबॉल प्रतियोगिता का नाम मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता रखा गया है। इसी विषय को लेकर केन्द्रीय सरना समिति ने रांची नगर निगम के प्रशासक एवं अपर प्रशासक तीन दिनों के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता करने के लिए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम को देने के लिए आग्रह किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य पहान, जगलाल पहान, विसवास उरांव, मुन्ना लकड़ा उपस्थित थे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रांची के अलकापुरी में स्थित द कार्निवल में शुक्रवार की शाम 5:00 बजे 105वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य, उनके परिवार के सदस्य एवं ग्राहकगण शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि समाजसेवी पद्मश्री अशोक भगत, अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह, उप अंचल प्रमुख आलोक कुमार, उप अंचल प्रमुख विजय कुमार रॉय एवं क्षेत्र प्रमुख सुश्री सोनालिका ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीइओ सुश्री मणि मैखलई ने इस समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 105वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमडी एवं सीइओ ने पांच नये उत्पाद (उड़ान, आइसीसीडब्ल्यू, यूनि पे प्लस, किसान तत्काल एवं स्वनिधि) लांच किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने यूनियन बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने 105 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास एवं उपलब्धियों को वहां उपस्थित गण्यमान्य अतिथि एवं स्टाफ सदस्यों के साथ साझा किया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह ने सभी स्टाफ सदस्यों, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों, ग्राहकों, उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी तथा बैंक के विकास यात्रा से संबंधित तथ्यों और आंकड़े प्रस्तुत करते हुए सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कडरू में पेड़ से लटकता मिला आर्मी जवान का शव

### उत्तराखंड का निवासी था, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू ब्रिज के पास पेड़ से लटकता एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान आर्मी के जवान मनोज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

मनोज सिंह मूल रूप से उत्तराखंड का रहनेवाला बताया था। मनोज की पोस्टिंग जमशेदपुर के सोनारी में था, लेकिन वह दो दिन पहले बूटी मोड़ स्थित दीपाटोली आर्मी कैंप आया था। मनोज सिंह की हत्या की गयी है या फिर उसने आत्महत्या की है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

बताया जाता है कि मनोज सिंह ने रेलवे का टिकट बुक कराया गया था। उनकी ट्रेन गुरुवार रात 12 बजे रांची रेलवे स्टेशन से थी। लेकिन वह शाम छह बजे ही दीपटोली कैंप से निकल गये थे। जसके बाद उनका कुछ पता नहीं चल पाया। हीं आज शुक्रवार दोपहर में उसका शव बरामद हुआ है। इस संबंध में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि आर्मी के जवान का शव बरामद हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पायेगा कि उसकी हत्या की गयी है य फिर उसने आत्महत्या की है। इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये सरस्वती शिशु मंदिर के जनक कृष्ण चंद्र गांधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में सरस्वती शिशु मंदिर के जनक कृष्ण चंद्र गांधी की पुण्यतिथि पर श्री कृष्ण गांधी स्मृति पुरस्कार सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रभात रंजन, शिशु रोग विशेषज्ञ, धुर्वा रांची ने कृष्ण चंद्र गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने बताया कि कृष्ण चंद्र गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक थे। उन्होंने 1952 में गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की थी। मौके पर विद्यालय में सामूहिक देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता हुई। प्रतिभागी भैया/बहनों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची (रिम्स) की सहायता से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आचार्य, समिति के सदस्यगण तथा अभिभावकों ने रक्तदान किया। मौके पर सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एस वेंकट रमन, सदस्य विजय केसरी, सदस्य नर्मदेश्वर मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात राजन, प्राचार्य डॉ संध्या सिंह, उप प्राचार्य ललन कुमार उपस्थित थे।

# मार्केट के बाहर अवैध रूप से लगने लगीं सब्जी की दुकानें

## नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट के दुकानदारों ने नगर निगम कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट के दुकानदार शुक्रवार दोपहर में नगर निगम कार्यालय पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन किया। दुकानदारों का कहना है कि मार्केट के बाहर कई सब्जी विक्रेता बिना अनुमति के अवैध तरीके से अपनी दुकानें लगा रहे हैं। ऐसे में ज्यादातर ग्राहक बाहर से ही सब्जी खरीद कर चले जाते हैं। इससे उनको हर दिन नुकसान उठाना पड़ रहा है। विक्रेताओं का कहना है कि नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाने की कई बार शिकायत की गयी लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहा है। कभी छत जर्जर होने के कारण पानी का रिसाव होता है तो कभी गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है।

**एक साल से बिना सुपरवाइजर के मार्केट :** बता दें कि नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट 12 करोड़ की लागत से बना है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले एक साल से मार्केट बिना सुपरवाइजर के चल रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नियुक्त लोगों से मार्केट की देखरेख करायी जा रही है। इसके साथ ही वार्ड सुपरवाइजर को भी हर दिन मार्केट में विजिट करने का आदेश दिया गया है।



### इंफोर्समेंट टीम भेजकर हटायी जायेंगी अवैध दुकानें : सहायक नगर आयुक्त

नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त निकेश कुमार ने कहा कि इनफोर्समेंट टीम को भेजकर सब्जी मार्केट के बाहर अवैध तरीके से लगाये जा रहे दुकानों को हटाया जायेगा। इकसी शिकायत कई दिनों से मिल रही थी। उन्होंने कहा कि इनफोर्समेंट टीम में लोगों की कमी है, इसलिए इसमें समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि बाजार शाखा से बातकर जल्द से जल्द स्थायी सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी ताकि मार्केट की देखरेख सही तरीके से हो सके।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-109-110-2023**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), रांची के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं., सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार है: **(1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-109-2023**, हटिया-ओरगा खंड में कनारावं (केएनआरएन)-तातो (टीएएक्स) स्टेशनों के बीच किमी 530/23-531/1 पर अतिक्रमण के स्थान में किमी 531/2-3 पर नॉर्मल हाइट सबवे का प्रावधान। **निविदा मूल्य: रु.9,49,71,942.68**, **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-110-2023**, रांची-मुरी (डीएल) खंड में नामकुम-रांची स्टेशनों के बीच किमी 415/10-12 पर अतिक्रमण के स्थान में किमी 415/8-10 पर लिमिटेड हाइट सबवे का प्रावधान। **निविदा मूल्य: रु.5,63,13,982.09**, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.12.2023 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। **(PR-855)**


## रांची के उपायुक्त पहुंचे लापुंग प्रखंड और पात्र लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्ति

# योजनाओं के बारे में लोगों को उनकी भाषा में समझाएं अधिकारी : उपायुक्त

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/लापुंग।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुक्रवार से शुरूआत हो गयी। पहले दिन उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा जिला के सुदूर लापुंग प्रखण्ड में आयोजित शिविर में पहुंचे। डाड़ी पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचे लोगों को कार्यक्रम और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी। उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि आपकी अपनी मेहतन आपकी सबसे बड़ी पूंजी है, सरकार की ओर से अवसर का पूरा लाभ उठायें। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। शिविर में जनप्रतिनिधि, उपायुक्त और बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। कल्याण मंच से सावित्री बाई फुले किशारी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती-लुंगी साड़ी योजना, साईकिल वितरण, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया। उपायुक्त ने लाभुकों से बातचीत भी की। शिविर में 24 साल सजा काट जेल से बाहर आये व्यक्ति को ऑन द स्पॉट पेंशन योजना का लाभ मिला। सेमर टोली के रहने वाले झुकी पाहन को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने लाभुक से बात करते हुए कहा कि अब सम्मानजनक जीवन जीएं।



### योग्य व्यक्ति को लाभ दिलाने में किसी भी तरह की कमी न रखें : उपायुक्त

उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि कैंप में आये नागरिकों को उनकी भाषा में योजनाओं की जानकारी दें ताकि योग्य व्यक्ति अपनी क्षमता के अनसुार योजनाओं का लाभ लेने के लिए समक्ष हों। उपायुक्त ने कहा कि योग्य व्यक्ति को लाभ दिलाने में किसी भी तरह की कमी न रखें, किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो जिला प्रशासन को अवगत करायें।

### लगान रसीद नहीं कटने की मिली शिकायत

शिविर में लगे स्टॉल के निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति जमीन की लगान रसीद नहीं कटने की शिकायत लेकर उपायुक्त के पास पहुंचा। ग्रामीण की शिकायत सुनने के बाद उपायुक्त ने भू-राजस्व के स्टॉल पर उपस्थित अंचलकर्मी को फौरन शिकायत का निष्पादन करने को कहा।

### शिविर में लगे सभी स्टॉलों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विशेषकर अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी ली। प्राप्त आवेदनों को बरीकी से जांचते हुए उन्होंने आवेदकों से भी बात की एवं पोर्टल में इंट्री की प्रक्रिया के बारे में उपस्थित कर्मी से पूछा। प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया।

### भूमि संरक्षण पदाधिकारी को समस्या के समाधान का दिया ऑन द स्पॉट निर्देश

पंचायत भवन के बाहर उपायुक्त से महिलाओं का समूह मिला। महिलाओं ने सामुदायिक भवन और तालाब के लिए उपायुक्त को आवेदन दिया। जिस पर उपायुक्त ने भूमि संरक्षण पदाधिकारी को आवेदन के निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने महिलाओं से कहा कि सभी योग्य लोगों को प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा।

### स्कूल का निरीक्षण

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने डाड़ी पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया। स्कूल के प्रिंसिपल ने उपायुक्त से बच्चों के लिए बेहतर बुनियादी व्यवस्था हेतु कई बातें रखीं, जिस पर उन्होंने प्रक्रिया के तहत कार्य किये जाने की बात कही।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/ RAMGARH F2 - 03/2023-24 Date :- 24/11/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on NayaheerNala Near Lewatand, Block-Gola, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 54.984 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 07/12/2023 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 21/12/2023 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 21/12/2023 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 22/12/2023 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/- कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR311962 (Minor Irrigation)23-24*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/ RAMGARH F2 - 01/2023-24 Date :- 24/11/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Gomati Nala Near Betulkalan, Block- Gola, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 52.141 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 07/12/2023 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 21/12/2023 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 21/12/2023 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 22/12/2023 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/- कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR311960 (Minor Irrigation)23-24*D


### सड़क दुर्घटना में घायल हाइकोर्ट के अधिवक्ता का निधन



**रांची।** आठ नवंबर को सड़क दुर्घटना के बाद रिम्स में भर्ती रातू थाना क्षेत्र के कमड़े निवासी अंकित तिवारी का शुक्रवार को निधन हो गया। 32 वर्षीय अंकित कुमार तिवारी झारखंड हाइकोर्ट में वकालत कर रहे थे। 8 नवंबर को वे हाइकोर्ट से रातू के कमड़े स्थित अपने आवास वापस लौट रहे थे। इस दौरान नयासराय के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये थे। घायल अवस्था में उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के क्रम में कल उनका निधन हो गया। उनके असमय निधन पर हाइकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। धीरज कुमार ने कहा है कि अंकित तिवारी बहुत ही सुलझे हुए प्रगतिशील अधिवक्ता के साथ-साथ अच्छे इंसान भी थे। इनका असमय चले जाना अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## यूपी में बन रही थी झारखंड में नक्सलियों को स्थापित करने की योजना

# महिला नक्सली समेत पांच गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तरप्रदेश एटीएस की गिरफ्त में आये नक्सलियों ने झारखंड में नक्सली संगठन के विस्तार के बारे में खुलासा हुआ है। पकड़े गये नक्सलियों ने इसके लिए यूपी के बलिया में गोपनीय बैठक भी हो रही थी। पांच नक्सलियों तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी वहां पर योजना को अंजाम देने में जुटे थे। सभी नक्सली केंद्रीय कमेटी के नेताओं के इशारे पर बलिया, आजमगढ़, वाराणसी और चंदौली को केंद्र बना कर यूपी में नक्सली गतिविधियां बढ़ा रहे थे। इसके अलावा यूपी के बलिया, मिजार्पुर, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली के अलावा बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों में नक्सली गतिविधियों को विस्तार देते हुए भाकपा माओवादी का शासन स्थापित करने की साजिश रची जा रही थी। उनके पास से बरामद डायरी में बीते दिनों एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों के नाम और संगठन को होने वाली फंडिंग का ब्योरा भी मिला था। इस केस को अब एनआईए ने टेकओवर कर जांच शुरू कर दी है।



**केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा ने एडहॉक कमेटी बनाई थी**

जांच में सामने आया है कि सीपीआई माओवादी नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा (गिरफ्तार) एडहॉक कमेटी बनाई थी। संगठन के सचिव बलिया निवासी संतोष वर्मा उर्फ मंतोष के जरिए लगातार पूर्वांचल के कई जिलों में महिलाओं और पुरुषों की भर्ती किया जा रहा था। साथ ही, पूर्वांचल में किसी सरकार विरोधी आंदोलन को चुन कर उसको सशस्त्र आंदोलन में बदलने की साजिश रची जा रही थी। इसके लिए जंगल में हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था।

**चंदा, लेवी, वसूली तथा हथियार एकत्र कर रही थी तारा देवी**

गिरफ्तार नक्सली तारा देवी 18 साल से नक्सली घटनाओं में शामिल रही है। वह नये सक्रिय सदस्यों की भर्ती के लिए नक्सल के एमओ और मुखौटा संगठनों के साथियों के साथ मिल कर काम कर रही थी। भूमिगत सदस्यों के साथ नये लोगों की भर्ती कर रही थी। उनका उद्देश्य भारत सरकार के खिलाफ नक्सली विचारधारा के लोगों को जुटा कर सशस्त्र विद्रोह के जरिए सरकारी व्यवस्था को उखाड़ना था। वह नक्सलियों की सरकार स्थापित करने के लिए भाकपा माओवादी के लिए चंदा व लेवी वसूलने व हथियार जमा कर रही थी।

### सीसीएल में जीएम सहित कई अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**रांची।** कोल इंडिया कि सहायक कंपनी सीसीएल में जीएम सहित कई अफसरों की ट्रांसफर और पोस्टिंग की गई है। कुछ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसका आदेश मुख्यालय स्थित अधिकरी स्थापना शाखा ने जारी कर दिया है। इसके तहत मुख्यालय में माइनिंग संवर्ग के जीएम (सिक्योरिटी) रहे के रामाकृष्णन का तबादला बीएंडके एरिया में किया गया है। वहीं मुख्यालय में माइनिंग संवर्ग के जीएम (आरएंडडी) आरके सिन्हा को सिक्योरिटी डिपार्टमेंट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बीसीसीएल से तबादला होकर सीसीएल आई सीनियर मैनेजर (पर्सनल) श्रीमती रूबी रंजन की पोस्टिंग मुख्यालय स्थित आईआर डिपार्टमेंट में किया गया है।

### आज आधी रांची में तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** नामकुम सबस्टेशन में आज मरम्मत कार्य के कारण चुटिया, केतारी बगान, कुसई, डोरंडा पूर्वी भाग, टाटीसिलवे, नामकुम, विकास, नेवरी, कोकर ग्रामीण-शहरी, मेन रोड, खेलगांव, नामकुम ग्रामीण, बरियातू रोड, रिम्स, गाड़ी, दीपा टोली, कांटा टोली, बहूबाजार, लोवाडीह, नेताजी नगर, आजाद बस्ती में तीन घंटे बिजली नहीं रहेगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़।**

**सूचना**

एतद द्वारा सभी लाभूकों को सूचित किया जाता है कि माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत कुज्जु ग्रामीण जलापूर्ति योजना NHAI के द्वारा पाईप लाईन सिपिटिंग के कारण दिनांक 24.11.2023 से 02.12.2023 तक जलापूर्ति बंद रहेगी।

ह०/- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़।

PR 311931 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची -834004, झारखण्ड

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या:- **151 /2023-24** दिनांक :- 23.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAM-01 / 2023-24 | पतरातू | 1 | हफुआ पंचायत के हफुआ पंचायत भवन से बटुका शिव मंदिर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-1.400 कि०मी०) | 1346.981 | तेरह करोड़ छियालीस लाख अन्ठानवे हजार एक सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | पतरातू | 2 | सोलिया ग्राम (औद्योगिक क्षेत्र) से पलानी झरना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-2.900 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 3 | पिरी से तेलियातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-4.800 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 4 | हफुआ हरिया टोला से औराम चंडाल टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-2.250 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 5 | बरकाकाना ग्राम से मसमोहना भाया पिरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-3.250 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 6 | तालाटांड़ मेन रोड से तिरिलबेढ़ा (बेती मोड़ से तालाटांड़) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०- 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 7 | मतगामा रेलवे फाटक से मन्दाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-1.900 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 8 | रोचाप डोकाटांड़ से टोकी सुद रेलवे स्टेशन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-3.400 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 9 | पलानी मध्य स्कूल से करमटोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-1.250 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 10 | तालाटांड़ से बेती मोड़ से हरीहरपुर रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० - 2.000 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 11 | सालगो से सुथरपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० - 1.300 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | 12 | तालाटांड़ मुख्य पथ से तालाटांड़ मुख्य पथ भाया शिवमंदिर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० - 1.250 कि०मी०) | | | |
| | | पतरातू | | धनकतरा सालगो से करमडमटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०-1.600 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:-**28.11.2023**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- **13.12.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-**14.12.2023** अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:-मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची-834004, झारखण्ड।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०- ......................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR311947 (Rural Work Department)23-24*D


# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा आज मनायेगा प्रकाश पर्व, कृष्णा नगर कॉलोनी में सजेगा दीवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में आज मनाया जाएगा। इस मौके पर आज सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा, जिसमें सिख पंथ के विश्व विख्यात कीर्तन जत्था भाई अमरजीत सिंह तान तथा भाई अमनदीप सिंह लुधियाना वाले तथा भाई ओंकार सिंह दरबार साहिब अमृतसर वाले विशेष रूप से शिरकत करेंगे। सत्संग सभा द्वारा इस आयोजन के लिए तेरह हजार स्क्वायर फीट का दीवान हॉल तथा तीस हजार स्क्वायर फीट का लंगर हॉल बनाया गया है। इस आयोजन में दस हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। विशेष दीवान की समाप्ति के तुरंत बाद दोपहर 2:30 बजे गुरुद्वारा मैदान, कृष्णा नगर कॉलोनी से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो रातु रोड, प्यादा टोली, महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, डेली मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स, रोशपा टावर, लाला लाजपत राय चौक से होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचकर रात नौ बजे विसर्जित होगा। यह जानकारी सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने जानकारी दी कि गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब की साफ सफाई पूरी हो चुकी है। गुरुद्वारा मैदान में भव्य दीवान हॉल तथा लंगर हॉल का पंडाल बनकर तैयार है।



### नगर कीर्तन को लेकर यातायात में आज बदलाव




आज दिन के 1 बजे से रात 8 बजे तक शहर के विभिन्न मार्गों पर जुलूस निकाला जायेगा। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने रोड डायवर्सन प्लान जारी किया है। पिस्का मोड़-रातू दुर्गा मंदिर चौक, न्यू मार्केट चौक-किशोरी यादव चौक-महावीर मंदिर चौक (अपर बाजार)-शहीद चौक-फिरायालाल चौक-सुजाता चौक तक की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

# चीन को झटका

चीन-अमरीका सहित कई विकसित देश आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां भारत के विकास दर अनुमान को बढ़ा रही है। ग्लोबल रेटिंग फिच ने मिड टर्म में भारत के आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। वहीं चीन के जीडीपी ग्रोथ 5.3 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया है। जिससे पता चला कि कैसे विदेशी कंपनियां भू-राजनीतिक तनाव और अन्य जगहों पर उच्च ब्याज दरों के कारण देश से पैसा खींच रही हैं। देश के विदेशी मुद्रा प्रशासन ने कहा कि भुगतान संतुलन में चीन की प्रत्यक्ष निवेश देनदारियों में तीसरी तिमाही में 11.8 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। यह उपाय चीन में विदेशी स्वामित्व वाली संस्थाओं से जुड़े मौद्रिक प्रवाह को रिकॉर्ड करता है। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि भुगतान संतुलन के उपाय द्वारा एफडीआई में गिरावट विदेशी कंपनियों द्वारा चीन में किए गए मुनाफे को देश में फिर से निवेश करने की कम इच्छा को दशार्ती है। ऐसा पश्चिम के साथ तनावपूर्ण संबंधों और विदेशों में नकदी रखने के बढ़ते आकर्षण के कारण है। उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ ब्याज दरें बढ़ा रही हैं जबकि चीन अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए उनमें कटौती कर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी चीन के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह का अन्य मुख्य उपाय, इस वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में 920 बिलियन युआन ($125.8 बिलियन) तक पहुंच गया, जो 2022 की इसी अवधि की तुलना में 8.4% कम है। पेंथियन मैक्रोइकॉनॉमिक्स के मुख्य चीन अर्थशास्त्री डंकन रिगले के अनुसार संभवतः यह विदेशी कंपनियों को चीन से कमाई वापस लाने को दशार्ता है, अमेरिका और यूरोपीय कंपनियां अपना पैसा किसी न किसी प्रकार खींच रही है जिससे चीन की परेशानी बढ़ गयी है।

# आधी आबादी को कोसना

महिलाओं को लेकर टिप्पणी करना और उस पर उबाल आना देश की परम्परा सी बन गयी है। कोई हिजाब की बात करता है तो कोई कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर टिप्पणी करता है। अभी बिहार के सीएम की टिप्पणी पर भी पूरे देश में हंगामा मच गया। आज भी मानसिक रुप से औरत उपभोक्ता सामग्री की तरह इस्तेमाल की जाती है। भारत में तो हम इस बात पर गर्व भी करते हैं कि यहां दुनिया के कई विकसित और लोकतांत्रिक देशों से पहले महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला है। वैसे तीरथ सिंह रावत जिन संस्कारों पर फटी जींस के कारण खतरा देख रहे हैं, वही संस्कार ये भी सिखाते हैं कि किसी पराई स्त्री पर नजर नहीं डालनी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में जुलाई तक महिलाओं के खिलाफ हिंसा की 2,914 रिपोर्ट दर्ज हुई है, इन में घरेलू हिंसा, बलात्कार, अपहरण और दहेज हत्या के मामले शामिल हैं, वहीं एनसीआरबी के अनुसार 2019 में देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सात प्रतिशत बढ़ी हैं। अब हम 2021 के तीसरे महीने के आखिर में आ चुके हैं और अब तक न जाने इन अपराधों में कितनी बढ़ोतरी हो चुकी होगी। सोशल मीडिया पर कई रसूखदार महिलाएं रिप्ड जींस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर कर रही हैं। ये गुस्सा जायज है, लेकिन इसका असर कितनी दूर और कितनी देर तक रहेगा, ये सोचना चाहिए। कपड़ों से संस्कार और महिला की इज्जत का संबंध जोड़ने वाले लोग समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा चुके हैं। सवाल यह है कि आधी आबादी आर्थिक स्तर पर सक्षम बनें और बेहतर शिक्षा ग्रहण करे इसे समझने के बजाए गैरजरूरी चीजों में उलझने का एक नया विरोध सामने आया है। सबसे चिंताजनक इस विरोध का व्यापक होना है। यह तय है कि महिलाओं के विकास और आर्थिक बल के बिना भारत विश्व शक्ति नहीं बन सकता।

# जनकल्याण के मकसदवाली पूंजी की सीमा



**पिछले** सप्ताह की दो खबरों पर गौर करें। पहली यह कि घाटे में चल रही अक्षय ऊर्जा कंपनी सुजलॉन एनर्जी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनैंस कॉपोर्रेशन से 4,200 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की है। दूसरी खबर में जीवाश्म ईंधन वाली दिग्गज कंपनी बीपी ने आठ वर्षों में अपना उच्चतम मुनाफा दर्ज किया है। सुजलॉन के संकट और बीपी के अच्छे मुनाफे के बीच का अंतर काफी कुछ बयां कर रहा है।


सुजलॉन का घाटा बढ़ने की असली वजह, परिचालन से जुड़ी दिक्कतों मसलन कच्चे माल की लागत बढंने परियोजनाओं की भरमार दिखने के साथ ही पवन ऊर्जा पर शुल्क का दबाव बढ़ है। जबकि बीपी को, यूक्रेन में भू-राजनीतिक संकट की वजह से तेल और गैस की कीमतों में आई तेजी का फायदा उठाने का मौका मिला है।

सुजलॉन ने पर्यावरण, समाज और संचालन (ईएसजी) में निवेश करने का शुरूआती रुझान दिखाया था। इसकी नाकामी ईएसजी निवेश से जुड़े जोखिमों को भी उजागर करती है। हालांकि इस निवेश की रफ्तार जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के बाद बढ़ी है।

इस विंड टर्बाइन निमार्ता कंपनी का 6,640 करोड़ रुपये का कर्ज है और इसमें आईडीएफसी पीई, ओलिंपस और एशिया क्लाइमेट पार्टनर्स जैसी ब्लू-चिप निजी इक्विटी कंपनियों और यहां तक कि सन फार्मा के दिलीप सांघवी की दिलचस्पी भी थी। अमेरिका में इसकी सहायक कंपनी ने दिवालिया होने की अर्जी दी है और कंपनी ने सरकारी राहत पैकेज की मांग की है।

दुनिया भर में ईएसजी में निवेश को वैश्विक निवेश की निरंतरता के संदर्भ में देखा जा सकता है जिसमें 21वीं सदी के शुरूआती दौर के लेखा से जुड़ी धोखाधड़ी जैसे कि एनरॉन, वर्ल्डकॉम, फ्रेडी मैक, एआईजी जैसे मामलों में तेजी आई। शीत युद्ध के दौर में साम्यवाद पर पूंजीवाद की जीत के लगभग एक दशक बाद हुए ये घोटाले स्वतंत्र उद्यमों के अनैतिक पक्ष की याद दिलाते हैं।

दावोस और अन्य वैश्विक वार्ता मंचों की चर्चा, पूंजीवाद को बचाने के तरीकों पर केंद्रित रही और इसके तहत ही उभरते बाजारों में ऐसे निवेश पर जोर देने की बात हुई जिसमें मुनाफा कमाने के साथ ही अच्छा काम भी किया जाए। मसलन गरीबी दूर करने जैसे अभियान के लिए 'अनुकंपा या उदार पूंजी' और 'प्रभाव निवेश' की धारणाएं उभरीं। इन अवधारणाओं के मुताबिक पूंजीवाद को केवल मुनाफे की ताकत नहीं बनना चाहिए, बल्कि बेहतर सामाजिक प्रभाव का एक स्रोत भी होना चाहिए।



-कनिका दत्ता

> हैरानी की बात यह है कि 2008 के वित्तीय संकट ने पुनर्विचार का मौका नहीं दिया जबकि यह संकट ही पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों को ज्यादा आवास ऋण देने की वजह से पैदा हुआ था। इस संकट ने लेखा-जोखा और जवाबदेही से जुड़े पुराने जोखिम को फिर से जगजाहिर किया। यही बात सामुदायिक विकास या पर्यावरण के विकास में असर डालने वाले निवेश पर भी लागू हुई।

बिल गेट्स इस अवधारणा के शुरूआती समर्थकों में थे। सामुदायिक विकास के मकसद से अनुकंपा वाली पूंजी की विशाल मात्रा वैश्विक बाजारों में आ गई जिससे गरीब देशों में स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और शिक्षा पर केंद्रित प्रभाव डालने वाले निवेश फंड का दायरा बढ़ा।

नए युग के पूंजीपतियों ने प्रबंधन गुरु सी के प्रह्लाद से प्रमाणित सिद्धांत हासिल किया। उन्होंने, 'दि फॉर्च्यून एट दि बॉटम ऑफ द पिरामिड' लिखा जिसमें गरीबों की मदद करने और मुनाफा कमाने के लिए तर्क दिया गया। कई केस स्टडी में 'गरीबों की मदद करने' वाला हिस्सा दरअसल 'लाभ कमाने' के हिस्से के बाद का विचार प्रतीत होता है।

हैरानी की बात यह है कि 2008 के वित्तीय संकट ने पुनर्विचार का मौका नहीं दिया जबकि यह संकट ही पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों को ज्यादा आवास ऋण देने की वजह से पैदा हुआ था। इस संकट ने लेखा-जोखा और जवाबदेही से जुड़े पुराने जोखिम को फिर से जगजाहिर किया। यही बात सामुदायिक विकास या पर्यावरण के विकास में असर डालने वाले निवेश पर भी लागू हुई।

ये निवेश उन देशों में किए गए जहां कमजोर कानून या कानून की उपस्थिति न के बराबर थी और संस्थागत शासन तंत्र के साथ-साथ बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा था। अब ऐसे हालात में यह कैसे निर्धारित किया जाए कि गरीबों का एक अस्पताल या एक बिजली संयंत्र उस उदार और अनुकंपा वाली पूंजी की सफलता का परिचायक था?

इसका जवाब स्पष्ट नहीं था और इसी वजह से विश्व स्तरीय फजीर्वाड़ा करने वाले अबराज कैपिटल के पाकिस्तानी संस्थापक आरिफ नकवी जैसे लोगों के लिए दरवाजे खुल गए। वैश्विक गरीबी को खत्म करने के लिए पहले पूंजी निवेश और मुनाफा बनाने की इस सम्मोहक कहानी ने बिल गेट्स, एडगर ब्रॉनफमैन, जॉन केरी, प्रिंस चार्ल्स, क्लॉज श्वाब, बैंक ऑफ अमेरिका, मैकिंजी, केपीएमजी, हैमिल्टन लेन, विश्व बैंक के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की सरकारों को भी बेवकूफ बनाया। अबराज ने भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, घाना, तुर्की और कई अन्य देशों की कल्याणकारी परियोजनाओं के लिए शीर्ष वैश्विक निवेशकों से पूंजी जुटाई और इसके लिए वैसी फर्जी कहानी बुनी गई जो दुनिया के अमीर निवेशक सुनने के लिए और निवेश के लिए भी तैयार थे।

हालांकि ऐसा नहीं है कि ईएसजी फंड का पूरा उद्गम ही फर्जी है। लेकिन तथ्य यह है कि जलवायु परिवर्तन के एजेंडे के समर्थन से वास्तव में ईएसजी निवेश में तेजी आती है जो असरदार निवेश तो है लेकिन साथ ही इसमें सतर्कता का स्तर बढ ?ा चाहिए। पिछले साल मई में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने एक ईएसजी-केंद्रित जोखिम वाली चेतावनी जारी की जो अपर्याप्त खुलासा, भ्रामक दावों और ईएसजी निवेश विश्लेषण की अपर्याप्त जानकारी के संकेत देती है।

यह एक समस्या है। दूसरी समस्या बदलने वाली राष्ट्रीय नीतियां हैं, विशेष रूप से उभरते बाजारों में जहां निवेश का अंदाजा लगाना मुश्किल है। उदाहरण के लिए, भारत में विनियमित ऊर्जा मूल्य निर्धारण की लंबे समय से दिख रही समस्याएं अक्षय ऊर्जा कारोबार में जटिलता की परतों को जोड़ती हैं। इसी तरह ज्यादा जीवाश्म ईंधन का उपयोग करने वाली कंपनियां अक्षय ऊर्जा से मिलने वाली बिजली में मामूली निवेश या कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व वाली परियोजनाओं पर जोर देना चाहती हैं ताकि ईएसजी पूंजी हासिल की जा सके।

## खास बात

### विनिवेश लक्ष्य पीछे

इस बात की बड़ी कम संभावना है कि भारत वर्तमान वित्त वर्ष में सरकारी कंपनियों की नियोजित बिक्री से अपने लक्ष्य की आधी आय भी जुटाने में सफल रहेगा। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश लगातार पांचवें साल विनिवेश लक्ष्य से चूक जाएगा और ऐसा इसलिए होगा क्योंकि चुनावों के कारण सरकार की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं।

गौरतलब है कि देश में 2024 का लोकसभा चुनाव होने वाला है। इसको लेकर महज कुछ ही महीने बचे हुए हैं। इस बीच, दो सरकारी सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि सरकार 2023-24 में अपने डिसइन्वेस्टमेंट टॉरगेट से 30,000 करोड़ रुपये (3.60 बिलियन डॉलर) पीछे रह सकती है। भारत ने मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य रखा था।

दो कंपनियों से पैसा जुटाने का था प्लान

वित्त वर्ष 23-24 में, 51,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से लगभग 30,000 करोड़ रुपये आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की बिक्री और राज्य के स्वामित्व वाली एनएमडीसी स्टील के निजीकरण यानी प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से मिलने की उम्मीद थी।

**चुनावों और अन्य वजहों से नहीं होगा निजीकरण**

राज्य के विधानसभा चुनावों और अगली गर्मियों में लोकसभा चुनावों की वजह से ठटऊउ रशीह्न की बिक्री इस साल पूरी नहीं होगी। कंपनी का मुख्य प्लांट खनिज समृद्ध राज्य छत्तीसगढ़ में है और यहां यूनियनों ने बिक्री का विरोध किया है।

हालांकि भारत भले ही चालू वित्त वर्ष में यह अभी भी कुछ छोटे विनिवेश हासिल कर सकता है, लेकिन यह अभी भी अपने कुल लक्ष्य के आधे से काफी कम होगा।

**इस वजह से मोदी सरकार नहीं बेच पाई कंपनियां**

मोदी सरकार 2019 के बाद से स्टील, फर्टिलाइजर और तेल व गैस सहित कई क्षेत्रों में कंपनियों को बेचने की योजना पर अमल नहीं कर पाई है, जिसकी मुख्य वजह जमीन के मालिकों और यूनियन के विरोध जैसे मुद्दे हैं।

निजीकरण नीति में राजनीतिक रुचि की कमी के कारण अगले छह महीनों के लिए विनिवेश और निजीकरण को भूल जाइए।

# इन्द्रजीत का वध

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**क्रोध** में आकर वह सीधे युद्धभूमि में अपना प्रहार शुरू किया। वह जितनी भी एक से एक सिद्धियों का जनकार था, बाणों का जानकार था वह उसका प्रयोग कर रहा था। प्रत्येक स्थिति में वह चाहता था कि मैं विजय प्राप्त करूं। एक बार फिर वह लक्ष्मण जी को बेहोश कर मूर्छित कर दिया। लेकिन लक्ष्मण जल्दी ही स्वस्थ्य हो गये। युद्ध के दरम्यान हनुमान जी ने उसके छाती पर प्रहार कर मेघनाथ को मूर्छित कर दिया लेकिन वह फिर से जग गया। वह अंतिम रुप से सारी शक्ति लगाकर युद्ध कर रहा था। लक्ष्मण जी ने देखा कि इसे मैंने बहुत मौका दे दिया अब इसका संहार मैं करूंगा। संसारका संकल्प करकेउसकी मृत्यु को लक्ष्य करके उन्होंने ऐसा बाण छोड़ा कि मेघनाथ का सर कटकर युद्ध भूमि में गिर गया। मेघनाथ के मारे जाने के बाद रावण की सेना डर के मारे भाग चली। यह खबर मेधनाथ की पत्नी सुलोचना को मिली कि मेधनाथ मारा गया तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। वह समझती थी कि मेघनाथ को कोई पराजित नहीं कर सकता है। इन्द्र को पराजित करने वाला यह वीर कैसे मारा गया। यह सोचकर वह सीधे मंदोदरी के पास गयी। वह बोली माता मेरा दो प्रश्न है ?मैं सुनी हूं कि लक्ष्मण जी पत्नी उर्मिला पति के लिये ब्रत करती है तो क्या वह ब्रत करने में मुझसे श्रेष्ठ है? फिर मेरे पति का बध कैसे हो गया? दूसरा प्रश्न है कि क्या लक्ष्मण मेघनाथ की अपेक्षा अधिक बलवान है कि उन्होंने इनका वघ कर दिया।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

'ऑपरेशन कायाकल्प' के अंतर्गत हम लोगों ने जैसे बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य किया है, वैसे ही आंगनबाड़ी केंद्रों का भी कायाकल्प हो रहा है...

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

## रोचक ट्वीट

**चिरंजीवी** योजना - 50 लाख तक मुफ्त इलाज, भारत की सबसे बेहतरीन योजना! महात्मा गांधी अस्पताल में लाभार्थी मरीज और उनके परिवार खुद इस बात पर मुहर लगा रहे हैं। मोदी जी, इसे कहते हैं गारंटी हमारे राजस्थान में।

**-राहुल गांधी, सांसद**





10 करोड़ से अधिक एलपीजी गैस कनेक्शन, 13 करोड़ से अधिक नल से जल कनेक्शन, 4 करोड़ महिलाओं को अपने घर का स्वामित्व, महिला उद्यमियों को 30 लाख करोड़ रुपये का ऋण जैसी पहलों द्वारा सशक्तिकरण।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# आखिर धर्म के नाम पर इंसानियत का बंटवारा क्यों?

## विचार

**- अतुल मलिकराम**

धर्म क्या है? पहले यह जान लेते हैं श्रीकृष्ण ने महाभारत में कहा है

**धारणाद धर्ममित्याहु:,धर्मो धार्यते**

अर्थात धारण करने योग्य अच्छे गुण ही धर्म हैं। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, यहूदी, जैन आदि धर्म नहीं, बल्कि व्यक्ति विशेष द्वारा बनाई गई विचारधाराएँ हैं। जिसे सभी लोग धर्म समझते हैं, वह धर्म नहीं सांप्रदायिकता है। सांप्रदायिकता हमेशा परिवार स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अंतर्विरोध ही खड़ा करती है।

सबसे पहले एक ही धर्म था, वह था मनुष्य और इंसानियत का धर्म। सम्पूर्ण मानव जाति एक ही मां की संतान है, लेकिन आज वह संतान और उसकी इंसानियत कई सारे धर्मों में बंट चुकी है। जैसे किसी एक नदी की उत्पत्ति होती है और वह अपने मार्ग से आते-आते अन्य मार्गों से टूट कर कई उपनदियों में परिणत हो जाती है और इनके नाम अलग हो जाते हैं। फिर ये ही उपनदियाँ एक स्थान पर जाकर यानि कि समुद्र में लीन हो जाती हैं। हिन्दू धर्म की बात करें, तो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। वहीं मुस्लिम धर्म में होते हैं सिया और सुन्नी। सिख धर्म में आकर ये जाट, खत्री और रामगढ़िया में विभाजित हो जाते हैं।

**क्या इंसानियत कोई धर्म ही नहीं?**

इंसानियतके दौर में धर्म के नाम पर मानवता मारी जा चुकी है। आज इंसान अपने दकियानूसी धर्म में इतना बंध गया है कि उसमें इंसानियत बची ही नहीं है। कई बार सड़क पर हमें एक्सीडेंट होते देखने में आ जाते हैं, लेकिन हमारा दिल नहीं पसीजता और न ही हम उस व्यक्ति की मदद के लिए आगे बढ़ते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारा उससे कोई रिश्ता या लेना-देना नहीं। मन के किसी शैतानी कोने से यह विचार आ ही जाता है कि हम उसे नहीं जानते, तो हमें क्या? जरा सोचिए, यदि वह हमारा कोई अपना होता, तो क्या हम उसे ऐसे तड़पता छोड़ते? हम यह क्यों नहीं सोचते हैं कि हमारा नहीं, तो क्या हुआ, वह किसी न किसी का तो अपना होगा ही न! क्या इंसानियत की परिभाषा इतनी छोटी है कि हम उसे जानें, तभी जरुरत में उसकी मदद करें? बिना जाने भी तो मदद की जा सकती है न...

एक उदाहरण देना चाहता हूँ इंसानियत का.. जो इस धर्म के उड़नखटोले के नीचे दबी हुई उजड़ी विचारधारा को सच में उड़जा हुआ बताने का ही काम करेगी। कहने का अर्थ यह है कि आज भी कई लोग इस धरती पर मौजूद हैं, जो धर्म से ऊपर इंसानियत को मानते हैं। मेरे परिचित रमन शर्मा की बीवी की डिलीवरी के समय की बात है। शरीर में खून की कमी होने से अचानक खून की जरुरत पड़ गई। शर्मा जी उन दिनों काम के सिलसिले में देश से बाहर थे। हॉस्पिटल में साथ थीं, तो सिर्फ उनकी माँ। यह उस समय की बात है, जब हर इंसान की जेब में मोबाइल फोन नहीं हुआ करते थे। अब क्या किया जाए, क्या न किया जाए, माँ को कुछ भी समझ नहीं आ रहा था। पास में बैठे अब्दुल खान ने जैसे ही माँ से खून की सख्त जरुरत के बारे में जाना, तो एक्सीडेंट हुए अपने बेटे के पास उन्हें बैठाकर बिना समय गवाए खून देने पहुँच गए। आकर माँ से कहते हैं, अल्लाह की रेहमत से आपकी बहु बिल्कुल ठीक है और आपको दादी बनने की खुशी में मुबारकबाद।

मिसाल है उस इंसानियत की, जो धर्म को आड़े नहीं लेता है। यदि अब्दुल मियाँ जैसे और लोग जन्म ले लें, तो इंसानियत की पहल दौड़ पड़ेगी दुनिया में, फिर न ही हिन्दू-मुस्लिम होगा और न ही सिख-ईसाई, हर तरफ सिर्फ एक धर्म होगा और वह होगा इंसानियत का धर्म। धर्म सिर्फ और सिर्फ इंसानियत का ही होना चाहिए, लेकिन आज मनुष्य अपनी जरूरत के हिसाब से धर्म को प्राथमिकता देता है। सभी धर्मों में कुछ समानताएँ हैं, जिसमें धर्म सहिष्णुता, सच बोलना, चोरी न करना, सभी का सम्मान करना, प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करना, अच्छी शिक्षा प्राप्त करना, असमर्थ की सहायता करना आदि शामिल हैं। जब समस्त धर्म इन मूल बातों के लिए सहमत हैं।

## कॉटून वर्ल्ड

पत्रकारिता ...



## लेटर टू एडिटर

### संबल जरूरी

**परीक्षा** के दिनों में विद्यार्थियों को हौसला देने तथा मार्गदर्शन करने आवश्यक है। आमतौर पर देखा गया है कि जब परीक्षा नजदीक आती है तो बच्चों में घबराहट होने लगती है। ऐसी नाजुक स्थिति में अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करें। माता-पिता तथा अभिभावक उनको चिंतामुक्त करें। शिक्षक भी उनका मनोबल बढ़ाने के लिए भरसक प्रयत्न करें। **-श्याम लाल, रांची**

### आत्मघाती कदम

**विद्यार्थियों** के बढ़ते हुए आत्मघाती कदम की ओर इशारा किया गया है। जो बताता है कि कोचिंग संस्थानों का पढ़ाई को लेकर विद्यार्थियों पर दबाव, अभिभावकों की अपने बच्चों से अपेक्षा, उनकी रुचि अनुसार पढ़ाई के बजाय अपनी इच्छाएं उन पर लादना, उनकी खुशियां छीन कर उन्हें आत्मघाती कदम की ओर बाध्य कर रहा है।

**- प्राची सिंह, हजारीबाग**

# हजारीबाग की बेटी ने लिख डाली कहानी संग्रह - हार्मोनिज ऑफ एटरनिटी

**रंजन चौधरी**

**एक** और जहां देश की वर्तमान युवा वर्ग साहित्य,काव्य और लेखन के क्षेत्र से दूर होकर अपना पूरा समय सोशल मीडिया और अन्य मनोरंजन के साधन में खपा रहे हैं वहीं उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय मुख्यालय जिला हजारीबाग के नवोदित युवक - युवतियां साहित्य, काव्य लेखन की ओर ना सिर्फ अपनी दिलचस्पी बढ़ा रहें हैं बल्कि अपने पढ़ाई के साथ लेखन क्षेत्र में भी अपना जलवा बखूबी बिखेर रहे हैं और हजारीबाग का नाम पूरे देश- दुनिया में रोशन कर रहे हैं ।

हजारीबाग के दिपुगढ़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की रहने वाली महज 18 वर्षीय एक युवती अंतरा भी ऐसा ही एक नाम है जिन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कठिन तपस्या, एकाग्रचिता, आत्मचिंतन और निरंतर अभ्यास के बदौलत लेखन के क्षेत्र में एक अलग स्थान स्थापित करने में कामयाबी प्राप्त की है। इन्होंने अंग्रेजी भाषा में हामोर्नीज ऑफ एटरनिटी नामक एक पुस्तक लिखी है। अंतरा झारखंड सशस्त्र पुलिस 07 में काम करने स्व. राजेश कुमार और ग्रहणी अनामिका सिंह की सुपुत्री हैं। अंतरा द्वारा लिखित पुस्तक हार्मोनिज ऑफ एटरनिटीः टेल्स बियोंड टाइम को दक्षिण भारत के बेहद लोकप्रिय प्रकाशन नोशन प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह पुस्तक अमेजॉन पर भी उपलब्ध है। युवा लेखिका अंतरा ने हजारीबाग के माउंट कार्मेल स्कूल से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण

## प्रेरणा



की और एलेन, कोटा से इंजीनियरिंग की तैयार किया। फिलहाल वे ऑस्ट्रेलिया के वालोंगोंग विश्वविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान ( कृत्रिम बुद्धिमत्ता) में इंजीनियरिंग स्नातक में प्रथम वर्ष की छात्र हैं ।

युवा लेखिका अंतरा के मुताबिक साल 2014 में एक सड़क दुर्घटना के उनके पिता का आकस्मिक निधन हो गया और वो बहुत खोई- खोई रहने लगी। तब उनके दादा और नाना अरिंजय कुमार सिंह कहानियां सुनाया करते थे फिर उनके भाई उत्कर्ष ने डायरी लिखने की सलाह दी। अंतरा का धीरे- धीरे लेखन कला में मन लगने लगा और फिर पहले छोटी- छोटी कविताएं लिखने लगी। अंतराल में उनका यह लेखन हॉबी के तौर पर बदलने लगा और अब 10 कहानियों से परिपूर्ण एक पुस्तक लिखकर वे युवा लेखिका बन गई हैं । युवा लेखिका अंतरा द्वारा लिखित ₹पुस्तक हार्मोनिज ऑफ एटरनिटीः टेल्स बियोंड टाइमउनकी भावनाओं के चिंतन और वर्तमान समय में वास्तविकता को प्रदर्शित करते लघु कहानियों का एक संग्रह है। जिसमें सामाजिक एकता और परस्परता के साथ रोचक और भवनात्मकता के रोमांच का भरपूर एहसास कराकर एक अलौकिक और भावुक दुनिया का सैर कराते हुए जीवन में एक- दूसरे का साथ देने और आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती है। वर्तमान वास्तविक जीवन की कल्पना से परिपूर्ण और रहस्यमई कहानियां का संग्रह लेखिका अंतरा की छोटे उम्र में बड़ी सोंच को प्रदर्शित करता है। अंतरा अपने भविष्य के लक्ष्य की ओर इंगित करते हुए बताती हैं की इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर जॉब करना है लेकिन लिखने का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा ।

वाकई अंतरा जैसी युवा वर्तमान समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### शहादत दिवस को ले झामुमो की बैठक



**रजरप्पा ।** झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रिय कार्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट में झामुमो चितरपुर प्रखंड की बैठक खुदीराम महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 27 नवंबर को शहीद सोबरन सोरेन का शहादत दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। लुकैयाटांड बरलंगा में शहीद सोबरन सोरेन की शहादत दिवस में शामिल होने के लिए चितरपुर प्रखंड से हजारों की संख्या में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू उरांव ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ के लोग छोटे बड़े वाहनों से बरलंगा रवाना होंगे। मौके पर झामुमो चितरपुर प्रखंड कोषाध्यक्ष विनय मुन्ना, पिन्टू कुमार, असादुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी, मो. शकील, मकसूद अंसारी, चन्द्रकिशोर पासवान, सुनिल करमाली, कालीचरण महतो, भोला वर्मा, संदीप करमाली, संतोष महतो, कृष्णा मांझी सहित सक्रिय कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### कपड़ा व पुस्तक नि:शुल्क वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** थाना चौक भुरकुंडा में पिछले चार वर्षो से जरूरतमंदों की निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए संचालित नि:शुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक में ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ों का नि:शुल्क वितरण कार्य का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। बैंक के सफल संचालन में संरक्षक भुवनेश्वर मेहता, संस्थापक अनामिका श्रीवास्तव, संस्थापक सदस्य पंकज कुमार, राकेश सिन्हा व विश्वरंजन सिन्हा, सहित चंद्रमणि प्रसाद, शक्ति यादव, अजीत वर्मा, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, राहुल वर्मा, सतीश ठाकुर, आकाश कुमार, शुभम पासवान, राज नायक, मनोज रजक, अजीत सिन्हा आदि सहयोग कर रहे हैं।

### लाखों रुपये की परिसंपतियां वितरित



**गोला।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार से गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार व डीडीसी रोबिन टोप्पो ने किया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत व ग्राम स्तर पर शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं से नए लाभुकों को लाभांवित करें अधिकारी। अबुआ आवास योजना एवं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड व योजना को लेकर आवेदन लिये जायेंगे। उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा वितरण, साईकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण आदि के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती- साड़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कम्बल वितरण आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी, प्रखंड प्रमुख गीता देवी, उप प्रमुख विजय ओझा, बीईईओ सहदेव कर्मकार, मुखिया रुपा देवी, पंसस मनोरंजन महतो, उप मुखिया अविनाश कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### सीटू का राजभवन के समक्ष धरना 28 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कस यूनियन (सीटू) की बैठक शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय सेन्ट्रल सौन्दा में हुई। इसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष कॉ. जगरनाथ पासवान व संचालन एरिया सचिव कॉ. सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 28 नवंबर को राजभवन रांची के समक्ष आयोजित महापड़ाव में शामिल होने का निर्णय लिया गया। मौके पर केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने यूनियन की मजबूति पर बल देते हुए कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि केन्द्रिय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर सीटू यूनियन के तरफ से राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कस यूनियन अपने समस्त मजदूरों के साथ महापड़ाव में शामिल होंगे। केंद्रीय सचिव श्री गुप्ता ने कहा कि कई मायनों में यह पड़ाव ऐतिहासिक होगा। मौके पर आजाद भुंइया, गोविन्द करमाली, सुरेश महतो आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में चालक की मौत

रामगढ़। कोठार पुल के समीप ट्रेलर और ट्रक की टक्कर में एक चालक की मौत हो गई। रामगढ़ कोठार पुल के नीचे रांची साइड से आ रही ट्रेलर और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई । जिससे ट्रक चालक के केबिन में ही फंस गया और उसे बड़ी मुश्किल के बाद बाहर निकल गया । इलाज के लिए उसे अस्पताल ले गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ट्रक संख्या एचपी 72 सी 5920 जैसे ही कोठार पुल के पास टर्निंग में तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा था तो आगे वाले ट्रेलर से जाकर टकरा गया । जिसमें ड्राइवर अपने ही केबिन में फंस गया और पीछे से एंगल लोहा उसके शरीर में घुस गया । जिसे पुलिस ने गैस कटर और पोकलेन मशीन की मदद से उसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला, जिसकी मौत अस्पताल में हो गई।

### सौंदा पब्लिक स्कूल में खेलकूद संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में गुरूवार से चल रहे दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के सचिव सह प्राचार्य अमित कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जूनियर और सीनियर दो ग्रपें का अलग-अलग श्रो साईकिल रेस सहित मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें सप्तम से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद नर्सरी से यूकेजी तक के छात्राओं के लिए फैन्सी डेज्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयन किया गया।

# झारखंड क्रिकेट अंडर 23 में शामिल हुई पल्लवी

## विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू समेत कई लोगों ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** रसोईया धमना निवासी रामचंद्र साव की बेटी पल्लवी कुमारी का चयन अंडर 23 झारखंड स्टेट महिला क्रिकेटर टीम में किया गया है।पल्लवी का टीम में शामिल होना बरही के लिए गौरव की बात है।बतातें चले कि पल्लवी कुमारी काफी लंबे समय से क्रिकेट खेल रही है और जिला व स्टेट टीम के लिए खेल चुकी है। उसका मेहनत रंग लाया और अब उसका चयन झारखंड स्टेट अंडर 23 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है।इस बाबत विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने कहा कि काफी गर्व की बात है की बरही की बेटी झारखंड स्टेट टीम की हिस्सा बनी है, हम सबको उनके हौसले को बढ़ाने की जरूरत है ताकि वह और अच्छा करे और एक दिन देश के लिए खेले। उन्होंने कहा कि बरही में प्रतिभा की कोई कमी नही है बस उनको एक अच्छा माहौल एवं सहयोग की आवश्यकता है। कहते है कौन कहता है कि आसमान में सुराग हो नही सकता, बस, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो। हम सबको बरही की बेटी पल्लवी को सहयोग करने की जरूरत है ताकि वे जल्द देश के लिए खेल सके। बधाई देने वालो में विधायक उमाशंकर अकेला, बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, बलराम केशरी, साहू समाज के अनुमंडल अध्यक्ष अमित साहू, कपिल केसरी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, अमित केशरी, मनोज केशरी सहित अन्य सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल है।

# अबुआ आवास के लिए फॉर्म भरने को उमड़ी भीड़

## बरही में सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के नगर भवन में पूर्वी पंचायत को लेकर शिविर लगा। शिविर में अबुआ आवास के लिए फॉर्म जमा करने के लिए उमड़ी भीड़। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, जल एवं स्वच्छता, कल्याण, जेएसएलपीएस, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, विद्युत, पशुधन आदि के स्टॉल लगाए गए थे। सबसे अधिक भीड अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर लगी रही। 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि जनता दरबार का लाभ आमजन अवश्य उठाएं इसका उद्देश्य आमजन तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना है। शिविर में मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, बीसीओ संजय यादव, मुखिया मीनू देवी, प्रतिनिधि छोटन ठाकुर आदि उपस्थित थे।



### कटकमसांडी के लुपुंग पंचायत में भी कार्यक्रम

**कटकमसांडी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शुरूआत शुक्रवार को प्रखंड के लुपुंग पंचायत से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख सुनीता देवी, उप बीडीओ वेदवंती कुमारी, सीओ अनिल कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, बीससूत्री उपाध्यक्ष व मुखिया दिलीप कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्ति को लेकर सैकड़ो जरूरतमंद पंचायतवासियों ने आवेदन शिविर में आवेदन जमा किया। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ से सम्बन्धित लगभग साढ़े चार सौ आवेदन प्राप्त हुए। वहीं कटकमसांडी सीएचसी की ओर से फाइलेरिया के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। मौके बीडीओ वेदवंती कुमारी ने कहा कि सरकार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनकल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है। इसका लाभ उठाएं। सीओ अनिल कुमार ने शिविर का लाभ उठाने की बात कही। वहीं बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने कहा कि शिविर में जरूरतमंद लाभार्थी आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करा सकते हैं। मौके पर बीससूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, मुखिया दिलीप पासवान, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रविदास, एमटीएस सुरेंद्र कुमार, बीससूत्री सदस्य रामानुज सिंह, अंचल निरीक्षक शिवकुमार सिंह सहित प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी व पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कटकमदाग में वृद्धों और दिव्यांगों को मिला कंबल

**कटकमदाग।** प्रखंड के सलगावां पंचायत स्थित दुर्गा मंडप परिसर में शुक्रवार को आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गाया। शिविर में विभिन्न योजनाओं की लाभ लेने हेतू आवेदन जमा करने को लेकर फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर का शुभारंभ प्रभारी वरीय पदाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, बीडीओ एकता वर्मा, सीओ प्रशांत कुमार, प्रखंड प्रमुख कुमारी बिनीता, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह पंसस सुनील कुमार ओझा, सांसद प्रतिनिधि अजय राणा, मुखिया मधु रानी, पंसस भगीया देवी उप मुखिया अवधेश प्रसाद ने शुभारंभ किया। शिविर में 10 वृद्धों व दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया। 5 मजदूरों के बीच जॉब कार्ड, 5-5 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल खरीदारी के लिए चेक वितरण किया गया। सौ से अधिक ग्रामीणों ने अबुआ आवास के लिए आवेदन जमा किया। वृद्धा व विधवा पेंशन के लिए कई लाभुकों फॉर्म जमा किया। शिविर में अंचल, कृषि, पशुपालन, जेएसएलपीएस, आपूर्ति, शिक्षा, बिजली, मनरेगा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गये। शिविर को सफल बनाने में पशुपालन पदाधिकारी अनिल दास, बीपीएम राजकुमार, एकराम हुसैन, विक्रम सोनी, महेश राम, पंचायत सेवक व वार्ड सदस्य जुटे थे।

### इचाक : राजद के प्रखंड अध्यक्ष ने किया रक्तदान

इचाक। राजद इचाक प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कुरह गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद मेहता का पोता उत्कर्ष कुमार की रक्तदान कर जान बचाई। उत्कर्ष कुमार पिछले एक माह से बीमार चल रहा था, और उसे तत्काल खून की जरूरत हुई तो, इचाक राजद प्रखंड अध्यक्ष ने रक्तदान कर सामाजिक न्याय को और भी मजबूत किया। हजारीबाग जिला राजद प्रधान महासचिव प्रोफेसर राजेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष (अनुसूचित प्रकोष्ठ) शत्रुघन राम ,जिला महासचिव बसंत नारायण मेहता ने धन्यवाद दिया।

### दारू : दो मंजिला घर से गिरकर मजदूर की मौत

**दारु।** महेशरा में दो मंजिला घर की मरम्मती करने को चढ़ा मजदूर कि ऊपर से गिरने से मौत हो गयी। मौत की खबर परिजनों को मिलते हि घर मे कोहराम छा गया और परिजनों का रो रो कर बहुत बुरा हाल था। मृतक मजदूर बेनी महतो उम्र (50 वर्ष) हरली पंचायत के पेटो का निवासी था।

# गुरूवाणी से गूंजा भुरकुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा भुरकुंडा के तत्वावधान में सिख धर्म के प्रवर्तक एवं सिखों के प्रथम गुरू श्री गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाशोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में भारी संख्या में सिख समाज के महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए। प्रभातफेरी में शामिल लोग साध संगत गुरूवाणी गायन करते हुए हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे-आगे चल रहे थे। इस दौरान अमृत वेले बोले पपीहा, आओ जी आओ हमारे, नहीं छोड़े रे बाबा राम नाम आदि गुरूवाणी से पूरा भुरकुंडा कोयलांचल गूंज उठा। प्रभातफेरी मेन रोड भुरकुंडा स्थित गुरूद्वारा से शुरू होकर उपर धौड़ा भुरकुंडा स्थित संदीप सिंह उर्फ सनी के घर पहुंची। यहां सबद-कीत्र्तन, अरदास के बाद चाय-नास्ता के अटूट लंगर का आयोजन हुआ। मौके पर गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु ने बताया कि प्रकाशोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को पटेलनगर में प्रभातफेरी निकाली जायेगी। इस दौरान गुरूवाणी गायन से पूरा क्षेत्र गूंजेगा। प्रभातफेरी में श्री गुरू सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा के ग्रंथी अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहान, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, सोनू सिंह, पीयूष सिंह, अंग्रेज सिंह, यशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, उषा कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर, अमरजीत कौर, दलविन्दर कौर रिंकी कौर, राज कौर, हरभजन कौर, शीतल कौर, अमृता कौर, सविन्दर कौर, राजरानी कौर, रतन कौर, करम कौर, कमलेश कौर, पूनम कौर सहित सिख समाज के दर्जनों लोग शामिल थे।



### बंगला कुंआ में भक्ति जागरण का निशि पांडेय ने किया उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा शक्ति क्लब भुरकुंडा के तत्वावधान में बंगला कुंआ स्थित प्रांगण में गुरूवार रात भक्ति जागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना व फीता काटकर किया। निशि पांडेय ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का अवसर भी मिलता है। पांडेय ने कहा कि भक्ति आयोजन भारतीय संस्कृति की धरोहर है। हमसबों को इसे संजोने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के संरक्षक सुनील कुमार व अमन चैहान, साहिल सिंह, प्रेम रंजन दुबे, हर्ष सिंह, रोहित ठाकुर, विवेक कुमार, सन्नी चैहान, विकास चैहान, रौनक सिंह,सागर कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# रामगढ़ में सातवें दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**तुम करो दया मेरे साई, ऐसी मत दीजे मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धियाई...**

रामगढ़। सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वें प्रकाशोत्सव पर सातवे दिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के सातवे दिन लोगों में खासा उत्साह देखा गया। लोग में ढोल नगाड़े बजाते हुए शब्द गायन करते हुए चल प्रभात फेरी में चल रहे थे। गुरूवाणी से लोगों में भक्ति का माहौल दिखा। सातवें दिन प्रभात फेरी में सिख समाज के महिला और पुरूष काफी संख्या में शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शबद गाते चल रहे थे। प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। तेरी सेवा तेरी सेवा मुकत भुगत जगत तेरी सेवा, तुम करो दया मेरे साई, ऐसी मत दीजे मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धियाई, सेवक की अरदास प्यारे जप जीवा गुर चरण तुम्हारे, सिमरो सिमर सिमर सुख पावों, बिछड़े थे माधो बिछड़े थे शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते हुए बिजुलिया सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची। सरदार कोहली परिवार की तरफ से प्रभात फेरी का स्वागत आतिशबाजी और फूल माला से किया गया। साथ ही संगत के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया। फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत जस्सल, जिगर छाबड़ा हरजाप सिंह तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, पपींदर सिंह खंबे, अनमोल सिंह ,अमरपाल आनंद, रमन कोहली, पवी कालरा जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा हरदीप सिंह होरा जसकीरत सिंह भाटिया, राजू , जसकीरत सिंह सैनी ,रौनक सिंह ,गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जससल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल,बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जोली, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर शामिल हुए।



## एक नजर में

### किशुन यादव ने दुगोला का किया उद्घाटन



**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम करगइयो निवासी केदार यादव की माता स्व. रूदिया के एकादश कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला परिषद हजारीबाग सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने फीता काट कर दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन किया। किशुन यादव ने कहा कि इस दुनिया मे जो आया है उसे जाना तय है, इंसान की पहचान उनके कर्मों से होती है। उनके साथ में भाजपा नेता मनीलाल यादव, टेकलाल यादव, डिलो पासवान, मुखिया सरयू वर्मा, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कोल्हुआ कला पंचायत के बिनोद कुमार यादव, किशोर यादव, जागेश्वर यादव, राजेश यादव, राहुल यादव, रोहित कुमार, रंजीत यादव, रोबिन कुमार, बद्री यादव, सुखदेव यादव, प्रभु यादव, रोहन यादव, राधेश्याम यादव, रामचंद्र यादव, संजय यादव, उमेश यादव, विकाश यादव, बिनोद यादव एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी को मातृ शोक

**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी की बायो वृद्ध 80 वर्षीय मां गुरुवार को निधन हो गया।उनकी पार्थिव शरीर को मुखाग्नि बड़े सुपुत्र शिबु प्रसाद सोनी ने झरपो समशान घाट में दिया। शोकाकुल परिवार से कई दल के नेता मंत्री समाज सेवियों ने मुलाकात किया। आदर्श युवा संगठन के युवा नेता गौतम कुमार पूर्व विधायक जानकी यादव ने शोकाकुल परिवार को संतावाना दिया।गौतम कुमार ने कहा कि धन्य हो ऐसी माँ जो अपने तीनो सुपत्र को पढा लिखाकर योग्य, शिक्षित ,संस्कारमय बनाया।पार्थिव शरीर के मुखाग्नि के दौरान वार्ड परिषद रवि यादव,केदार कुशवाहा,विजय कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार कुशवाहा,पिंटु सोनी ,उमेश प्रसाद, कृष्णा यादव ,रंजीत यादव, मनोज मेहता,अर्जुन माली, अनिल यादव,गणेश माली, जयशंकर बर्णवाल,महेंद्र शर्मा,पिंटु कुमार,राहुल कुमार,राजकुमार जी,रंजीत कुमार मौर्य,रोहित शर्मा, संजय पांडेय, अशोक कुशवाहा ,समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस नापोखुर्द पंचायत कोर कमेटी का गठन

**बड़कागांव।** प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत स्तरीय कांग्रेस पार्टी की बैठक पंचायत भवन में मुखिया गणेश साव की अध्यक्षता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे की गई। गनमान्य लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आजसू समर्थक राजकुमार यादव ने कांग्रेस पार्टी कीसदस्यता ग्रहण की।बैठक में मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के आलोक में पंचायत स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया जा रहा है। विकास योजनाओं का चयन भी ग्रामीणों की मौजूदगी में की जा रही है।बैठक में दिनेश प्रसाद अध्यक्ष, दीपक साव सचिव, प्रकाश कुमार उपसचिव,राजकुमार यादव संरक्षक,महेश साव संगठन मंत्री व शनि गुप्ता मीडिया प्रभारी चुने गए। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश महतो, शमशेर आलम,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,चंद्रिका साव,चंदर साव, तीजु साव,बिंदु साव,राजकुमार साव, मोहम्मद सुल्तान सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

### जेबीकेएसएस को विस्तार को लेकर बैठक

**दारू।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले दारू प्रखंड मुख्यालय के सामने प्रभारी दिनेश साहु (केन्द्रीय कोर कमिटी सदस्य ) की अध्यक्षता में पार्टी विस्तार को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति, विस्थापन नीति, 1932 के खतियान, 60/40 नाय चलतो,बाहरी विधायक बाहरी सांसद का बहिस्कार इन मुद्दों के साथ हमारी पार्टी सभी प्रखंडों में पार्टी विस्तार को लेकर रणनीति तैयार कर रही है जिसमें प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ विभिन्न पदों के लिए बहुत जल्द चुनाव कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर बढ़ा हुआ है हमारा जमीन और हम अपने ही अंचल में म्यूटेशन, एलपीसी, एवं ऑनलाइन बिना पैसे का नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ दारू प्रखंड में जल्द ही जयराम महतो का आगमन होगा। मौके पर प्रकाश कुमार, श्रीराज मेहता, प्रेम नायक , सक्रिय सदस्य: -माही पटेल, राकेश मेहता, निरंजन पटेल, बब्लू कुशवाहा, निरंजन कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र सिंह, दसरथ कुमार, सुनिल कुमार, सुरेश साव, बिरेंद्र, सुजीत, बीटू, राजा कुमार इत्यादि कई लोग मौजुद थे।

### आंगों में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन

**चरही।** शुक्रवार को चुरचू प्रखंड के तहत आंगों पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरू किया।इस शिविर कार्यक्रम में अबुवा आवास,मनरेगा,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,स्वास्थ्य जांच सहित कई योजनाओं का शिविर लगाया गया था।शिविर के माध्यम से बच्चियों को साईकल के लिए चार हजार पांच सौ रूपए का चेक दिया गया। शिविर में सभी विभाग के दर्जनों स्टॉल लगाये गए थे।मौके पर पंचायत के ग्रामीण जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी, पदाधिकारी,बैंक कर्मी,अंचलकर्मी,प्रखंड कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीडीओ ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**दारू।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का प्रारंभ पुनाई पंचायत से आज होगी। दारू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में प्रचार प्रसार हेतु शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय से प्रचार वाहन रथ को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना । इस संबंध मे मनीष कुमार ने कहा कि रथ वाहन द्वारा हर एक पंचायत के गली मोहल्ले में घुम घूम कर सरकारी योजनाओं जानकारी दी जाएगी तथा कब किस पंचायत में शिविर लगाया जाएगा इसकी भी जानकारी प्रखंडवासियो को दी जाएगी जिससे हर सभी लाभुको को योजना का लाभ शिविर में आवेदन देकर ले सकेंगे । बहुत सारी योजना का ऑन द स्पॉट निराकरण किया जाएगा । इस मौके पर दिग्विजय सिंह, नीलम लकड़ा, आशीष कुमार, सहित प्रखंड कर्मी के लोग मौजूद थे।

### सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिले : प्रमुख



**बड़कागांव।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख फुलवा देवी, बीससूत्री अध्यक्ष मोहम्मद तबस्सुम,जिप सदस्य यासमीन निशा,बीडीओ जितेंद्र मंडल, सीईओ बालेश्वर राम,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता,उप प्रमुख बच्चन देव कुमार,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का निरीक्षण जिला कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे ने किया। शिविर में अबूवा आवास के तहत 180 आवेदन जन वितरण प्रणाली में धोती साड़ी योजना के तहत 105 का वितरण,नाम जोड़ने का 50,नया राशन कार्ड 10 व अन्य में 5 आवेदन प्राप्त हुए, दाखिल खारिज में 9आवेदन,एलपीसी 1जाति आवासीय का 3,सावित्रीबाई फुले 60,कन्यादान योजना के तहत 4,जे एस पी एल के तहत जीवन बीमा एवं प्रधानमंत्री खाता ओपनिंग 40,किसान क्रेडिट कार्ड 5 सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए ।मौके पर बीपीओ हीरो महतो ,अरुण पासवान, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर प्रसाद,कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद, अंचल, प्रखंड,बैंक ,स्वास्थ्य कर्मी शहीत सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## बिजली चोरी के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाकुरगांव।** कांके विद्युत सबस्टेशन द्वारा अवैध बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस क्रम में कांके सबस्टेशन की अभियंता अंजू केरकेट्टा के नेतृत्व में बंसरी तथा बरौदी गांव अवैध बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी की गई। मौके पर बंसरी गांव निवासी राजकिशोर सिंह, राजेश कुमार साहु, अशोक साहु व कपिल साहु तथा पतरातू गांव के कमलनाथ महतो व नगेन्द्र कुमार के विरुद्ध बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया गया है।

## घर में लगी आग, एक लाख के सामान खाक

**सिकिदिरी।** साल्हन पंचायत के बेड़वारी के एक घर में शुक्रवार को अचानक आग गई। घर आंगनबाड़ी सेविका झालो देवी की है। आगलगी में करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। आग घर के उपरी मंजिल पर लगी थी। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगलगी में घर के फर्नीचर समेत अन्य कीमती सामान जल गए हैं।

## अनगड़ा में मना राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भावना सप्ताह

**अनगड़ा।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एसडी शेरखाने की उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय के शिवाजी हाउस में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सदभावना सप्ताह मनाया गया। आज का दिन एकता व सदभावना फ्लैग डे के रूप में मनाया गया। इस मौके पर एकता व सदभावना के स्टिकर्स लगवाकर सभी अधिकारियों एवं जवानों ने दान पात्र में स्वेक्षा से दान भी किया। कार्यक्रम मे कमांडेंट डॉ एएफ खान, कमांडेन्ट डॉ जेके शर्मा, कार्यवाहक दंडपाल सौमेन गोराई, सहायक कमाडेन्ट शिवम एवं अन्य बलकर्मी उपस्थित थे।

## रांची जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बनने पर किया सम्मानित



**नामकुम।** शुक्रवार को इंटक के राज्य सचिव रमेश पांडेय को रांची जिला कांग्रेस पार्टी का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नामकुम, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने सम्मान किया। जोरार स्थित श्री, पाण्डेय के आवास पर जुटे लोगों ने उन्हे फूल माला और बुके देकर स्वागत किया और पाट्री और संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। वहीं श्री पाण्डेय ने कहा कि पार्टी ने उनपर विश्वास कर जो जिम्मेवारी सौंपी है वह उसका निर्वाहन करने का प्रयास करेंगें। मौके पर आत्मानंद पाण्डेय, रामकुमार यादव, मुन्ना यादव, सिकंदर ठाकुर, विशाल यादव, सोनू सिंह, अखिलेश सिंह मौजूद थे।

## एबीवीपी ने केसीबी कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व में कॉलेज में अध्ययनरत स्नातक के सैकड़ों छात्र.छात्राओं ने शुक्रवार को प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम को राँची विश्वविद्यालयएराँची के परीक्षा नियंत्रक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही एबीवीपी के विक्रम कुमार महतो ने प्राचार्य को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व स्नातक सेमेस्टर. 3 के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें इतिहास विषय के ऑनर्स व जेनरिक पेपर में सभी छात्र.छात्राओं को गलत ढंग से कॉपी जांच कर अनुत्तीर्ण कर दिया गया है। अच्छा परीक्षा देने के बाद भी छात्र.छात्राओं को उचित अंक नहीं दिया गया है।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा कैंप

# गांव जाकर सरकार ने ग्रामीणों को दिया विकास योजनाओं का लाभ

## तारूप के ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के तारूप में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को आवास, मनरेगा, पंचायती राज, वृद्धा व विधवा पेंशन, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, मुख्यमंत्री कन्यादान, सुकन्या, मातृत्व वंदना, पशुपालन, कृषि, निःशक्त स्वावलंबन, शिक्षा, श्रम प्रवर्तन, वन, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि व विधिक सेवा आदि विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान वृद्धा, विधवा पेंशन व आवास की सैकड़ों अर्जियां पड़ी। इसमें अधिकांश का निपटारा किया गया। लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व परिसंपत्तियां बांटी गयी। किसानों को पेयजल कूप निर्माण का कायादेंश भी मिला। संचालन बीपीएम तैय्यब अंसारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुखिया अहिल्या कच्छप ने दिया।

## अनगड़ा में कंबल मिलने के बाद खुश हुई वृद्धा



**अनगड़ा।** सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपके अधिकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को अनगड़ा पंचायत में आयोजन किया गया। काफी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में अपनी मांग और समस्या रखी। कई समस्याओं और मांगों को ऑन द स्पॉट पूरा किया गया। आपके द्वार में विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीण अपनी मांगों और समस्याओं को रख रहे थे। जेएसएलपीएस के तहत फूलो झानो के तहत राधिका देवी को पच्चीस हजार सामुदायिक निवेश कोष के तहत एक महिला समिति पांच लाख एक महिला समिति को दो लाख रुपये का बैंक लिंकेज किया गया। सावित्री फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 21 छात्राओं को चेक प्रदान किया गया। अबुआ आवास 160 आवेदन पड़े 15 किसानों को बिरसा सिचाई कूप की स्वीकृति दी गयी। 13 का ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति दी गयी। जाति, आय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र मौके पर ही बनाए गए। ओवरसीज बैंक बेड़वारी शाखा से केसीसी ऋण भी स्वीकृत किए गए। वृद्ध वृद्धाओं के बीच कंबल भी बांटे गए कंबल पाकर वे काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रमुख जयपाल हजाम, वरीय पदाधिकारी के रूप में डीएसओ प्रदीप भगत, सीओ सह बीडीओ राजू कमल, सीआई रवि रमेश, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, ग्रामप्रधान लोकनाथ पहान, पंस रौशनी देवी, मुखिया सीमा देवी, पूर्व मुखिया मधुसूदन मुंडा, वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी, सचिन नायक, अगमलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## इटकी में पड़े 1468 आवेदन, कई का ऑन द स्पॉट हुआ निबटारा

**इटकी।** इटकी प्रखंड के गढ़गांव पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 1468 आवेदन प्राप्त किये गये। दर्जनों आवेदनों का तत्काल निपटारा कर दिया गया। बाकी बचे आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम में विभागवार स्टॉल लगा कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। मौके पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को सीधे तौर पर मिले। लोगों को योजनाओं से जुड़ कर लाभ उठाने की जरूरत है।

## चान्हो के ग्रामीणों के बीच परिसंपत्ति का हुआ वितरण

**चान्हो।** प्रखंड के बेयासी पंचायत भवन के समीप जतरा मैदान में शुक्रवार को उपायुक्त के निर्देश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अशोक कुमार, अंचलाधिकारी संजीव कुमार एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थिति हुए। शिविर में चान्हो प्रखण्ड अन्तर्गत अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जांच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वें वित्त की योजनाएं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के प्राप्त कई आवेदन का त्वरित निपटारा किया गया। मौके पर चिकित्सा, पपशुपालन, कृषि, पंचायती राज, प्रखण्ड कार्यक्रम, सहायक अभियंता, मनरेगा, बीटीएम, अंचल निरीक्षक, समन्वयक सभी कनीय अभियन्ता सहित बेयासी पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, जनसेवक सहित अन्य मौजूद थे।

## योजना के लाभ से खिल उठे छात्राओं के चेहरे, साइकिल से जायेंगी स्कूल

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



साइकिल मिलने से हर्षित छात्राएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के गगारी फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया।

कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी ब्रज लता कैंप में नही पहुंची थी। प्रमुख रिजवान अंसारी व पीएचईडी विभाग के एसडीओ भुपेंद्र कुमार सिंह के साथ स्थानीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और लोगों को योजना की जानकरी दी। वहीं विभाग के स्टॉल पर लोगों की भीड़ देखी गई। लगभग पांच किमी पैदल स्कूल पैदल जाने वाले पांच विद्यार्थी आरती कुमारी, प्रदीप नायक, तनु कुमारी, प्रिया कुमारी व संगिता कुमारी को कैंप में स्वीकृत योजना राशि मिली। योजना का लाभ मिलने से छात्र-छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं था। बीइइओ सीमा कुमारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 328 विद्यार्थियों को साइकिल स्वीकृत हुआ है। वहीं कैंप पहुंचे लोगों में उत्साह के साथ परेशानी भी देखी गई। खास कर वृद्धों को जानकारी के अभाव में योजना का लाभ लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरकारी अनाज, वृद्ध विधवा पेंशन व आवास तो कई लोग विभिन्न योजना का लाभ लेने को परेशान थे। कैंप में पहुंची 65 से 80 वर्ष की वृद्ध विधवा सालखो देवी, सहली देवी, करमू देवी व बाजो देवी आदि ने कहा कि जीवन की अंतिम पड़ाव में अब सरकार से ही आस है। वैसे सालखो देवी को बीएसओ रामस्वरूप भगत द्वारा तत्काल पीला कार्ड निर्गत कर दिला दिया गया। कार्यक्रम में मुखिया धनराज बेदिया, पंस सदस्य रीना केरकेट्टा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बूटी के देवोत्थान मेला में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

### खोड़हा नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऐतिहासिक बूटी देवोत्थान मेला में ग्रामीण पूरे जोश खरोश एवं पारंपरिक वेशभूषा एवं पोशाक एवं ढोल नगाड़े के साथ शामिल हुए और मेले का लुत्फ उठाये। नागपुरी खोड़हा, सांस्कृतिक कार्यक्रम युवक एवं युवतियों के आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में ईंख सहित अन्य तरह की मिठाइयों की खूब बिक्री हुई। वहीं शिव मंदिर परिसर में दो जोड़ों का विवाह कराया गया। मेला के सफल संचालन के लिए बूटी देवोत्थान मेला समिति के अध्यक्ष नेपाल महतो, राम ओहदार, खिजुरटोला बूटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार महतो, सुरेन्द्र पहान ने अपना सराहनीय योगदान दिया। जन जागृति मंच के अध्यक्ष जितेंद्र महतो और जेबीकेएसएस के युवा साथी मेला में भ्रमण करते रहे ताकि मेला को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके।

### मेले में इन्होंने लिया हिस्सा

मेले में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, रूद्र नारायण महतो, राम किशोर ओहदार सहित रणधीर चौधरी, संजय महतो, अजय महतो, पवन कुमार महतो, अजित महतो, कर्मदेव बैठा, रवि पहान, मोहनलाल महतो, बबलू महतो, निरंजन चौधरी, महावीर मुंडा, दिलीप उरांव, अर्जुन महतो, महेंद्र महतो, मीनू महतो, बिनोद नायक एवं रामेश्वर प्रसाद विशेष रूप से मौजूद थे।

## मिल बांट कर खाने से बढ़ता है प्रेम : हसीब

### जीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में फूड फेस्ट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** पिठोरिया के मदनपुर स्थित जीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल स्कूल परिसर में लगाया। सभी बच्चों ने मिलजुल कर तरह तरह के पकवानों को आनंद लिया। बच्चों ने स्टॉल की साज . सज्जा स्वयं की। इस से पूर्व आयोजित सभा में स्कूल के निदेशक हसीब अहमद ने कहा कि कला कोई भी हो छोटी नहीं होती, जिसके हाथ में हुनर है वह कभी दूसरों का मोहताज नहीं होता। स्कूल सिर्फ किताबी ज्ञान प्राप्त करने की जगह नहीं ब्लकि स्कूल छात्र. छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें लैस करने का माध्यम भी है।

प्राचार्य नकीब अहमद ने फूड फेस्ट के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में इंसान बहुत संकुचित मानसिकता का हो गया है। वह अपनी चीजें किसी और से बांटना नहीं चाहता। हम इस आयोजन द्वारा चाहते हैं कि बच्चे अपनी चीजें बांटना सीखें। अपने हिस्से की रोटी वह अपने दोस्तों, जरूरतमदों और गरीबों को बांट सकें। उन्होंने कहा कि आपस में मिलजुल खाना आपस में प्रेम और भाई चारे को बढ़ाने का सबसे बेहतर माध्यम है। हम चाहते हैं हमारे बच्चे दिल बड़ा करना सीखें। नफरत के इस दौर में प्रेम और सदभावना के साथ रहना सीखें। शिक्षिका हसन ने फेस्ट के शुभारंभ से ठीक पहले खाद्यान्न, फल और फूलों से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण और रोचक जानकारियां बच्चों को दी गई।

## नगड़ी में स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड संसाधन केंद्र नगड़ी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत आठ विद्यालयों के सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नगड़ी प्रखंड की उप प्रमुख सह नगड़ी प्रखंड शिक्षा समिति की अध्यक्ष अफसाना प्रवीण ने की। कार्यक्रम में राजकीय मध्य विद्यालय साहेर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बचेया, राज्यकृत उर्दू मध्य विद्यालय मठटोली आदि शामिल थे।

## झाकोमयू की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एन के डकरा के क्षेत्रीय कार्यालय में एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष जगरनाथ महतो एवं संचालन रंथू उरांव ने किया। बैठक में जोनल कमिटी के निर्देश अनुसार यूनियन के क्षेत्रीय स्तर पर सभी इकाई में कमिटी के बिस्तार एवं सदस्यता को बढ़ाने सुनिश्चित किया जायएसभी इकाई में मजदूर की समस्यों को लेकर घरना प्रदर्शन के द्वारा मांग पत्र 30 नवंबर तक दिया जायएसंगठित एवं असंगठित मजदूरों की समस्याओं निदान पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में विक्रम मिंज बालमुकुंद पाण्डेय सुरेश मुणडा जगना उरांव गुलाब रजभर ऋषिदेव प्रसाद संजोग कुजूर जीतन टुडू ललकू महतो अनुप केरकेट्टा बाड़ा आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### बेड़ो में श्रमदान से महिलाओं ने बनायी एक किलोमीटर लंबी सड़क



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखण्ड के पुरियो बस्ती से कॉलेज गेट को जोड़ने वाली करीब एक किलोमीटर तक की बदहाल सड़क को पंचायत की सैकड़ों महिलाओं ने शुक्रवार को मुखिया नीरज कुजूर के साथ मिलकर श्रमदान से मरम्मती कर चलने लायक बनाया। मौके पर महिलाओं फिर से प्रण लिया गया कि अब हम सरकार के भरोसे नहीं रहेंगे। लगातार श्रमदान कर अपने पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनायेंगे। वहीं मुखिया नीरज कुजूर ने कहा वाकई जिस सोच के साथ ग्रामीणों ने मुझे मुखिया बनाया थाएवह अब पूरा होता दिख रहा है।अभी तक हम सरकार पर निर्भर रहते थेए लेकिन अब यहां के ग्रामीण खुद से श्रमदान कर पंचायत का विकास कर रहे हैं। यह वास्तव में सराहनीय है। इससे पूर्व भी महिला शक्ति ने दीपावली के अवसर पर पूरे पंचायत की साफ सफाई की थी। मुखिया ने महिलाओं का आभार प्रकट करते हुए निरंतर कार्य जारी रखने को कहा। वहीं मौके पर लक्ष्मी कुमारीए मनिता तिग्गाएसुमित्रा कच्छपए मुन्नी उरांवएपूजा कुमारीएरीता एक्का व संपत्ति देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

### नामकुम में सांसद संजय सेठ ने किया फुटबॉल गोलपोस्ट का उद्घाटन



**नामकुम।** शुक्रवार को सांसद संजय सेठ ने नामकुम बस्ती में चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट के मैच का उदघाटन किया। साथ ही सांसद ने अपने कोष से निर्मित गोल पोस्ट का भी उद्घाटन किया। मौके पर सांसद ने कहा कि नामकुम बस्ती में बहुत सालों से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन होता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को सामने आने का मौका मिलता है। सांसद ने कहा कि बच्चे पढेंगे, खेलेंगे कूदेंगे तो जीवन में आगे बढेंगे। उन्होंने सभी बच्चों और युवाओं को पढ़ाई और खेल में बराबर ध्यान देने की बात कही। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, रितेश उरांव, बिरसा पाहन, पिन्टू सिंह, गौतम देव, दिलीप साहू, आरपी सिंह आदि मौजूद थे।

# पूर्वजों की परंपरा को बचाये रखना जरूरी : अमर बाउरी

### ● बरौदी में दो दिवसीय मेले का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के ऐतिहासिक दो दिवसीय बरौदी मेला का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक समरीलाल, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, सुषमा देवी, भाजपा के वरीय नेता कमलेश राम ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हजारों वर्षों के सनातन सभ्यता को कोई भी खत्म नहीं कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्वजों से मिले परंपरा को हमें बचाये रखने की जरुरत है। वहीं विधायक समरीलाल ने मेला स्थल में स्टेज बनवाने का घोषणा किया। इससे पूर्व गांव के पाहन मकुंद पाहन तथा अतिथियों ने जतरा खूंटा में विधिवत पूजा अर्चना किया।

### दो सौ वर्षों से लग रहा है मेला

बरौदी मेला का आयोजन वर्ष 1823 से होता आ रहा है। इस वर्ष मेला का आयोजन दो सौ वर्ष हो गया। मेला में कल हजारों मेलार्थी भाग लेंगे। प्रशासन द्वारा शनिवार को ठाकुरगांव-पिठोरिया मुख्य मार्ग को मेला के कारण बंद रखा जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## धूल के कारण मॉर्निंग वॉक करने वालों को परेशानी

**खलारी।** खलारी पंचायत में वर्षो से जमाव स्लैरी का अवैध उगाही का कारोबार के साथ गोरखधंधा भी बन गया। स्लैरी का उठाव ट्रैक्टर व टर्बो ट्रकए हाइवा के माध्यम से रात के अँधेरा में होने के साथ ही चालू हो जाता है। जो भोर तक चलता है।अवैध स्लैरी में प्रति ट्रकए प्रति हाइवाए व प्रति ट्रैक्टर का कीमत तय किया गया है। बताया जाता है कि रात भर में खलारी थाना क्षेत्र से मैक्लुस्कीगंज खलारी मंडार बुढ़मू के ईंट भट्ठों में कार्य चालू है उस जगह तक वाहनों के माध्यम से स्लैरी गिराया जाता है, जिससे परेशानी होती है।

# पुरनाडीह में सिनगी दई की प्रतिमा का अनावरण

### रोहतासगढ़ पर मुगल शासकों के आक्रमण को किया था विफल




खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** पुरनाडीह कुटकी में शुक्रवार को वीर शहीद सिनगी दई की प्रतिमा अनावरण सह जतरा का आयोजन किया गया।अनावरण स्थल पर गांव के पाहन के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शहीद सिनगी दई के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद विभिन्न जगहों के खोड़हा टीमो के द्वारा पारंपरिक वेश भूषा में नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारीए विशिष्ट अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष सुभाष यादव जीप सदस्य नेहा उरांव मुखिया सरिता देवी विश्वजीत उरांव विस्थापित नेता बिगन सिंह भोक्ता जालिम सिंह विनय खलखो अनुप्रिया संतोष महली रंथु उरांव बहुरा मुंडा प्रकाश महतो अमृत भोक्ता आदि लोगों को सरना गमछा देकर आयोजक समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष ममता कुमारी ने संबोधित करते कहा कि रोहतास गढ़ के राजकुमारी वीरांगना सिनगी दई के साहसिक कारनामे आज भी जिंदा है। उनकी महिला फौज ने रोहतासगढ़ पर मुगल शासकों के आक्रमण को तीन बार विफल किया था। तीन बार मुगल सेना को परास्त करने की याद में उरांव स्त्रियां आज भी जनी शिकार का उत्सव मनाती हैं। कार्यक्रम का संचालन लखन गंझू एवं धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र उरांव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव विनय खलखो सुनील उरांव समेत अन्य लोग का सहनीय योगदान रहा।

## रातू के कुंबाटोली में पड़हा संचालन समिति की बैठक में जतरा आयोजन पर हुई चर्चा

**रातू।** प्रखंड के कुंबाटोली में शुक्रवार को 21 पड़हा जतरा संचालन समिति की बैठक अध्यक्ष हुस्से उरांव की अध्यक्षता में हुई। इसमें 27 नवंबर को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती पर 21 पड़हा जतरा संचालन समिति की ओर से जतरा के आयोजन पर चर्चा की गयी। हाई स्कूल मैदान में आहूत समारोह में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा खास मेहमान होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उप महापौर सह कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, फन कैसल निदेशक नितेश नाथ शाहदेव, आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव, समाजसेवी डॉ कीर्ति सिंह मुंडा, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विमल उरांव, समाजसेवी सह सीआईआईएम नेता अमित मुंडा व मुखिया जयश्री कुमारी शामिल हैं। संचालन विश्वनाथ उरांव ने किया। एसीएस के केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने बताया कि जतरा समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# ऐसे गुरु को बल-बल जाइए, आप मुकत मोहे तारे



श्री गुरुनानक देव जी सिखों के प्रथम गुरु थें। इनके जन्म दिवस को गुरुनानक जयंती के रूप में मनाया जाता है। नानक जी का जन्म 1469 में कार्तिक पूर्णिमा को पंजाब (पाकिस्तान) क्षेत्र में रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी नाम गांव में हुआ। इनके पिता का नाम कल्याण या मेहता कालू जी था और माता का नाम तृप्ती देवी था। 16 वर्ष की उम्र में इनका विवाह गुरदासपुर जिले के लाखौकी नाम स्थान की रहने वाली कन्या सुलक्खनी से हुआ। इनके दो पुत्र श्रीचंद और लख्मी चंद थें।

दोनों पुत्रों के जन्म के बाद गुरुनानक देवी जी अपने चार साथी मरदाना, लहना, बाला और रामदास के साथ तीर्थयात्रा पर निकल पड़े। ये चारों ओर घूमकर उपदेश देने लगे। 1521 तक इन्होंने तीन यात्राचक्र पूरे किए, जिनमें भारत, अफगानिस्तान, फारस और अरब के मुख्य मुख्य स्थानों का भ्रमण किया। इन यात्राओं को पंजाबी में उदासियां कहा जाता है।

गुरुनानक देव जी मूर्तिपूजा को निरर्थक माना और हमेशा ही रूढ़ियों और कुसंस्कारों के विरोध में रहें। नानक जी के अनुसार ईश्वर कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारे अंदर ही है। तत्कालीन इब्राहीम लोदी ने इनको कैद तक कर लिया था। आखिर में पानीपत की लड़ाई हुआ, जिसमें इब्राहीम हार गया और राज्य बाबर के हाथों में आ गया। तब इनको कैद से मुक्ति मिली।

गुरुनानक जी के विचारों से समाज में परिवर्तन हुआ। नानक जी ने करतारपुर (पाकिस्तान) नामक स?थान पर एक नगर को बसाया और एक धर्मशाला भी बनवाई। नानक जी की मृत्यु 22 सितंबर 1539 ईस्वी को हुआ। इन?होंने अपनी मृत्यु से पहले अपने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी बनाया, जो बाद में गुरु अंगद देव नाम से जाने गए।भारत एक नैसर्गिक सांस्कृतिक-भौगोलिक प्राकृतिक राष्ट्र है। यहाँ ज्ञान की वैविध्य सभ्यता अत्यंत प्राचीन है और इस सभ्यता का विस्तार ऋषि मुनियों के द्वारा किया गया हैह्ल भारत की धरा पर ईश्वरीय शक्ति के रूप में समयझसमय पर ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है जिनके वचनों तथा जीवन कर्मों के माध्यम से हमारे समाज और वृहत्तर मानवता को अपने युग के श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों का ज्ञान हुआ है।

मध्यकाल में ज्ञान की चेतना को जागृत करने वाले रहस्यवादी, मननशील और अपने व्यक्तित्व से दार्शनिक, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, एकेश्वरवादी एवं गृहस्थ जीवन के पैरोकार, विश्वबंधुत्व के गुण समेटे हुए मानव कल्याण के नीतियों का प्रतिपादन करने वाले सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा के दिन 15 अप्रैल, 1469 को रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी राय भोई गाँव में श्रीमति तृप्ता देवी की पवित्र कोख से हुआ था। जिसे बाद में ननकाना साहिब नाम दिया गया।

इनके पिता कालूराम पटवारी एक सामान्य गृहस्थ जीवन जीने वाले थे, सरकारी कार्य के अलावा कुछ खेती-बाड़ी भी करते थे। नानक जी पढ़े -लिखे तो बहुत सामान्य थे लेकिन उनका आंतरिक ज्ञान छोटी अवस्था से ही प्रकट होने लगा था। गुरु नानक देव कबीर के समक्ष और सिकन्दर लोदी, बाबर, हुमायूँ के समकालीन थे। गुरु नानक बाल्यकाल से बहुत चमत्कारी थे। नानक अपना अधिकांश समय बड़ी बहन नानकी के साथ बिताया करते थे। सोलह साल की उम्र में सुलखनी देवी के साथ इनका विवाह हुआ। नानक जी के दो बेटे थे जिनका नाम श्रीचन्द और श्री लक्ष्मीचन्द था। नानक जी ने ही गुरु ग्रंथ साहिब की आधारशिला रखी। गृहस्थ जीवन दर्शन को अमूर्त रूप देने वाले गुरु नानक देव ने इस सांसारिक जीवन से वर्ष 1539 में करतारपुर, पंजाब में मोक्ष प्राप्त किया। नानक उन पहुँचे हुए संतों में से थे जो केवल सत्य के सम्मुख ही नतमस्तक होते हैंह्ल उन्होंने परमात्मा के वास्तविक तत्त्व को समझ लिया थाह्ल इसी कारण वे किसी बाह्य अंधविश्वास में नहीं पड़ते थे। नानक के जन्म को प्रकाशपर्व या प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 553वीं जयंती का प्रकाशपर्व 8 नवंबर को मनाया गया।

### सिख धर्म की स्थापना :

नानक जी की तत्कालीन राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक स्थितियों पर नजर डालें तो बहुत सी विसंगतियां थी जो समाज मतभेद डाल रही थी। जिस समय सिख धर्म की स्थापना हुई उस समय धार्मिक संकीर्णता बहुत ज्यादा थी। नानक जी ने सर्वमहान, सत्य सत्ता की पूजा का सिद्धांत प्रतिपादित किया सिख का शाब्दिक अर्थ होता है शिष्य अर्थात सिख ईश्वर के शिष्य हैं सिख परंपरा के अनुसार, सिख धर्म की स्थापना गुरु नानक (1469-1539) द्वारा की गई थी और बाद में नौ अन्य गुरुओं ने इसका नेतृत्व किया। सिख धर्म के तीन कर्त्तव्य हैं नाम जपना, कीरत करना, वंड छकना। इसके साथ पांच दोष भी हैं - लोभ, मोह, अहंकार, काम और क्रोध सिख धर्म सभी जातियों के लिये खुला हुआ था, यह जातियों से मुक्त धर्म हैह्ल कुछ विद्वानों का मत है कि झ सिख धर्म, हिंदू और मुस्लिम धर्मों का मिश्रित रूप है, लेकिन सिख धर्म के रहतनामा में खालसा धर्म को शुद्ध धर्म बताया गया है। नानक और सूफी संत शेख फरीद के बीच गाढ़ी मैत्री थी इस बात को नकारा नहीं जा सकता है।

### गुरु नानक के सामाजिक सुधार :

नानक देव जी अपने समय के महान समाज-सुधारक थे ह्ल नानक देव जी ने समाज में व्याप्त आडंबरों, पाखंडों और कुरीतियों का कड़ा विरोध किया जबरन थोपे जाने वाले रीतिझरिवाजों जैसे सतीप्रथा, बलिप्रथा, मूर्तिपूजा, पर्दाप्रथा को उन्होंने अस्वीकृत किया वे जबरन धर्मांतरण के भी सख्त खिलाफ थे उनका मानना था कि सभी प्राणी एक समान हैं और कोई छोटा -बड़ा नहीं है, सभी लोगों को अपने अनुरूप जीवन जीना चाहिए । नानक जी ने मनुष्य की एकता पर जोर दिया क्योंकि एकता में बहुत शक्ति होती है। उन्होंने छोटे -बड़े का भेद मिटाने के लिए लंगर की शुरूआत की थी। लंगर शब्द को निराकारी दृष्टिकोण से लिया गया है, लंगर में सभी लोग एक ही स्थान पर बैठकर भोजन करते हैंह्ल लंगर प्रथा पूरी तरह से समानता के सिद्धांत पर आधारित है, जो आज भी समाज के विभाजित खाई को भरती हैं।

### गुरु नानक की धर्म यात्राएं :

सत्य की खोज में गुरु नानक ने अपने शिष्यों के साथ देश -विदेश की यात्राएँ की थी। गुरुनानक ने भारत की चारों दिशाओं में सभी प्रमुख स्थानों की यात्राएँ की और अंत में ईरान , अफगानिस्तान, अरब और इराक की यात्रा की थी। नानक के याद में बगदाद में एक मंदिर बनाया गया था और उस मंदिर पर तुर्की भाषा में एक शिलालेख लिखा गया था जो अभी भी मौजूद है। नानक जी की आध्यात्मिक यात्रा का मूल उद्देश्य वर्तमान समय की सामाजिक ,राजनीतिक और धार्मिक परिस्थितियों को समझना था जिसके आधार पर नानक एक नए समाज का निर्माण कर सके। सिख धर्म में नानक देव जी की यात्रा को उदासियाँ कहा जाता है।

**धंनु सु कागदु कलम धनु भांडा धनु मसु।**
**धनु लेखारी नानका जिनि नाम लिखाइआ सचु॥**

> नानक जी ने मनुष्य की एकता पर जोर दिया क्योंकि एकता में बहुत शक्ति होती है। उन्होंने छोटे –बड़े का भेद मिटाने के लिए लंगर की शुरूआत की थी। लंगर शब्द को निराकारी दृष्टिकोण से लिया गया है, लंगर में सभी लोग एक ही स्थान पर बैठकर भोजन करते हैंह्ल लंगर प्रथा पूरी तरह से समानता के सिद्धांत पर आधारित है, जो आज भी समाज के विभाजित खाई को भरती हैं।

## नानक भक्तन दे पद परसे निसदिन राम चरन चित लाया



**कबीर** के बाद मध्ययुगीन समाज को प्रभावित करने वाले संतों में गुरू नानक देव का नाम अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कबीर और नानक के विचारों में बहुत समानता देखने को मिली है। कबीर जिन सामाजिक बुराइयों का विरोध करते हैं उन्हीं सब करने पर जोर देते हैं। कबीर कहते हैं पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार, याते चाकी भली जो पीस खाए संसार। नानक आचरण की शुद्धता, प्रेम और भक्ति के साथ मोक्ष पर जोर देते हैं। मनुष्य को मध्य मार्ग अपनाने के साथ अपने गृहस्थ महान संतों को जन्म दिया है। नानक की मानें तो किसी राष्ट्र के विकास में पुरुषों का जितना योगदान है, उतना ही योगदान स्त्रियों का भी रहा है। जो सम्मान नानक देव ने स्त्री को दिया है वो शायद ही किसी ने दिया है ।

आज अव्यवहारिक होते

नानक देव के दस सिद्धांत :

1.ईश्वर एक है

2.सदैव एक ही ईश्वर की उपासना करो

3.जगत का कर्ता सब जगत और सब प्राणी मात्र में मौजूद है

4.सर्वशक्तिमान ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता

5. ईमानदारी से मेहनत करके उदरपूर्ति करना चाहिये

6.बुरा कार्य करने के बारे में न सोचें और न किसी को सताएँ

7.सदा प्रसन्न रहना चाहिए, ईश्वर से सदा अपने को क्षमाशीलता मांगना चाहिये

8.मेहनत और ईमानदारी से कमाई करके उसमें से जरूरतमंद को भी कुछ अंश देना चाहिये

9.सभी स्त्री और पुरूष बराबर हैं

10.भोजन शरीर को जिंदा रखने के लिये जरूरी है, पर लोभ –लालच व संग्रहवृत्ति बुरी है

बुराइयों को दूर करने का प्रयास नानक देव भी करते हैं ।

कबीर बहुदेववाद, अवतारवाद और मूर्ति पूजा को नहीं मानते थे, नानक देव कबीर की भांति ही नहीं मानते थे। नानक देव पूरी तरह से निराकारवादी थे। कबीर ने प्रतीकात्मक भक्ति में लीन रहने के बजाय, मन से निर्गुण परम ब्रह्म की उपासना पर जोर दिए हैं। नानक देव और कबीर दोनों में बहुत समानता देखने को मिलती है नानक देव अवतारवाद , बहुदेववाद, मूर्ति पूजा को नहीं मानते थे, पूरी तरह से निराकारवादी थे, कबीर प्रतीकात्मक भक्ति में व्यस्त रहने की बजाय व्यक्ति को मन से निर्गुण परम ब्रह्म की उपासना कर्तव्यों के साथ आध्यात्मिक जीवन निर्वाहन करने पर जोर देते हैं।

**स्त्री के संदर्भ में नानक का चिंतन :**

भारतीय समाज में स्त्रियों को सदियों से अपमानित किया गया, हीन भावना से देखा गया और भोग की वस्तु समझा गया हैह्ल अधिकांश भारतीय संतों ने भी नारी की निंदा की है और उसको परमार्थ का विरोधी, नरक का प्रवेश द्वार बताया है। मध्यकाल के घोर स्त्री निंदक युग में गुरु नानक जी उनके महत्व को समझते हुए कहते है कि सौ किऊँ मंदा आखीऐ जिसे जम्मे राजन। उस नारी को बुरा किस लिये कहा जा सकता है जिसने बड़े -बड़े राजाओं, महापुरुषों, समाज से बचने के के लिए नानक देव जी के विचार एवं चिंतन की जरूरत है। मानव कल्याण, शांति के अग्रदूत नानक के विचारों की बढ़ती प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान और भारत के सार्थक प्रयास से जनकल्याण के लिये करतारपुर कॉरिडोर का पुनःसंचालन किया गया है।

हम कितने भी आधुनिक हो जाएं लेकिन जब मार्ग से भटक जाते हैं तो हमे संत, साधक, योगी के विचार ही मूल मार्ग पर लाते हैं। विचार कभी मरते नहीं हैं बल्कि वो पहले से कही ज्यादा वर्तमान में प्रासंगिक होते हैं ऐसे ही गुरु नानक जी की प्रासंगिकता आज भी उतनी है, जितनी पहले थी।

## अछरू माता के चमत्कारिक कुंड मां भक्तों से करती हैं संवाद

**मध्य प्रदेश** के निवाड़ी में अछरू माता का चमत्कारिक मंदिर है। यहां मंदिर में एक कुंड है। इस कुंड से माता रानी भक्तों के सभी सवालों का जवाब देने के साथ ही उन्हें प्रसाद भी देती हैं। यह मंदिर देशभर में काफी फेमस है।

मध्य प्रदेश के निवाड़ी में एक ऐसा चमत्कारिक मंदिर है। जिसके बारे में लोगों का कहना है कि मंदिर में मां कुंड से श्रद्धालुओं को उनकी मन्नत पूरी होने का आशीर्वाद देती है। बता दें कि यह मंदिर निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर तहसील के मडिया ग्राम पंचायत में है। इस मंदिर को अछरू माता का मंदिर कहा जाता है। कहते हैं कि मंदिर के कुंड पर आने वाले भक्तों से माता रानी खुद संवाद करती हैं। वह अफने भक्तों की फरियाद सुन उनके प्रश्नों के उत्तर भी देती हैं। मां भक्तों को यह भी बताती हैं कि उनका काम पूरा होगा भी या नहीं।

**मन्नत पूरी होने से पहले मिलता है प्रसाद**

यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां अछरू माता के अद्भुत दरबार में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। भक्त मंदिर पहुंचकर फरियाद लगाते हैं और अपनी फरियाद सुनाते हैं। भक्त मां से अपनी मन्नत पूरी होने की गुहार लगाती हैं। वहीं माता रानी भी अपने भक्तों की मन्नत पूरी होने का आशीर्वाद देती हैं। इस मंदिर में हाजिरी लगाने वाले भक्तों का कहना है कि प्रसाद के रूप में मां भक्तों को इस अद्भुत कुंड से नींबू, दाख, गरी, फूल, जलेबी, दही और चिरौंजी के रूप में प्रसाद प्रदान करती हैं। कहा जाता है कि जिस भक्त की मनोकामना पूरी होनी होती है, उसे मां अछूरू वैसा ही प्रसाद देती हैं।



**माता ने दिए थे दर्शन**

अछरू माता मंदिर देश के उन मंदिरों में से एक है, जहां पर रोजाना हजारों की संख्या में भक्त मां के दरबार पहुंचते हैं। बता दें कि माता रानी के प्राकट्य की कहानी भी बेहद अनोखी है। बताया जाता है कि 500 साल पहले यादव जाति का एक चरवाहा, जिसका नाम अछरू था, वह भैंसों को चराने के लिए जंगल गया हुआ था। तभी चरवाहे की एक भैंस खो गई और चरवाहा अपनी भैंस को ढूंढते हुए परेशान हो रहा था। चरवाहा अपनी गुम हुई भैंस को खोजते-खोजते प्यासा हो उठा। इस दौरान वह आराम करने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गया। तभी माता ने उस चरवाहे को कुंड से निकलकर दर्शन दिए। इसके बाद माता ने चरवाहे को कुंड से पानी पीने के लिए कहा।

बताया जाता है कि जब चरवाहे ने पानी पीने के बाद कुंड में अपनी लाठी को डाला तो वह उस कुंड में समा गई। यह देख चरवाहा हैरान हो गया। फिर माता रानी ने उसे उस स्थान की जानकारी दी। जहां पर उसकी भैंस थी। उसी जगह पर उसे उसकी लाठी भी मिल गई। यह देख चरवाहा काफी हैरान हो गया। कहते हैं कि उस दिन के बाद से चरवाहा रोजाना उस स्थान पर आकर पूजा-अर्चना करने लगा। जिसके बाद धीरे-धीरे यह बात पूरे गांव में फैलने लगी और लोग यहां आकर अपनी अर्जी लगाने लगे। वहीं मां कुंड से भक्तों के सवालों के जवाब देने लगीं।

मंदिर में चमत्कार

जिसके बाद धीरे-धीरे यह स्थान देशभर में फेमस हो गया। बाद में इस स्थान पर माता रानी का मंदिर बनवाया गया। मां का चमत्कारिक कुंड एक पहाड़ी पर स्थित है। यह हमेशा जल से भरा रहता है। कई बार बुंदेलखंड क्षेत्र में सूखे की चपेट में आया लेकिन उस कुंड का पानी हमेशा पहले की तरह ही भरा रहा। पहाड़ी स्थान होने के बाद भी कुंड का पानी कभी कम नहीं होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मां दैवीय आपदाओं का संकेत देती हैं। साथ ही कुंड में जल और प्रसाद कहां से आता है। इस बारे में भी लोगों ने पता करने का प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं लगाया जा सका।


**मां सती का गिरा था आंसू**

मान्यता है कि जब प्रजापति दक्ष ने यज्ञ में भगवान शिव का अपमान किया था तो उस दौरान माता सती की आंखों में आंसू आ गए थे। यह वहीं स्थान हैं, जहां पर माता सती के आंसू गिरे थे। बताया जाता है कि एक बार कुंड के आसपास सफाई की जा रही थी। तभी किसी ने लोहे की साग से कुंड में लगी काई को कुरेद कर साफ करने की कोशिश की। तभी से इस कुंड का पानी लाल हो गया था।

**नवरात्रि में होता है मेले का आयोजन**

मंदिर के पुजारी के अनुसार, वर्षों पहले इस स्थान की खोज करने वाले मां अछरू मैया के अनन्य भक्त अछरू परिवार के लोग ही मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं चैत्र और शारदीय नवरात्रि में यहां पर बड़े स्तर पर मेले का आयोजन किया जाता है।

## शास्त्रों के अनुसार देश का नाम भारत वर्ष कैसे पड़ा



पुरुवंश में अनेक रार्जिष हुए हैं। राजा दुष्यंत भी इन्हीं के वंशज थे। एक बार राजा दुष्यंत शिकार खेलने निकले तो कण्व ऋषि के आश्रम में पहुंच गए। वहां उन्होंने एक बहुत ही सुंदर कन्या को देखा। राजा दुष्यंत उस सुंदरी को देखकर उस पर अत्यंत मोहित हो गए। उस समय आश्रम में वह कन्या अकेली ही थी। युवती ने राजा से कहा, ''मैं कण्व ऋषि की पुत्री हूं। वह इस समय तपस्या में समाधिस्थ हैं। आप मेरा आतिथ्य स्वीकार करें।''

राजा ने कहा, ''देवी! मैं क्षत्रिय हूं। मैं आपको देखकर मोहित हो गया हूं। आप निश्चय ही ब्राह्मण-पुत्री नहीं हो सकतीं।''

युवती ने कहा, ''सच है। मैं ऋषि विश्वामित्र एवं मेनका की पुत्री शकुंतला हूं। जन्म होते ही मेरी माता मुझे यहां छोड़कर चली गई। कण्व ऋषि ने ही मेरा पालन-पोषण किया इसलिए मैं उनकी पुत्री हूं।''

शकुंतला की बातों से राजा और भी अधिक प्रभावित हुए। शकुंतला की स्वीकृति प्राप्त कर राजा दुष्यंत ने उससे 'गंधर्व-विवाह' किया। कुछ समय अपनी प्रिय पत्नी के साथ बिताने के बाद राजा अपनी नगरी को लौट गए।

शकुंतला गर्भवती थी। समय आने पर उसे पुत्र हुआ। महर्षि कण्व ने उसका विधिवत जातकर्म संस्कार आदि किया और उसको क्षत्रिय धर्म के अनुरूप शस्त्रविद्या की शिक्षा देने लगे। वह बालक बचपन से ही साहसी एवं बलवान था। सिंह शावकों को बांध कर उनके साथ खेलना उसकी एक विशेषता ही थी। राजा दुष्यंत ने लौटते समय शकुंतला को कण्व ऋषि के आने के बाद अपनी नगरी में ले जाने का वचन दिया था। शकुंतला उनके पास गई, पर राजा ने शापवश उसे स्वीकार नहीं किया। राजा दुष्यंत को शकुंतला से विवाह आदि का विस्मरण हो गया। अतः शकुंतला कण्व के आश्रम में रहती रही और यहीं उसने अपने पुत्र को जन्म दिया। यही पुत्र आगे चलकर 'भरत' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। भरत के नाम से आज हमारा देश 'भारतवर्ष' कहा जाता है। बालक भरत की सिंह-शावकों को बांधकर खेलने की लीला, शिकार खेलने आए राजा दुष्यंत ने देखी।

राजा को स्वाभाविक स्नेह उत्पन्न हुआ। उसी समय आकाशवाणी हुई, जिसने राजा को स्मरण कराया कि शकुंतला से गंधर्व विवाह करके तुमने ही बालक को उत्पन्न किया है। तब राजा दुष्यंत ने कण्व ऋषि से क्षमा-प्रार्थना की तथा अपनी पत्नी शकुंतला एवं पुत्र भरत को लेकर अपनी राजधानी लौट गए।

राजा दुष्यंत के बाद भरत चक्रवर्ती सम्राट बने। उन्होंने गंगासागर से गंगोत्री तक पचपन अश्वमेध यज्ञ और प्रयाग से लेकर यमुनोत्री तक यमुना तट पर अठहतर अश्वमेध यज्ञ किए। राजा भरत ने सर्वाधिक यज्ञ करके सभी राजाओं में श्रेष्ठता प्राप्त की। उन्होंने पृथ्वी पर एकछत्र राज्य किया।

**(श्रीमद्भागवत पुराण से)**

# सिनेमैजिक्स बना झारखंड का पहला ओटीटी प्लेटफॉर्म

## संथाली सिने स्टार सुरेंद्र टुडु समेत कई स्टार की उपस्थिति में लांच हुआ ओटीटी

विशेष संवाददाता



ओटीटी प्लेटफार्म सिने मैजिक्स के लांचिंग समारोह में दीप प्रज्वलित करते संथाली फिल्मों के स्टार सुरेंद्र टुडू। साथ में शशांक शेखर, राजीव सिंह, पूरबी घोष, अनिमेष और शालिनी प्रसाद।

**जमशेदपुर।** झारखंड में मनोरंजन उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जहां राज्य का पहला ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म, सिनेमैजिक्स, आज आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया। यह भव्य कार्यक्रम, होटल रॉयल हिल्स, मानगो, जमशेदपुर में हुआ, जिसमें शहर की प्रसिद्ध समाजसवी श्रीमती पूर्वी घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी जबकि मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में संथाली फिल्म स्टार सुरेंद्र टुडू, शशांक शेखर, सिने मैजिक्स के प्रमोटर व सीइओ राजीव कुमार सिंह, को-प्रमोटर अनिमेष एवं ओटीटी सब्जेक्ट पर शोधकर्ता सुश्री शालिनी प्रसाद उपस्थित थे। उन्होंने सिनेमैगिक्स का उद्घाटन किया और डायन नामक संताली वेब श्रृंखला के मुहूर्त शॉट के लिए उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं। सिने मैजिक्स के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, सीइओ राजीव सिंह ने झारखंड में एकमात्र ओटीटी प्लेटफॉर्म के रूप में सिनेमैजिक्स की विशिष्टता पर प्रकाश डाला, जो राज्य में बोली जाने वाली सभी विविध भाषाओं में मनोरंजन प्रदान करता है, जिसमें संताली, हो, भोजपुरी, खोरठा, नागपुरी और अन्य शामिल हैं।

संथाली वेब श्रृंखला डायन के माहुरट शॉट को मंत्री की सराहना मिली, जो क्षेत्रीय मनोरंजन में एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में राज वीडियो से राजीव प्रसाद की उपस्थिति भी देखी गई, जिससे इस अभूतपूर्व पहल में उद्योग का समर्थन और बढ़ गया।

सिनेमैजिक्स के जनसंपर्क अधिकारी राजु मित्रा ने सभी उपस्थित लोगों और समर्थकों को हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने प्राप्त प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री का जश्न मनाने वाला एक मंच बनाने के लिए सिनेमैगिक्स की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

ज्ञात हो कि सिनेमैजिक्स झारखंड का पहला स्वदेशी ओटीटी प्लेटफॉर्म है जो भाषाई विविधता को संरक्षित और बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ क्षेत्र में बोली जाने वाली विविध भाषाओं में फिल्मों और मनोरंजन सामग्री को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित है, सिनेमैजिक्स झारखंड और उसके बाहर के दर्शकों के लिए एक अद्वितीय और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देखने का अनुभव प्रदान करता है।

खबर एक नजर में

### सेंटर फॉर एक्सीलेंस में शॉर्ट फिल्म फेस्टीवल 25-26 को



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते तथागत, मर्लिन अंकलसेरिया, गौतम शंकर व अन्य।

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के नेतृत्व में दो दिवसीय शॉट फिल्म फेस्टीवल 2023 शनिवार और रविवार (25 एवं 26 नवम्बर) को होने जा रहा हैं। दो दिवसीय फेस्टीवल में शाम 5 बजे से कुल 13 शॉट फिल्म दिखाई जायेगी, जिसमें पांच फिल्म जमशेदपुर के कलाकारों द्वारा कोल्हान में ही बनायी गयी हैं। पहले दिन 07 और दूसरे दिन 06 फिल्में दिखाई जायेगी। इस फेस्टीवल के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका ललिता सरीन और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वी घोष शामिल होगी। इस साल यह शॉट फिल्म फेस्टीवल 16वें वर्ष में प्रवेश कर रहा हैं। इस संबंध में शुक्रवार को सेंटर फॉर एक्सीलेंस के मीटिंग हॉल में संवाददाता सम्मेलन में टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के चीफ तथा फिल्म डायरेक्टर तथागत भट्टाचार्जी, सेंटर फॉर एक्सीलेंस प्रमुख मर्लिन एफ अंक्लेसरिया एवं रंगमंच के कलाकार गौतम शंकर दास ने बताया कि दो दिन में छह मिनट से लेकर 29 मिनट तक की 13 फिल्में दिखाई जाएंगी। जिसमें 8 हिंदी, 2 अंग्रेजी, 2 बंगाला एवं 1 आसामी फिल्म हैं। इसमें जमशेदपुर के अलावा, मुंबई और कोलकाता समेत एक अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी फिल्म अमेरिका में बनी हैं। मालूम हो कि टाटा स्टील द्वारा समर्थित यह फिल्म फेस्टिवल सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ प्रोफेशनल एक्सीलेंस (एसपीपीई), जमशेदपुर और टेक 5 कम्युनिकेशंस, कोलकाता का एक सहयोग है।

### मानगो में तीन हजार से अधिक भक्तों ने किया बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण



**जमशेदपुर।** देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल मानगो का दो दिवसीय 24वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ धूमधाम से शुक्रवार को संपन्न हुआ। मानगो न्यू पुरुलिया रोड स्थित श्याम भवन में दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह 04.15 बजे मंगला आरती की गयी। बाबा श्याम का बारस का पूजन एवं भोग सुबह 11.15 बजे लगा। महाप्रसाद दोपहर सवा एक बजे से शुभारंभ हुआ जो संध्या पांच बजे तक चला। शहर के लगभग हर क्षेत्र समेत आस-पास एरिया से आये तीन हजार से अधिक भक्तों ने बाबा श्याम का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस पूरे भक्तिमय कार्यक्रम में श्याम भक्ति का ऐसा रंग चढ़ा कि भक्तों ने श्री श्याम प्रभु के अलौकिक छवि को अपने हृदय पटल पर अंकित किया। भक्तों ने बाबा श्याम के समक्ष सच्चा है दरबार तुम्हारा, संकट काटो श्याम हमारा की प्रार्थना की। दो दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर प्रसाद अग्रवाल, विजय खेमका, सीमांत अग्रवाल, शिव प्रकाश शर्मा, सीताराम महेश्वरी, अशोक चौधरी, पवन संघी, विजय अग्रवाल, तुलसी खेमका, गणेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राजेश मोदी, महेश देबूका, रमेश अग्रवाल मनोज मोदी, मुकेश देबूका, बिष्णु अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल सहित श्री श्याम युवा मंच एवं श्री श्याम महिला मंडल की टीम का योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

### बारीडीह पोस्ट ऑफिस मैदान में मना साई महोत्सव

**जमशेदपुर ।** बारीडीह पोस्ट ऑफिस ग्राउंड के पास साई महोत्सव मनाया गया । उक्त अवसर पर अध्यक्ष चिन्मय घोष ने कहा की 2002 से ही यहाँ साई महोत्सव का आयोजन होते आ रहा है । साथ ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत ही नियमपूर्वक साई जी की पूजा अर्चना किया गया । पूरे कॉलोनी वाशियों का सहयोग प्राप्त होता है । कॉलोनी वाशियों के बिच भोग वितरण के साथ ही संध्या के वक्त चना एवं हलुवा का भी वितरण किया गया । कॉलोनी के बूढ़े, बच्चे के साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर शेरू, सरवन, रिक्की, चिंटू सिंह, अमित सिंह, राजा चटर्जी के अलावा भी कॉलोनी के माता एवं बहनों ने भी भाग लिया ।

### मशहूर शायर महशर हबीबी का निधन

**जमशेदपुर ।** कबीरनगर कपाली निवासी जानेमाने बुजुर्ग शायर व शायकीन ए अदब के कोषाध्यक्ष मो . निजामुद्दीन ( महशर हबीबी ) का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे । आज बाद नमाज असर जाकिरनगर मुस्लिम कब्रिस्तान मे मय्यत को सपुर्दे खाक किया गया। जनाजे की नमाज गौसिया मस्जिद के सामने अदा की गई । फातिहाख्वानी व उनकी मगफिरत के लिए कारी फरीदुद्दीन सीवनी अशरफी ने दुआ की । जनाजे मे हाजी अशरफ अली , अजय महताब , मतीनुल हक अंसारी , प्रो . अहमद बद्र , प्रो . गौहर अजीज , नजीर अहमद नजीर , रिजवान औरंगाबादी , जमशेद रहबर , सरवर हुसैन , नबी अहमद , मास्टर अशरफ अनवर , मोइनुद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

### उत्कल एसो. ने मनाया 90वां स्थापना दिवस

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को उत्कल एसोसिएशन ने अपना 90वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ मनोज कुमार महंता, वरिष्ठ वैज्ञानिक एनएमएल जमशेदपुर, मुख्य वक्ता डॉ रविंद्र कुमार बिहारी, प्रख्यात ओड़िआ लेखक उपस्थित थे। इस समारोह में उत्कल संगठन के ट्रस्टी मनोरंजन दास, ट्रस्टी करनल डॉक्टर सीमांचल रावल, संगठन के मुख्य श्री एस के बेहरा, अध्यक्ष डॉक्टर श्रीधर प्रधान, महा सचिव तरुण मोहंती 90 वर्ष के उत्कल संगठन के इतिहास पर प्रकाश डाला। इससे कार्यक्रम में उत्कल संगठन के निम्नलिखित वरिष्ठ मेंबरों को उनके उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

# जेआरडी ने देश को आर्थिक आजादी दिलायी : अरुण

### जेआरडी व्याख्यानमाला में बोले योजना आयोग के पूर्व सदस्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



व्याख्यानमाला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते योजना आयोग के पूर्व सदस्य अरुण मायरा। साथ में टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन व अन्य।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार की शाम एक्सएलआरआइ में जेआरडी टाटा व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारत के योजना आयोग के पूर्व सदस्य सह बीसीजी इंडिया के चेयरमैन अरुण मायरा जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी सह एक्सएलआरआइ के चेयरमैन टीवी नरेंद्रन मौजूद थे। दोनों ने एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, जेआरडी टाटा सेंटर फॉर बिजनेस एथिक्स के चेयरमैन फादर कुरुविला पांडिकुट्टू व डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान अरुण मायरा ने देश के भावी मैनेजरों को बिजनेस एथिक्स पर संबोधित किया. उन्होंने कहा, आम तौर पर नयी पीढ़ी के लोगों के जेहन में यह बातें रहती हैं कि बड़ी कंपनियां व्यापार करती हैं, और केवल मुनाफा कमाती हैं। वह राष्ट्र निर्माण में कार्य नहीं करती है लेकिन इस बात को टाटा ग्रुप में गलत साबित किया है। कहा कि जब महात्मा गांधी भारत को आजाद करने की लड़ाई लड़ रहे थे, उस वक्त जेआरडी टाटा भी एक लड़ाई लड़ रहे थे,वह लड़ाई थी भारत को आर्थिक रूप से सबल बनाने की। श्री मायरा ने कहा कि जेआरडी टाटा को जब भी कोई कड़ा फैसला लेना होता था तो वे खुद से पूछते थे कि टाटा के लिए क्या अच्छा होगा और भारत के लिए क्या अच्छा होगा और अगर दोनों के बीच कोई टकराव हुआ तो वह उस निर्णय के साथ आगे बढ़ेंगे जो भारत के लिए अच्छा होगा। उन्होंने जेआरडी टाटा के नेतृत्व गुण से हर किसी को सीख लेने का आह्वान किया। अरुण मायरा ने प्रबंधन क्षेत्र में भागवत गीता के संदर्भ का उदाहरण देकर कि गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उत्तर दिया-तुम्हारा अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। उन्होंने कहा कि आपको अपना काम अपनी सर्वोत्तम क्षमता से करनी चाहिए, लेकिन आपकी सफलता का फल के आनंद सिर्फ आपके अकेले के लिए नहीं होनी चाहिए। कहा कि उस पर दुनिया में हर उस इंसान का हक है जिसने आपको बनाया है। उन्होंने अंत में कहा, समाज को अर्थव्यवस्था के साथ फिर से जुड़ना होगा।

### एक्सएलआरआइ में विद्यार्थियों को बिजनेस एथिक्स का कोर्स है अनिवार्य

जेआरडी टाटा सेंटर फॉर बिजनेस एथिक्स के चेयरमैन फादर कुरुविला पांडिकुट्टू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एक्सएलआरआइ ना सिर्फ बिजनेस लीडर तैयार करती है बल्कि उनमें एथिकल वैल्यू का समावेश हो इसके लिए खास तौर पर कोर्स को डिजाइन किया गया है। जिसके तहत हर विद्यार्थी को बिजनेस एथिक्स के 11 कोर्स करने अनिवार्य होते हैं। एक्सएलआरआइ के आने वाले शैक्षणिक वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय नैतिकता सम्मेलन की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने टाटा स्टील की ओर से चलायी जा रही एथिक्स पर आधारित कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी जिक्र किया।

### इंडियन ओवरसीज बैंक में लगा आई कैंप



नेत्र शिविर में उपस्थित अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** इण्डियन ओवरसीज बैंक मानगो शाखा ,नीवा बूपा स्वास्थ्य बीमा कंपनी एवं ए एस जी आई हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन इण्डियन ओवरसीज बैंक की मानगो शाखा मेंं किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय समाजसेवी सह जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्री राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री पंकज सिन्हा,श्रीमन ग्रूप आफ एजुकेशन के संस्थापक श्रीमन नारायण त्रिगुण उपस्थित थे। शिविर में बैंक के देवतुल्य ग्राहकों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों का नेत्र जांच किया गया एवं विशेषज्ञों के द्वारा आंखों की सुरक्षा से संबंधित विशेष परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक संदीप कुमार,विवेक पराशर सिन्हा, डॉली हांसदा, रंजीत बिन्धानी, हीरामती हेम्ब्रम, इन्दरजीत सिंह, शंकर मछुआ, पूतूल लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

# टीवी नरेंद्रन को मिला आइआइएम जेआरडी टाटा अवार्ड-2023

खबर मन्त्र संवाददाता



अवार्ड ग्रहण करते टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) ने आज भुवनेश्वर में आयोजित संस्थान की 77वें वार्षिक तकनीकी बैठक में टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन को 'मेटलर्जिकल इंडस्ट्रीज में कॉर्पोरेट लीडरशिप में उत्कृष्टता' के लिए प्रतिष्ठित आईआईएम-जेआरडी टाटा पुरस्कार (2023) से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स के प्रेसिडेंट सतीश पाई ने प्रदान किया। यह सम्मान टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और जिम्मेदार व्यावसायिक अभ्यासों के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप, खनन और धातु उद्योग में टी. वी. नरेंद्रन के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करता है ।वर्ष 2006-07 में संस्थान द्वारा शुरू किया गया विशेष आईआईएम-जेआरडी टाटा पुरस्कार जे. आर. डी. टाटा की विरासत की याद दिलाता है, जो बड़े पैमाने पर समुदाय और राष्ट्र में बदलाव लाने वाले समूह के दृष्टिकोण को दशार्ता है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल्स एक प्रमुख व्यावसायिक संगठन है, जिसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है।

### समाजसेवी अशोक और ममता गोलछा ने डोनेट की सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था उर्विता द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय, हुरलुंग में मासिक धर्म स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम हैप्पी एंड सेफ पीरियड्स कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से विद्यालय को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन प्रदान किया गया। यह वेंडिंग मशीन राजनंदगांव छत्तीसगढ़ के समाजसेवी गोलछा दंपति ममता गोलछा और अशोक गोलछा की ओर से दान स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर उर्विता संस्था की सचिव डॉक्टर नीना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम के दस सरकारी उच्च, मध्य विद्यालयों को चिन्हित करके किशोरियों को पीड़ा रहित और स्वस्थ माहवारी के बारे में जागरूक करते हुए प्रत्येक विद्यालय में एक सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, 500 सैनिटरी पैड्स और सैनिटरी पैड्स के सुरक्षित निपटान हेतु डिस्पोजल मशीन प्रदान किया जा रहा है। इसी योजना के तहत जिले में सबसे पहले माहूलिया उच्च विद्यालय गालूडीह तथा इसके बाद राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुरलुंग को शामिल किया गया है। उन्होंने माहवारी स्वच्छता से जुड़े विभिन्न भ्रामक तथ्यों की जानकारी दी और मिलकर इन भ्रांतियां को दूर करते हुए अच्छे स्वास्थ्य की दिशा में कदम उठाने पर बल दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगल पुरस्कार विजेता एवं टाटा मोटर्स अस्पताल में 20 वर्ष सेवा दे चुकीं सीनियर नर्स वाई. शैलजा ने किशोरियों को संबोधित करते हुए माहवारी चक्र से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने किशोरियों को उनके निम्न आर्थिक स्थिति का ध्यान रखते हुए माहवारी के दौरान पौष्टिक फल और सब्जियों के सेवन के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का लाभ विद्यालय के कक्षा छह से आठ के 120 छात्राओं को मिलेगा। कार्यक्रम में 52 किशोरियों ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर महिला शिक्षिका सुश्री नदीम नेहाल उपस्थित थी।

### कृत्रिम पैर पाने पर मोहम्मद अली ने किया खुशी का इजहार



जमशेदपुर। मोहम्मद अली अंसारी जिनकी उम्र लगभग 65 वर्ष की है और जकिरनगर हुसैनी मुहल्ला के निवासी है पिछले वर्ष सेप्टिक फैल जाने के कारण उन्हें अपना बाया पैर खोना पड़ा जिसके कारण वो स्वयं को बहुत ही मजबूर एवं लाचार समझने लगे उन्हें किसी भी काम को करने के लिए किसी का सहारा लेना पड़ता था।पिछले कुछ दिनों पूर्व उन्हें ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की मदद से उन्हें इलाज के लिए सर्जन के पास लेकर जाया गया पर जहां डॉक्टर ने उनका विकलांग प्रमाण पत्र बनाया और उन्हे कृत्रिम पैर लगाने की सलाह दी। जिसके लिए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान और अफताब आलम ने महावीर विकलांग सहायता शिवर ले जाकर उनके पैर का पूरा माप लिया और उसमे बाद मोहम्मद अली अंसारी को कृत्रिम पैर लगाया गया और अब वह अपने सारे कार्य स्वयं ही बिना किसी सहारे के कर सकते है और इसके लिए उन्होंने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान,मोइनुद्दीन अंसारी,शाहिद परवेज,अफताब आलम का बहुत बहुत धन्यवाद दिया और उनकी इस मदद पर बहुत खुशी का इजहार किया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

# पंचायतों में शिविर लगाकर लिया ग्रामीणों से योजनाओं के लिए आवेदन

- डीसी ने उत्तरी ईचड़ा पंचायत एवं केंदुआ पंचायत के शिविर का किया निरीक्षण
- केंदुआ पंचायत के शिविर में संजीव सरदार हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



एक लाभुक को सम्मानित करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री।

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य सरकार के निदेर्शानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला में आज से 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत हुई । 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन 9 प्रखंड के 9 पंचायत एवं 2 नगर निकायों में शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डीसी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मुसाबनी प्रखंड के उत्तरी ईचड़ा पंचायत एवं डुमरिया प्रखंड के सुदूर केन्दुआ पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया । शिविर में माननीय विधायक पोटका श्री संजीव सरदार, दोनों शिविरों में प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे । डीसी ने शिविर में पहुंचे लोगों को 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी देते हुए लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया । उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है । उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं । स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना, छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हड़िया दारू बेचने के कार्य को छोड़कर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए फुलो झानो आशीर्वाद योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनायें हैं जिनका लाभ लेने के लिए ग्रामीण अपने पंचायत स्तरीय शिविर में आवेदन कर सकते हैं ।

### जय हो के उद्घोष के साथ ट्रैकिंग करते हिंद आइटीआइ के बच्चे



**जमशेदपुर।** ज्ञान और स्वास्थ्य की जय हो कार्यक्रम के तहत ट्रैकिंग का आनंद लेने आज दिनांक 24 नवम्बर, 2023 को हिन्द आईटीआई की पूरी टीम मानगो पारडीह स्थित पहाड़ी पर पहुंची। आज का यह ट्रैकिंग कार्यक्रम हिन्द आइटीआई के डायरेक्टर डॉक्टर मोहम्मद ताहिर हुसैन के सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सेवा निवृत्त नेवी के जवान एवं जय हो टीम के मुख्य सदस्य हरेन्दू शर्मा और अर्जुन ठाकुर शामिल हुए वहीं विशेष अतिथि के रूप में वब्दर के उएड श्री अनिल कुमार मौर्य एवं मस्कत, ओमान से जमशेदपुर शहर घूमने आए श्री राकेश कुमार उपस्थित हुए। सुबह 5 :30 बजे पूरी टीम ट्रैकिंग के लिए पारडीह स्थित सिटी इन होटल के पीछे पहाड़ी पर पहुंची और ट्रैकिंग आरम्भ की। इस पहाड़ी पर स्थित झरने के पास सभी ने योग और स्वास्थ्य पर विशेष चर्चा की। तत्पश्चात आईटीआई के बच्चों के बीच नेवी के पूर्व जवान हरेन्दू सर ने स्वास्थ्य से जुड़ी बातों को बताते हुए कसरत कराया। वहीं अनिल कुमार मौर्य ने बच्चों के बीच नशा से दूर रहने की अपील की। ट्रैकिंग और कसरत के उपरांत सभी ने नाश्ता के तौर पर चना, सलाद, केला आदि ग्रहण किया। आज का यह ट्रैकिंग कार्यक्रम सुबह 8 बजे तक चला। इस ट्रैकिंग कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्द आईटीआई साहिद अंसारी, एमडी सेराज, सैयद शारिक अली, मोहम्मद जिलानी, एमडी कैफ, अरमान बाबू, एमडी फिरदौस, एमडी कामिल, अतीकुर रहमान, नेयाजुद्दीन, एमडी अजहर, ज्ञान प्रकाश और बासित अली खान शामिल हुए।

# पांच दिनों तक चले बाल मेला का समापन, 25 हजार छात्र-छात्राओं ने की शिरकत

### प्रतियोगिता के विजेताओं और सीनियर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो



समापन समारोह में सम्मानित महिला सीनियर खिलाड़ियों के साथ मनोज प्रसाद व विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** कोल्हान के आयुक्त मनोज कुमार ने बाल मेला के आयोजन को अनोखा, अदभूत और बेहद अपीलिंग बताया है। उन्होंने कहा कि पाँच दिनों तक चला यह मेला सांस्कृतिक झलक के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात करने में सफल रहा है। एक मेले में संस्कृति और आधुनिकता का ऐसा पुट सिर्फ सरयू राय ही डाल सकते हैं। वह स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित पाँच दिवसीय बाल मेला के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मनोज कुमार ने कहा कि इस मेले में सरकारी कन्ट्रीब्यूशन भी था। यह देखकर अच्छा लगा। मुझे और अच्छा लगता यदि ट्रैफिक पुलिस वाले अपना स्टॉल यहाँ लगाते। इस मेले में एक स्टॉल ऐसा भी लगना चाहिए था, जिसमें बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया जाता। दरअसल आज के माता-पिता अपने आप में ही इतना बिजी हो गये हैं कि उन्हें अपने बच्चों को संस्कार देने का वक्त ही नहीं मिलता। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि इस मेले में वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ये खिलाड़ी बच्चों के लिए रोल मॉडल बनेंगे। ऐसी सोच रखने के लिए विधायक सरयू राय की प्रशंसा होनी ही चाहिए। अपने स्वागत भाषण में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि यह मेला गैर व्यवसायिक था। हमने बाल मेले का उद्देश्य ही रखा था नशाखोरी का विरोध और पुराने दौर के खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में संजीव कुमार तोमर, अवतार सिंह, नारायण चन्द्र डे, मोहन राय, जुझार सिंह, जे. बेहरा, संजीव कुमार, सुशांत भट्ट, राजकुमार सिंह, पूजा कौर, अमनदीप कौर, सुखदेव सिंह, हिमांशु सिंह, प्रिया महारी, तन्नु कुमार, विधि रावल, आई शोभित, दीपांशु सिंह, रौनक राज गुप्ता, आर.के. वर्मा और भोला सिंह मुण्डा को शॉल एवं प्रतीकचिन्ह देकर विभिन्न खेलों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके पश्चात चित्रकार रामानुज शेखर, दीपांकर कर्मकार, मुक्ता गुप्ता, मो. नजीर, विशेन्द्र नारायण सिंह और परमीत को विधायक सरयू राय, आयुक्त कोल्हान मनोज कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मूर्मू, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, राजकुमार सिंह एवं मंचासीन अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया। मंच संचालन एंकर टिंवंकल एवं श्याम कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## इंग्लैंड के गेंदबाज टोंग कैरेबियाई दौरे से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टोंगू चोट के कारण इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे से बाहर हो गये हैं और उनकी जगह वनडे सीरीज के लिए अनुभवहीन दाएं हाथ के मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया गया है। संयुक्त अरब अमीरात में इंग्लैंड लायंस के साथ प्रशिक्षण शिविर में टोंग को चोट लगी थी। इंग्लैंड वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। पॉट्स ने आखिरी बार तीन वनडे मैच खेले थे और सबसे हालिया मैच आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से ठीक पहले ब्रिस्टल में आयरलैंड के खिलाफ था।

## विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाये कीर्तिमान

**मुबंई।** आइसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज्नी स्टार के अनुसार, भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आइसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1,250,307 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2015 विश्व कप के 1,016,420 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया।

## सूर्यकुमार छह महीने तक टी20 खेलना चाहिए आकाश चोपड़ा



**मुबंई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव के बारे में भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा की राय है कि कुमार को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये। भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में भारत को दो विकेट से जीत मिली जिसमें सूर्यकुमार ने 80 रन की पारी खेली। आकाश ने कहा, टी20 में सूर्यकुमार यादव अलग तरह के खिलाड़ी लगते हैं। उनकी अप्रोच बिल्कुल अलग होती है। वह रूकने वालों में से नहीं लगते। ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि उनका डीएनए इसमें रंग गया है। उन्हें लगता है कि वह प्रारूप की जरूरतों को अच्छे से समझते हैं और परिस्थिति के हिसाब से प्लान बनाते हैं। यहां तक कि विरोधी टीम भी उनकी विस्फोटकता से वाकिफ हैं और उनके लिए अलग तरह की फील्ड लगाते हैं।

## मोंगा ने डीजीसी महिला एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप जीती



**नयी दिल्ली।** गौरी मोंगा (236) ने अमरीन संधू (237) की कड़ी चुनौती से पार पाकर शुक्रवार को यहां 13वीं डीजीसी महिला एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता। अंतिम होल से पहले तक दोनों खिलाड़ी बराबरी पर चल रही थी। इसके बाद गौरी ने एक शॉट की बढ़त हासिल करके पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस टूनार्मेंट में 10 से 83 वर्ष की 102 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। गौरी (236) के बाद अमरीन (237), मयाली कश्यप (239), दीया बरार (248) और शिराज सिंह (251) शीर्ष पांच में शामिल रही।

# डेविस कप : सुमित और मुकुंद ने पाकिस्तान जाने से किया इनकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के दो शीर्ष एकल खिलाड़ियों सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआइटीए) को बता दिया है कि वह आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे, जिससे नाराज राष्ट्रीय संघ ने खिलाड़ियों के इस रवैये पर अपनी अगली कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है। नागल भारत के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। उनकी विश्व रैंकिंग 141 है जबकि मुकुंद 477 विश्व रैंकिंग के साथ भारतीय खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने सूचित कर दिया है कि वे फरवरी में होने वाले विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने हालांकि इसका कोई ठोस कारण नहीं बताया है। नागल इसलिए नहीं खेलना चाहते हैं क्योंकि यह मुकाबला ग्रास कोर्ट पर होगा। इस तरह के कोर्ट पर वह अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। मुकुंद ने निजी कारणों से इस मुकाबले से हटने का फैसला किया है। एआइटीए के सूत्रों ने कहा, नागल ने काफी पहले टीम प्रबंधन को बता दिया था कि पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उन्हें ग्रास कोर्ट पर खेलना पसंद नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय चुनौती की अगुवाई रामकुमार रामनाथन करेंगे जिनकी सर्व और वॉली' की शैली इस तरह के कोर्ट के अनुकूल है। इस मुकाबले में





जीत दर्ज करने वाली टीम वर्ष 2024 में विश्व ग्रुप एक में बनी रहेगी। भारत के पास दूसरा विकल्प दिग्विजय प्रताप सिंह है जिन्होंने इस साल सितंबर में मोरक्को के खिलाफ डेविस कप में पदार्पण किया था। रोहन बोपन्ना पहले ही संन्यास ले चुके हैं और एकल में अपने शीर्ष खिलाड़ी नागल की अनुपस्थिति में भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत नहीं करेगा, जबकि पाकिस्तान का दारोमदार भी दो उम्र दराज खिलाड़ियों अकील खान और ऐसाम उल हक कुरैशी पर टिका है। एआइटीए के महासचिव अनिल धूपर ने खिलाड़ियों को याद दिलाया कि राष्ट्र की तरफ से खेलने के लिए उन्हें एक बार भी सोचना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा, यह गलत है। जब देश की तरफ से खेलने की बात आती है तो आप पीछे क्यों हट जाते हैं। मैंने यह मामला कार्यकारी समिति को सौंप दिया है। धूपर ने कहा, मेरा सिद्धांत है कि जब भारत का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है तो खिलाड़ियों के पास कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। लेकिन फैसला मेरे हाथ में नहीं है। इस पर फैसला कार्यकारिणी करेगी। अगर खिलाड़ी अस्वस्थ या चोटिल है तो बात समझी जा सकती है लेकिन यह पहला अवसर नहीं है जबकि मुकुंद ने देश की तरफ से खेलने से इनकार किया है। वह पहले भी दो बार ऐसे कर चुका है।' इससे पहले 2019 में भी भारत को पाकिस्तान में खेलना था लेकिन सुरक्षा कारणों से एशिया ओसियाना ग्रुप एक का यह मुकाबला कजाकिस्तान में खेला गया था। भारत ने इस बार भी तटस्थ स्थल पर मैच करवाने के लिए प्रयास किए थे लेकिन डेविस कप समिति ने एआईटीए की अपील नामंजूर कर दी थी। धूपर ने कहा, डेविस कप समिति ने हमारा प्रस्ताव नामंजूर कर दिया है और हमने इस फैसले को खेल पंचाट में चुनौती दी है। अगर हमें पाकिस्तान जाना पड़ेगा तो फिर हमारे पास कोई विकल्प नहीं होगा और इस मुकाबले के लिए हमें अच्छी तैयारी करनी होगी। पाकिस्तान भी भारतीय टीम की मेजबानी करने का इच्छुक है तथा पाकिस्तान टेनिस महासंघ पहले ही कह चुका है कि अगर मैच स्थल बदला जाता है तो वह इस मुकाबले से हट जाएगा। भारत अगर इस दौरे पर जाता है तो यह पिछले 59 वर्षों में डेविस कप टीम का पहला पाकिस्तान दौरा होगा। भारतीय डेविस कप टीम ने आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और उस मुकाबले में 4-0 से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तानी ने तीन बार भारत का दौरा किया है। भारत अभी तक डेविस कप में पाकिस्तान से नहीं हारा है।

# आइपीएल ऑक्शन 2024 : हार्दिक मुंबई इंडियंस में लौटेंगे ! गिल कर सकते हैं गुजरात टाइटंस की कप्तानी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल ऑक्शन नजदीक आते ही सभी फ्रेंचाइजियों में ट्रेडिंग तेजी से चल रही है। आवेश खान, देवदत्त पडिकल, हैरी ब्रूक जैसे खिलाड़ी पहले से ट्रेड हो चुके हैं। अब अफवाहों का बाजार गर्म है कि जल्द ही हार्दिक पांड्या अपनी पहली आइपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में लौट सकते हैं। माना जा रहा है कि मुंबई इंडियंस की टीम हार्दिक को ट्रेड करने के लिए गुजरात टाइटन्स के साथ बातचीत कर रही है। अगर हार्दिक मुंबई में आते हैं तो उनकी जगह पर सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को कप्तान बनाया जा सकता है। ऐसी भी चर्चा है कि मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा के लिए भी एक अलग तरह का रोल तैयार कर रही है। ऐसे में संभवतः रोहित शर्मा या जोफ्रा आर्चर में से किसी एक को बाहर होना होगा। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 5 आइपीएल खिताब जीते हैं, ऐसे में मुंबई प्रबंधन के लिए यह फैसला लेना इतना आसान नहीं है। अगर रोहित शर्मा टीम में नहीं रहते तो कप्तानी को लेकर संकट हो सकता है क्योंकि मुंबई इंडियंस के पास ज्यादातर खिलाड़ी नए हैं। ऐसे में अगर हार्दिक पांड्या की वापसी होती है तो मुंबई इंडियंस में जल्द लय में लौट सकती है। हार्दिक ने फ्रेंचाइजी के साथ अपनी आइपीएल यात्रा शुरू की थी और 2015 से 2020 तक 4 खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 2022 में हार्दिक गुजरात टाइटंस में शामिल हुए थे और अपनी कप्तानी में पहले सत्र में अपनी टीम को विजेता बनाया था। इसके बाद आइपीएल 2023 में भी वह अपनी टीम को फाइनल में ले गए थे। अभी आइपीएल ट्रांसफर विंडो 26 नवंबर को बंद होनी है। बता दें कि क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान हार्दिक पांड्या का टीम इंडिया की ओर से प्रदर्शन औसत रहा था।



मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी 20 मैचों की सीरीज में नहीं दिखे। आगामी दक्षिण अफ्रीका सीरीज में भी उनके दिखने की संभावना कम है। वह अब संभवतः आइपीएल 2023 के दौरान ही एक्शन में दिख सकते हैं।


## 34 की उम्र में इमाद वसीम ने ली रिटायरमेंट

**नयी दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के ठीक बाद 24 नवंबर (शुक्रवार) को इस टीम के 34 साल के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। इमाद वसीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए 8 साल तक खेला और इस दौरान उन्होंने वनडे और टी20 में टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान पाकिस्तान के लिए टेस्ट मैच खेलने का मौका नहीं मिल पाया। इमाद वसीम टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाते थे और वह बाएं हाथ से बल्लेबाजी और बाएं हाथ से ही स्पिन गेंदबाजी भी करते थे। इमाद वसीम ने पाकिस्तान के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू टी20 के जरिए 24 मई 2015 को जिम्बाब्वे के खिलाफ किया था और इसके बाद उन्होंने वनडे में पदार्पण श्रीलंका के खिलाफ 19 जून 2015 में किया।

# यौन उत्पीड़न का मामला : फुटबॉलर दानी अल्वेस 9 साल की जेल की मांग

एजेंसी

**मैड्रिड।** स्पेन की एक अदालत ने कहा कि पिछले साल एक महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी दानी अल्वेस के लिए अभियोजन पक्ष के वकीलों ने 9 साल की जेल की सजा की मांग की है। अल्वेस को 30 दिसंबर को बासीलोना के एक नाइट क्लब में महिला के साथ दुराचार करने के आरोप में मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अगस्त में इस मामले में दोषी ठहराया गया था और अदालत ने कहा था कि उनके खिलाफ मुकदमा शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत है। सुनवाई की तारीख अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। अल्वेस ने हालांकि किसी भी गलत काम से इनकार किया है, उन्होंने दावा किया है कि आरोप लगाने वाली महिला के साथ उन्होंने सहमति से यौन संबंध बनाए थे। अभियोजक चाहते हैं कि अल्वेस पीड़िता को हजार्ने के तौर पर 150,000 यूरो (1.36 करोड़ रुपये) का भुगतान करे और उससे 10 वर्षों के लिए किसी भी तरह का संपर्क रखने पर प्रतिबंध लगाया जाए। वे यह भी चाहते हैं कि जेल की सजा काटने के बाद एक दशक तक अल्वेस की निगरानी की जाए। ब्राजील का यह 40 साल का खिलाड़ी जनवरी से ह्यप्री-ट्रायल (मुकदमा शुरू होने से पहले)' जेल में है। उन्हें अधिकारियों द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। अल्वेस की ओर से जमानत के सभी अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया गया है क्योंकि अदालत ने माना वह देश छोड़ कर भाग सकते हैं।



# खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा का एथलीटों दल होगा सबसे बड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 242 पैरा एथलीटों का सबसे बड़ा दल मैदान में उतारेगा जबकि राजस्थान के 140 और उत्तर प्रदेश के 125 पैरा एथलीट टूनार्मेंट का हिस्सा बनेंगे। इस बीच भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआइ) ने शुक्रवार को पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स की मेजबानी के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल की सराहना की। पीसीआइ की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा मैं बहुत रोमांचित और अभिभूत हूं कि पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स इस दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। यह पहल एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है। मलिक शॉट पुट में पैरालिंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण में 1350 से अधिक पैरा एथलीट दिसंबर में राजधानी में उतरेंगे। हरियाणा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 242 पैरा एथलीटों के साथ सबसे बड़ा दल देखेगा, जबकि राजस्थान 140 पैरा एथलीटों का एक मजबूत दल भेजेगा और उत्तर प्रदेश 125 का दल भेजेगा। गुजरात में 100 पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि मेजबान शहर दिल्ली के 97 एथलीट जोर आजमाइश करेंगे। दिलचस्प है कि महिला वर्ग में 442 एथलीट मैदान में उतरेंगे जबकि 885 पुरुष पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग में भाग लेंगे। हाल के हांगझाउ एशियाई पैरा गेम्स के सितारे शीतल देवी, भावना पटेल, एकता भ्याण, नीरज यादव, सिंहराज, मनीष, सोनल, राकेश कुमार, सरिता समेत अन्य के खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण में अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।

# टोक्यो ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक ने मुझे प्रेरित किया : अमनदीप

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमनदीप लाकरा अगले महीने मलेशिया में होने वाले आगामी एफआईएच जूनियर विश्व कप में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। भारत 5 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ अपने पूल सी मैच में अपना अभियान शुरू करेगा। प्रतिष्ठित टूनार्मेंट को लेकर अमनदीप ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान पद्मश्री डॉ. दिलीप तिर्की, को अपना आईडल बताया। दिलीप भारत के सबसे अधिक कैप्ड खिलाड़ी भी है। अमनदीप ने कहा, एक महत्वाकांक्षी खिलाड़ी के रूप में, मुझे लीजेंड दिलीप तिर्की से मिलने का अवसर मिला, उन्होंने अच्छे खिलाड़ी बनने के हमारे प्रयास में हमें मेहनत और ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उनके शब्दों ने मुझे प्रेरित किया। मैंने पंपोश स्पोर्ट्स एकेडमी में शुरूआत की, लेकिन मेरे पिता का स्थानांतरण होने के बाद, मुझे खेलना बंद कर देना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि वह वर्तमान भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की ड्रैग-फ्लिकिंग क्षमताओं से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, हरमनप्रीत को साई बेंगलुरु में यहां करीब से ट्रेन करते हुए देखकर, मुझे उनसे और उनके ऑन-फील्ड फोकस और स्टाइल से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने एक नवोदित खिलाड़ी के रूप में अपनी शुरूआती चुनौतियों के बारे में कहा, ₹मुझे प्रशिक्षित करने के लिए स्थानों को खोजने में थोड़ी सी कठिनाई का सामना करना पड़ा, इसलिए मैंने अपने पिता के साथ घास पर प्रशिक्षण शुरू किया।

# सात्विक और चिराग की जोड़ी चीन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**शेनजेन।** एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी को शुक्रवार को सीधे गेम में हराते हुए उन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय युगल जोड़ी ने विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16 21-14 से हराया। इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 जीतने वाले सात्विक और चिराग के सामने अंतिम चार में चीन की जोड़ी की चुनौती होगीचीन की दो जोड़ियों के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हे जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओयू जुवान यी से भिड़ेगी। विश्व रैंकिंग की पूर्व शीर्ष भारतीय जोड़ी ने अपने खेल में शानदार समन्वय दिखाया। दोनों लगातार अपनी जगह को बदलते रहे और बीच-बीच में करारे प्रहार करते हुए उन्होंने इंडोनेशिया की जोड़ी को



दबाव में डाल दिया। पहले ब्रेक के बाद स्कोर 14-14 की बराबरी पर पहुंचा लेकिन, इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अपनी गति को बढ़ाया। चिराग ने इस दौरान शटल और कोर्ट की सीमारेखा पर शानदार समझ दिखाते हुए स्कोर को 19-16 से अपने पक्ष में कर दिया। उन्होंने दो और करारे प्रहार के साथ पहला गेम भारत के नाम किया। पहले गेम के आखिर में मिली लय को भारतीय जोड़ी दूसरे गेम में जारी रखने में सफल रही। उन्होंने 5-2 की बढ़त हासिल करने के बाद नेट पर शानदार नियंत्रण दिखाते हुए ब्रेक के समय 11-6 की बढ़त बना ली। ब्रेक के अल्प विश्राम के बाद भी भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया और 17-10 के स्कोर के साथ अपना दबदबा कायम रखा। इसके बाद दोनों जोड़ियों के बीच 48 शॉट की लंबी रैली चली, जिसे मार्टिन के कमाल के स्मैश से इंडोनेशिया ने जीता। मार्टिन ने एक और करारा प्रहार किया लेकिन इस बार शटल नेट से टकरा गई, जिससे भारतीय जोड़ी को सात मैच अंक मिले और उन्होंने वीडियो रेफरल की मदद से पहले प्रयास में ही इसे भुनाने में कोई गलती नहीं की।

## पेज 3 का शेष

### झारखंड को विकसित...

शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड होंगे। आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जायेगी। आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जायेगी। शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पूरी की जायेगी। **झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लायेंगे :** सीएम ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, सीएम पशुधन योजना और फूलो झानो जल संवर्धन योजना के के बाद अब सरकार पशुधन योजना के लाभुकों को मिलने वाले पशुओं की बीमा भी करायेगी। हमारी राज्य के समग्र विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के हर क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, पुल-पुलिया और स्कूल-कॉलेज बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही हैं।

### निकासी के अंतिम चरण में...

परिवार उनके सकुशल निकलने की कामना कर रहा है। चमरा समेत खूंटी जिले के तीन मजदूर फंसे हैं। सभी परिवार को ये उम्मीद नहीं थी कि जिनकी कमाई से पूरा परिवार चलता है आज वही जिंदगी और मौत के बीच जाकर फंस जायेगा।

### नींबू पहाड़ मामला खंगालेगी...

**ईडी के बाद सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी :** सीबीआइ ने एफआइआर में इडी केस में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, कारोबारी विष्णु यादव, पवितर यादव, साहिबगंज जिप उपाध्यक्ष राजेश यादव, संजय यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत अन्य को आरोपी बनाया है। सीबीआइ ने साहेबगंज जिले के मुफ्फसिल थाना में विजय हांसदा द्वारा दर्ज कोर्ट कंप्लेन और एसटी-एससी थाना में दर्ज केस 6/22 को टेकओवर किया है। झारखंड माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट व एसटी-एससी एक्ट की संगत धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। **हाइकोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई जांच :** गौरतलब है कि झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआइ से कराने के लिए विजय हांसदा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन बाद में विजय ने अपनी याचिका वापस लेने की कोशिश की थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले में पीई दर्ज कर जांच का आदेश दिया था। अदालत ने सीबीआई को सभी पक्ष में जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद सीबीआई ने अवैध खनन से जुड़ा विजय हांसदा का केस टेकओवर कर लिया। **बनांचल से पहुंचे सीबीआइ अधिकारी :** सीबीआइ के अधिकारी शुक्रवार सुबह रांची-भागलपुर वनांचल ट्रेन से साहिबगंज पहुंचे। नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में जांच का दायारा बढ़ाते हुए दुबार यह टीम पहुंची है। इस मामले में सीबीआइ की टीम 92 दिनों के बाद यहां फिर पहुंची। विजय हांसदा के केस को लेकर साहिबगंज न्यायालय परिसर में एडीजे की अदालत में पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। वहां से एसटी-एससी थाने में दर्ज मामले में कई जानकारियां हासिल कीं।

### लड़खड़ाती दुनिया को भारत...

भागवत ने कहा, सभी को दुनिया के लिए कुछ योगदान देना होगा। हमने अपनी विशेषता पहचान ली है। हमारे अंदर सभी के प्रति सम्मान है। हमारे पूर्वजों ने इसे पहचाना था लेकिन हम इस कौशल को भूल गये और टुकड़ों में बांट दिये गये और अधीन हो गये। अब हमें एक साथ आना होगा। उन्होंने कहा कि आज का विश्व लड़खड़ा रहा है। भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के प्रयोग हुए। उन्हें भौतिक समृद्धि मिल गयी, लेकिन संतोष नहीं है। संघ प्रमुख ने कहा,कि कोविड महामारी के बाद उन्होंने पुनर्विचार करना शुरू किया। अब ऐसा लगता है कि वे यह सोचने में एकमत हैं कि भारत रास्ता दिखायेगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को दुनियाभर में हिंदुओं के समक्ष आ रहीं चुनौतियों पर विचार-विमर्श का अवसर मिलेगा।

### श्रमिक हित में कल से...

**तैयारी में जुटे संगठन :** शुभेन्दु सेन बताया कि महापड़ाव 21 सूत्री मांगों के लिये किया जायेगा। राजभवन के समक्ष होने वाले इस आयोजन की तैयारी कर ली गयी है। जिसमें सीटू, इंटक, एटक, एआईसीसीटीयू, एचएमएस, झारखंड राज्य किसान सभा, एआईकेएम समेत अन्य ट्रेड यूनियनों की सहभागिता है। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक, एटक के महासचिव अशोक यादव, एक्टू के सचिव शुभेंदु सेन, इंटक के संजीव सिन्हा, सीटू के अनिर्माण बॉस, अखिल भारतीय किसान महासभा के पुरन महतो, मजदूर नेता अजय सिंह, आदिवासी जन अधिकार मंच के प्रफुल्ल लिंडा उपस्थित थे।

### टाटा टेक के आइपीओ...

टाटा टेक के आइपीओ के खुदरा निवेशकों के हिस्से को अभी तक 16.42 गुना, एनआईआई हिस्से को 62.10 गुना और योग्य संस्थागत खरीदारों हिस्से को 203.41 गुना सब्सक्राइब किया जा चुका है। कुल मिलाकर कंपनी का आईपीओ अभी तक 69.37 गुना सब्सक्राइब किया जा चुका है। वहीं, कंपनी के कर्मचारी हिस्से को 3.67 गुना सब्सक्राइब किया गया है और शेयरहोल्डर के लिए रिजर्व हिस्से को 29.12 गुना बुक किया गया है। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, टाटा टेक्नोलॉजीज आईपीओ को 4,50,29,207 शेयरों के ऑफर के मुकाबले 3,12,42,34,050 शेयरों के लिए बोलियां मिली हैं। दूसरे दिन भी कंपनी के आईपीओ को शानदार रेस्पांस मिला। गुरुवार को 14.85 गुना सब्सक्राइब किया गया। टाटा टेक्नोलॉजीज आईपीओ ने प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों के बीच अपने इश्यू पर सबसे ज्यादा बोलियां मिलने का रिकॉर्ड बनाया है। जारी होने के पहले दिन से दूसरे दिन तक 50.6 लाख बोलियों के साथ टाटा टेक्नोलॉजीज के आईपीओ ने रिलायंस पावर, नायका (एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स) और अन्य जैसी प्रमुख निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में पांच सैन्य कर्मियों की शहादत पर दुख जताते हुए शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत एकजुट है और मजबूती से खड़ा है। राजौरी जिले में बुधवार और गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो कैप्टन सहित पांच सैनिक शहीद हो गये। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच

**कांग्रेस अध्यक्ष ने जवानों की शहादत पर जताया शोक**

एक्स पर पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में आतंकवादियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले दो कैप्टन और सेना के तीन जवानों सहित पांच सैन्य कर्मियों की शहादत से बेहद दुखी हूं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों से लड़ने में अदम्य साहस और वीरता दिखाने के लिए कैप्टन एम वी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, लांस नायक संजय बिष्ट और पैराट्रूपर सचिन लौर को सलाम।




**उप राज्यपाल ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए पांच जवानों को केंद्र शासित प्रदेश के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और पुलिस ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। आतंकियों से मुकाबला करते हुए अपनी जान न्योछावर करने वाले ये जवान कर्नाटक के मंगलोर के निवासी कैप्टन एम वी प्रांजल (63 राष्ट्रीय राइफल्स), यूपी के आगरा के निवासी कैप्टन शुभम गुप्ता, पुंछ निवासी हवलदार अब्दुल माजिद, नैनीताल रहने वाले लांस नायक संजय बिष्ट और अलीगढ़ के पैराट्रूपर सचिन लौर हैं।

# जनता की परेशानी दूर करने के लिए नये तरीके खोजें नौकरशाह

## देश में परिवर्तन के दौर में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि आम लोगों के लिए लाभकारी नए उपाय अपनाने के अलावा उनकी शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया देना लोकसेवकों का कर्तव्य है। मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात करने आए प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं पर जनता की प्रतिक्रिया अब एक कुशल और जवाबदेह प्रशासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। उन्होंने कहा कि जनता की परेशानी दूर करने के लिए नए तरीके खोजें नौकरशाह।

मुर्मु ने कहा है कि सिविल सेवकों ने देश के बहुमुखी विकास में बड़ी भूमिका निभाई है और देश में परिवर्तन का जो दौर आया है वह उनके दृढ़ संकल्प के बिना संभव नहीं हो सकता था। उन्होंने



कहा कि ऐसे समय में जब लोग सोशल मीडिया पर अपनी शिकायतें तुरंत पोस्ट कर सकते हैं, लोगों तक सेवा प्रदायगी के लिए अद्यतन तरीकों और उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की आवश्यकता कई गुना बढ़ गई है। मुर्मू ने कहा कि ऊर्जावान और जागरूक लोकसेवकों के रूप में, आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देना आपका कर्तव्य है। आपको ऐसे नवीन उपाय करने चाहिए जो अल्पकालिक और दीर्घकालिक रूप से नागरिकों और देश के लिए फायदेमंद हों। प्रशिक्षु अधिकारी गुरुग्राम में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (एचआईपीए) में सुशासन पर केंद्रित 98वां विशेष फाउंडेशन पाठ्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकियों के आगमन के साथ इलेक्ट्रॉनिक

**आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का निदान करना आपका कर्तव्य : द्रौपदी मुर्मू**

गवर्नेंस, स्मार्ट गवर्नेंस, इफेक्टिव गवर्नेंस और अन्य शब्द लोगों को त्वरित और कुशल सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देने के लिए उभरे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सुशासन नागरिक-केंद्रित शासन का भी प्रतीक है। इन दिनों सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जनता की प्रतिक्रिया एक कुशल एवं जवाबदेह प्रशासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

उन्होंने कहा कि देशभर में तैनात लोकसेवकों की जिम्मेदारी देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की भी है। मुर्मू ने कहा कि देश के समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना आप जैसे लोकसेवकों का कर्तव्य है। भारत के नागरिक देश की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार हैं। आपको विभिन्न कार्यक्रमों के उद्देश्य प्राप्त करने के लिए जन भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र, गैर-सरकारी क्षेत्र और विभिन्न सुविज्ञ एवं प्रतिबद्ध नागरिकों सहित सभी हितधारकों के सहयोग से ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपको हमेशा याद रखना चाहिए कि आपको देश की सेवा के लिए चुना गया है। यह आपका प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए और आपको अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को देश के समग्र लक्ष्यों के साथ जोड़ना चाहिए। सबके विकास की इस यात्रा में, आपको हमेशा तैयार रहना होगा और चुनौतियों का सामना करने तथा उन्हें अवसरों में बदलने के लिए तैयार रहें।

## गाजा में शुरू हुआ 4 दिन का युद्ध विराम

**तेलअवीव।** इजराइल और हमास के बीच समझौते के तहत चार दिवसीय युद्ध विराम शुक्रवार को सुबह प्रभावी हो गया और इसी के साथ इजराइल में कैद फलस्तीनियों और गाजा में उग्रवादियों द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों की अदला-बदली का मंच तैयार हो गया है। इस कूटनीतिक सफलता से गाजा में 23 लाख लोगों के लिए कुछ राहत दिखाई दे रही है, जिन्होंने हफ्तों तक इजराइली बमबारी को सहा है। यह इजराइल में उन परिवारों के लिए भी राहत भरी खबर है जो सात अक्टूबर के हमास के हमले के दौरान बंदी बनाए गए अपने प्रियजन को लेकर चिंतित हैं। युद्ध को कम से कम चार दिन के लिए रोका गया है और यह युद्ध विराम सुबह सात बजे से प्रभावी हुआ। गाजा में शासन कर रहे हमास समूह ने इजराइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला किया था और इस दौरान करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया गया था। हमास ने इस युद्ध विराम के दौरान कम से कम 50 बंधकों को रिहा करने का वादा किया है। हमास ने कहा कि इजराइल 150 फिलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। दोनों पक्ष पहले महिलाओं एवं बच्चों को रिहा करेंगे।

## केरल में पुलिस अधिकारी ने भूख से बिलखते नवजात को कराया स्तनपान



**कोच्चि।** कोच्चि महिला पुलिस थाने की सिविल पुलिस अधिकारी एम ए आर्य ने करुणा की एक नई मिसाल पेश करते हुए चार माह के शिशु को स्तनपान कराया क्योंकि उसकी बीमार मां पास के एक अस्पताल में भर्ती है और बच्चा भूख से बिलख रहा था। महिला पुलिस अधिकारी का नौ माह का शिशु है और उन्होंने एर्नाकुलम जनरल हॉस्पिटल की गहन देखभाल इकाई में भर्ती पटना की एक महिला के भूख से बिलख रहे बच्चे को स्तनपान कराने का फैसला किया । महिला के चार बच्चे हैं और उनकी देखभाल के लिए कोई नहीं है। इसलिए इन बच्चों को गुरुवार को कोच्चि सिटी विमेन्स स्टेशल लाया गया। पुलिस के मुताबिक परिवार कुछ वक्त से केरल में रह रहा है और महिला का पति एक मामले में जेल में है। पुलिसकर्मियों ने तीन बड़े बच्चों को जहां भोजन मुहैया कराया। चार माह के शिशु को स्तनपान कराने का निर्णय स्वयं पुलिस अधिकारी ने लिया। सिटी पुलिस ने आर्या के इस कदम के लिए उसकी सराहना की है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार बच्चों की कुशल क्षेम सुनिश्चित करते हुए उन्हें एक बाल देखभाल गृह में भेजा गया है।

## हाइकोर्ट ने कोलकाता में दी अमित शाह की जनसभा को अनुमति

**कोलकाता।** कोलकाता हाई कोर्ट की खंडपीठ ने कोलकाता के धर्मतल्ला में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा को अनुमति दे दी है।

कोर्ट ने कहा कि अमित शाह की सभा पर पुलिस कोई भी अतिरिक्त शर्त नहीं लगा सकेगी। यह सभा उसी जगह होनी है, तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई की जनसभा करती है। हाई कोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम और हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ में पुनर्विचार याचिका लगाई थी, जिस पर शुक्रवार को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई हुई। कोलकाता पुलिस को फटकार लगाते हुए खंडपीठ ने कहा कि अगर ऐसा चलेगा तो टीएमसी को 21 जुलाई की जनसभा भी नहीं करने देंगे।

सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि कोलकाता में बहुत कुछ हो रहा है, लेकिन भाजपा के कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक फैसले लिए जा रहे हैं।

## राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धि : योगी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भगवान राम साक्षात धर्म के स्वरूप हैं और राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और उनकी भावनाओं की सिद्धि है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के बड़ा भक्तमाल में विराजमान भगवान सीता-वल्लभ को सोने का मुकुट और छत्र अर्पित करने के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि लंबे संघर्ष के बाद मंदिर आंदोलन एक निर्णायक स्थिति में पहुंचा। उन्होंने कहा कि अयोध्या कैसी होनी चाहिए? यह तो इसकी शुरूआत है। भगवान राम साक्षात धर्म के स्वरूप हैं और राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धि है। योगी ने कहा कि पहले लोग अपने आप को हिंदू और भारतीय बताने में संकोच करते थे, लेकिन आज हर व्यक्ति सनातन व भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव रखता है। उन्होंने कहा कि 500



वर्षों तक चले लंबे संघर्ष के बाद रामलला 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम मंदिर का उद्घाटन करने आ रहे हैं, ऐसे में अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को सफल बनाने और उसे ऊंचाई तक ले जाने के लिए अयोध्या वासियों को जिम्मेदारी संभालनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नये भारत का दर्शन हो रहा है। दीपोत्सव में 52 देश के राजदूत आए थे। दीपोत्सव का प्रचार 52 देश में हुआ।

## अफगानिस्तान ने नयी दिल्ली में दूतावास स्थायी तौर पर किया बंद

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान दूतावास ने शुक्रवार को नई दिल्ली में अपने परिसर को स्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है और भारत सरकार से परिसर में पूर्ववर्ती अफगान का झंडा फहराने की अनुमति देने को कहा है। दूतावास का कहना है कि नियंत्रण छोड़ने के लिए तालिबान और भारत सरकार दोनों की ओर से लगातार दबाव के कारण दूतावास को एक कठिन विकल्प को चुनना पड़ा है। भारत में अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामुंडजे ने एक बयान जारी कर कहा है कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान के दूतावास को भारत सरकार की ओर से मिल रही लगातार चुनौतियों के कारण 23 नवंबर, 2023 से नई दिल्ली में अपने राजनयिक मिशन को स्थायी रूप से बंद करने की घोषणा करते हुए खेद है। इससे पहले दूतावास ने 30 सितंबर को संचालन बंद करने का फैसला लिया था। दूतावास का कहना है कि यह कदम इस उम्मीद में उठाया गया था कि मिशन को सामान्य रूप से संचालित करने के लिए भारत सरकार का रुख अनुकूल हो जाएगा। दूतावास ने भारत सरकार से तीन मांगें रखी हैं। इसमें अफगानिस्तान की सम्पत्ति को अपनी निगरानी में लेने, अफगानिस्तान का तीन रंगी पुराना ध्वज संपत्ति पर फहराये रखने और अफगानिस्तान की संपत्ति, खाते भविष्य में चुनी हुई अफगान सरकार के लिए संभाले जाएं शामिल हैं।

## एक नजर में

### गुरुनानक जयंती : सिख तीर्थयात्रियों के लिए पाकिस्तान ने जारी किये 3000 वीजा

इस्लामाबाद। गुरु नानक देव की जयंती पर भारत के सिख तीर्थयात्रियों के लिए पाकिस्तान ने 3000 वीजा जारी किए। नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने कहा कि कार्यक्रम 25 नवंबर से चार दिसंबर तक पाकिस्तान में आयोजित किया जाएगा। यात्रा के दौरान पाकिस्तान में तीर्थयात्री डेरा साहिब, पंजा साहिब, ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी एजाज खान ने तीर्थयात्रियों को शुभकामना दीं और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। पाकिस्तान उच्चायोग के अनुसार, वीजा जारी करना 1974 के धार्मिक तीर्थस्थलों की यात्रा पर पाकिस्तान-भारत प्रोटोकॉल के तहत आता है। नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने एक्स पर कहा कि गुरु नानक देव जी के 554वें जन्मदिन समारोह के अवसर पर नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने 25 नवंबर से चार दिसंबर, 2023 तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत के सिख तीर्थयात्रियों को लगभग 3000 वीजा जारी किए। इससे पहले जून में नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने 21 से 30 जून तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाली महाराजा रणजीत सिंह की वार्षिक पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए सिख तीर्थयात्रियों को 473 वीजा जारी किए थे।

### गुरुग्राम से बवाना गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम से नीरज बवाना गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान प्रवीण (45) के रूप में की गई है जो जबरन वसूली, हत्या की कोशिश, लूटपाट समेत 18 आपराधिक मामलों में शामिल था और जमानत के दौरान फरार हो गया था।

छत्तीसगढ़ : प्रेशर बम से दो मजदूरों की मौत, एक अन्य घायल

नारायणपुर । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में प्रेशर बम की चपेट में आकर लौह अयस्क खदान में कार्यरत दो मजदूरों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमदई लौह अयस्क खदान क्षेत्र में प्रेशर बम की चपेट में आने से मजदूर रितेश गागड़ा (21) और श्रवण कुमार (24) की मौत हो गई तथा उमेश राणा घायल हो गया।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 4 दिसंबर तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 10 दिनों के लिए बढ़ा दी। सिंह के वकील मोहम्मद इरशाद ने कहा कि जमानत याचिका अदालत की रजिस्ट्री में दायर की गई थी। जज ने जांच अधिकारी की इस दलील पर बेल नहीं दिया कि आरोपी के खिलाफ जल्द ही, निर्धारित समय के भीतर आरोप पत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। पिछली बार जज ने सिंह को सांसद के तौर पर विकास कार्यों से जुड़े कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की इजाजत दी थी। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को उन्हें पंजाब की एक अदालत में पेश करने का निर्देश दिया था, जब उन्हें सूचित किया गया था कि पंजाब के अमृतसर की एक अदालत से मानहानि के एक मामले में वारंट मिला है।

### यूपी में गैंगस्टर की 142 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में जमीन पर कब्जा करने और जबरन वसूली का 36 साल पुराना इतिहास रखने वाले एक अंतरराज्यीय गैंगस्टर केशव बाबू शिवहरे की 142 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क। पुलिस ने शिवहरे के सहयोगियों और भाइयों विष्णु शिवहरे और दीपक शिवहरे के खिलाफ भी कार्रवाई की है। तीनों आरोपियों पर कुल 43 मामले दर्ज हैं, इनमें से कुछ मामले मध्य प्रदेश में हैं। अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, भानु भास्कर ने कहा कि शिवहरे के खिलाफ पहला मामला 1987 में नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में दर्ज किया गया था। समय के साथ, वह सत्ता में आ गया और अवैध खनन गतिविधियों में शामिल हो गया।

### अनुराग ठाकुर लोकसभा चुनाव हमीरपुर से लड़ेंगे


**बिलासपुर ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लड़ेंगे, जहां से वह पिछले चार चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि उनके दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में जाने की बातें झूठी हैं, क्योंकि हमीरपुर के लोगों ने उन्हें काफी प्यार दिया है। ऐसी खबरें हैं कि ठाकुर कांगड़ा या चंडीगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं।

### बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** देश के अलग-अलग राज्यों के सैकड़ों बेरोजगारों को डेटा एंट्री के काम की आड़ में ठगने वाले गिरोह का इंदौर पुलिस ने शुक्रवार को भंडाफोड़ करके एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मृदुल शर्मा, रोहन पंवार, सौरभ गौसर, अमन मालवीय, रितिक भाटी और किरण सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पांच वेबसाइट बना रखी थीं जिनके जरिये बेरोजगारों को डेटा एंट्री के काम से मोटी कमाई का कथित झांसा देकर जाल में फंसाया जाता था। दंडोतिया ने बताया कि आरोपियों ने धार, मुंबई, दिल्ली, पुणे, कानपुर और बाराबंकी सहित देश के विभिन्न शहरों के सैकड़ों बेरोजगारों से डेटा एंट्री का काम कराया, लेकिन जब मेहनताना देने की बारी आई तो टालमटोल करने लगे। उन्होंने कहा कि गिरोह के सदस्य उनके जाल में फंसे लोगों को कथित तौर पर यह कहकर धमकाते थे कि उनके द्वारा किए गए डेटा एंट्री के काम में गंभीर चूक हो गई है जिससे उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। दंडोतिया ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से देश के अलग-अलग राज्यों के 10,000 बेरोजगारों के मोबाइल नंबर और अन्य ब्योरा मिला है।

## मनोज बाजपेयी की फिल्म 'जोरम' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जी स्टूडियोज और मखीजाफिल्म ने अपनी फिल्म जोरम का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। अभिनेता मनोज बाजपेयी, मोहम्मद जीशान अय्यूब और स्मिता तांबे अभिनीत यह फिल्म 8 दिसंबर को रिलीज होगी। निर्देशक देवाशीष मखीजा ने एक ऐसी कहानी बुनी है, जहां जीवित रहने के लिए बहिष्कृत व्यक्ति फाइट कर रहा है और यह निश्चितरूप से दर्शकों अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस फिल्म को लेकर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा, ऱमैं "जोरम" का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्म ने वास्तव में सभी पहलुओं में परिपक्व साबित हुई है। मुझ पर विश्वास करने के लिए जी और देवाशीष का आभारी हूं। अब तक हमें जो प्रतिक्रिया मिली है, हम वास्तव में अभिभूत



हैं। ट्रेलर देखने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। यह फिल्म आपको आने वाले समय की एक झलक दिखाएगी। देवाशीष मखीजा की निर्देशित, लिखित और तैयार की गई इस फिल्म को शारिक पटेल, आशिमा अवस्थी चौधरी, अनुपमा बोस और देवाशीष मखीजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी और मोहम्मद जीशान अय्यूब, पीयूष पुती का सिनेमेटिक विजन और अभ्रो बनर्जी के संपादन निपुणता देखने को मिलगी।

## फिल्म नागिन के निर्माता राजकुमार कोहली का निधन



**मुंबई।** नागिन, जानी दुश्मन और नौकर बीवी का जैसी फिल्मों के निर्मातरा राजकुमार कोहली का शुक्रवार सुबह उनके मुंबई स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। उनके पारिवारिक मित्र विजय ग्रोवर ने यह जानकारी दी। कोहली 1970 और 1980 के दशक के लोकप्रिय फिल्म निर्माताओं में से एक थे। उनकी फिल्मों में उस जमाने के मशहूर अभिनेता संजीव कुमार, सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जितेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा और रीना रॉय आदि नजर आते थे। ग्रोवर ने बताया कोहली सुबह करीब आठ बजे नहाने गए थे और जब वह कुछ देर तक बाहर नहीं आए तो बेटे अरमान ने दरवाजा तोड़ दिया और उन्हें फर्श पर पाया। एक चिकित्सक घर आए और उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# राजस्थान में मतदान आज

**5.26 करोड़ मतदाता करेंगे 1862 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**

**जयपुर (हि.स.)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को राज्य की 200 में से 199 सीटों पर 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता चुनावी समर में डटे 1862 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 183 महिला उम्मीदवार भी हैं। मतदान सुबह 7 से शाम 06 बजे तक चलेगा। चुनाव आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों के सहयोग से जिलों में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। कांग्रेस यह चुनाव रिवाज बदलने के लिए लड़ रही है, जबकि भाजपा कानून व्यवस्था, पेपरलीक, कुर्सी के मोह, उदयपुर के जघन्य कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर आमजन से सरकार बदलने की अपील कर चुकी है। राज्य की 200 सीटों में



से 199 पर वोटिंग होगी। श्रीगंगानगर विधानसभा सीट के प्रत्याशी गुरमीत सिंह किन्नर के निधन के चलते यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

कांग्रेस ने 198 और भाजपा ने 199 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि 737 निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं। इनके अलावा बसपा के 185, आम आदमी पार्टी के 86, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 78, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के 46, भारत आदिवासी पार्टी के 27, राइट टू रिकॉल पार्टी के 26, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के 22, अभिनव राजस्थान पार्टी के 21, जननायक जनता पार्टी के 20, बसपा के 18, भारतीय ट्राइबल पार्टी के 17, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के 17, अभिनव लोकतांत्रिक पार्टी, एआईएमआईएम और भीम ट्राइबल कांग्रेस के 10-10 समेत ढाई दर्जन से अधिक पार्टियों के सैंकड़ों उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश में 18 से 30 आयु वर्ग के 1,70,99,334 युवा मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 18-19 आयु वर्ग के 22,61,008 नव मतदाता शामिल हैं।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# हर सनातनी करें मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग : देवकीनंदन ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** देश का हर सनातनी कोर्ट व सरकार के समक्ष मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग करें। वे 2007 से अयोध्या में राम मंदिर व मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग 2007 से श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उठाते रहे हैं। उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक धर्मरत्न शांतिदूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को रामलाल के मंदिर का शुभारंभ हो जायेगा। इसके बाद मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए वे कुछ बड़ा कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि 1670 में औरंगजेब ने मथुरा के कृष्ण मंदिर से विग्रह को उखाड़ कर जामा मस्जिद की सीढ़िया में गाड़ दिया है। विधर्मी उस पर चढ़कर मस्जिद में जाते हैं। इस मामले पर कोई भाईचारे की बात नहीं करता दिखाई देता। कहा कि कथा के माध्यम से पिछले 27 वर्षों से सनातनियों को जगाने व उनकी आवाज उठाने का कार्य कर रहे हैं। मैकाले की शिक्षा पद्थति के कारण सनातनी संस्कृति खत्म हो रही है। सनातनी भी अपनी संस्कृति विमुख हो रहे हैं। ना तो मस्तक पर तिलक है, ना सर पर शिखा और ना ही हाथों में कलावा रखते हैं। माता पिता अपने को मॉडर्न बताकर अपने संतानों को खराब कर रहे हैं। माता-पिता व गुरुजनों को पैर छूने की आदत ही सनातन संस्कृति है। हिंदू राष्ट्र यानी रामराज्य घोषित होने से सभी भारतीय शांति से रह सकेंगे। हिंदू



राष्ट्र के माध्यम से रामराज्य की कल्पना करनी चाहिए। रामराज्य में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो का नारा गुंजता है। सनातनी अपना ही नहीं, पूरे विश्व के कल्याण की बात करते हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने सवाल खड़ा किया कि आजादी के बाद मंदिरों में सनातनियों के चढ़ाए पैसों को सरकार ने क्यों कब्जे में किया। आखिर उस राशि से किस मजहब के लोगों का कल्याण हो रहा है। मंदिरों में चढ़ावे की राशि से हर जिले पांच-पांच गुरुकुलम की स्थापना होनी चाहिए। जात-पात के नाम पर वोटो का ध्रुवीकरण करने वाले नेताओं को चुनाव लड़ने से वंचित कर देना चाहिए। कोई नेता रामायण जला रहा है तो कोई वेद। कोई ब्राह्मण को गाली देता है तो कोई देवी - देवताओं के बारे में गलत बोलता है। सनातनी इसे कैसे सहन कर सकता है। जाति की बात करना देश व ऐसे नेताओं के लिए घातक सिद्ध होगा। नेता तो ऐसा होना चाहिए जो लोकप्रिय कम करे ताकि भारत में रहने वाले सभी अपनी जाति को भूल जायें।

## एक नजर में

### प्रेम प्रसंग और जमीन विवाद पर उठे सवाल

**लखीसराय गोलीकांड**

**पटना।** लखीसराय गोली कांड का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं बीजेपी ने भी लगातार सरकार के खिलाफ अपना मोर्चा खोल कर रखा है। नेता प्रतिपक्ष विजय सिंह ने सत्ताधारी दल के नेताओं पर अपराधी को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साथ इस मामले को जमीन से जुड़े विवाद से जोड़कर पुलिस को कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल विजय सिन्हा लखीसराय गोली कांड पर सरकार के खिलाफ एक बार फिर पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि लखीसराय में तीन लोगो की मौत हुई और तीन पीएमसीएच में भर्ती हैं। 2 लोगों के शरीर से गोली नहीं निकाली जा सकी है। पहले भी पीड़ित परिवार ने छेड़खानी, मारपीट की शिकायत की थी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने करवाई की होती तो घटना नहीं घटती। पुलिस ने घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़ दिया, जबकि मामला जमीनी विवाद का है। पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए। मुआवजा नहीं मिला तो आंदोलन किया जायेगा।

# युवती को भगा ले जाने वाला रेलवे कर्मी गिरफ्तार, गया जेल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** युवती को प्रेम प्रसंग में फंसा भगा ले जाने के मामले में नगर थाना पुलिस शादीशुदा दो बच्चे के पिता रेलवे कर्मी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार रेलवे कर्मी जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोरबेदिया गांव निवासी मनोज मंडल है। रेलवे कर्मी दुमका-देवघर रेलवे लाईन में मदनपुर स्टेशन पर गेट कीपर के पद पर पदस्थापित था। जानकारी के अनुसार बीते 14 नवंबर को नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाडा की रहने वाली एक युवती उसके घर से लेकर रेलवे कर्मी फरार हो गया था। युवती के परिजनों ने खोज बीन के बाद थक हार कर 18 नवंबर को नगर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के निर्देश पर टीम का गठन कर अनुसंधानकर्ता एसआई अशोक मिश्रा और सहायक पुलिस पूजा यादव टेक्निकल टीम से मिले इनपुट के आधार दोनों को रामगढ़ के पास गिरफ्तार कर प्रेमी युगल को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जहां युवती का 164 का बयान दर्ज करा रेलवे कर्मी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। गौरतलब हो कि रेलवे कर्मी की पत्नी भारती कुमारी महिला थाना, जामताड़ा दहेज प्रताड़ना एवं अन्य लड़की से अवैध संबंध होने का पति पर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसका वाद व्यवहार न्यायालय, जामताड़ा में लंबित है। दोनों की शादी हिन्दू रीति-रिवाज से अप्रैल 2019 में हुई थी। दोनों से दो बच्चे है।

# सरकार निरंतर आपकी समस्या को सुनने को है तैयार:बसंत

## लाभुकों के बीच करोड़ों की परिसंपत्ति सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुई वितरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के खुटोजोरी पंचायत के बाबूडीह मैदान में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फेज-3 का विधिवत विधायक बसंत सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक बसंत ने इस मौके पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 23 बच्चियों को प्रमाण पत्र, कल्याण विभाग की ओर से छह बच्चों के बीच साइकिल का वितरण, मनरेगा जॉब में आठ व्यक्तियों के बीच, बिरसा सिंचाई कूप में सात किसानों के बीच स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस दीदियों को 30 हजार, सीसीएल के लिए कुल तरह लाख पचास हजार, आयुष्मान कार्ड छह, खाद्य आपूर्ति विभाग में नो लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण सहित लगभग 30 लाख रुपये का परिसंपत्ति का वितरण किया।

जहां महिला एवं बाल विकास विभाग, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, जेएसपीएल, पंचायतीराज विभाग, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, बिजली विभाग, राजस्व विभाग, पेंशन योजना, कृषि विभाग,







पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा, खाद आपूर्ति विभाग आवास सहित कुल सत्रह स्टोल लगाया गया था। मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई वंचित न रह जाए व अंतिम पैदान तक पहुचे इसके लिए सरकार वचनबद्ध है। जिसको देखते हुए हेमंत सोरेन सरकार ने एक फिर से सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम तीसरी चरण के माध्यम से सरकार आपके द्वार पर फिर से उपस्थित हुए हैं। बेहिचक आवेदन लगे स्टोल में जमा करें।सरकार निरंतर आपके पीछे आपकी समस्या को सुनने को तैयार है। अपनी समस्या हमारे पास व सरकार के पास राखये आपको विश्वास दिलाता हूं, निश्चित रूप से समाधान किया जाएगा। सरकार ने एक फिर से एक बार इस कार्यक्रम को लाने के पीछे एक मात्र उद्देश्य है, की हर उस परिवार को घर मिले जिसको इसकी जरूरत है, हर उस बच्चा को शिक्षा मिले जो इसके काविल है।

केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना में हमलोगों ज्यादा कुछ नही कर पाते थे,आपको जो उमीद थी,राज्य सरकार वह नही कर पा रहे थे,उक्त समस्याओं को हमलोगों ने प्रमुखता से आपके हेमंत सोरेन सरकार के पास रखें और सरकार ने जनता की हितों को देखते हुए अबुवा आवास योजना धरातल पर लेकर आया। आप जिस समस्या को लेकर व जिस सोच से यहां आए हैं, उसका निदान करके ही घर जाए। जिसके बाद दुमका विधायक बसंत सोरेन को लगे उक्त स्टोल का जायजा लिया, जिसको मसलिया वीडीओ अजफर हसनैन ने बारी बारी से जानकारी दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बासुदेव टुडू, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, डीडीसी अभिजीत सिन्हा, वीडीओ अजफर हसनैन आदि मौजूद थे।

## प्रखंड प्रमुख व बीडीओ ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख शोभा देवी एवं बीडीओ नंदजी राम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधा का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार के लाभकारी जनप्रयोगी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया है। इस दौरान अबूआ आवास योजना के प्रति लोगों में ज्यादा रुझान देखा गया है। इसके अलावा भवनाथपुर अंचलाधिकारी सहित पंचायत के मुखिया सरिता देवी, पूर्व प्रमुख रीता देवी, पंचायत सचिव भुवनेश्वर सिंह, सुनील तिवारी, अशोक कुमार, सुचित्रा देवी, राजगीर राम, राकेश सिंह, पीएम आवास ऑपरेटर अशोक प्रसाद आदि ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयासरत दिखे।

## ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक संपन्न

**केतार।** बलिगढ़ पंचायत के ग्राम बलिगढ़ में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक में लोगों को जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि हम लोग अपने टोला मोहल्ले में लोगों से अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि ग्राम में कोई भी लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित न रह सके। वहीं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने सभी स्वास्थ्य सहिया को अपने क्षेत्र में हर घर जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड के बारे में बताने और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सलाह देने की बात कही।

## जरासंघ की 5226वीं जयंती मनी

**गढ़वा।** चंद्रवंशी समाज के तत्वावधान में मेराल प्रखंड के राजहारा चंद्रवंशी टोला में मगा सम्राट महाराज जरासंघ के 5226वें जयंती समारोह आयोजित कर मनाया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि महाराज जरासंघ के बताए गए मार्ग पर चलकर समाज में नई क्रांति लाई जा सकती है। जरासंघ महाराज के कारण ही आज भी सनातन जिंदा है। उन्होंने अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए कई अहम प्रयास किए थे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों को इतिहास की जानकारी मिलती है। लोगों को इतिहास की जानकारी रखनी चाहिए।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**डंडई।** प्रखंड के सोनेहारा पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ राहुल कुमार सानू, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम, मुखिया चंद्रावती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण के दौरान शिविर में विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे। जिसमे मुख्य रूप से अबुवा आवास योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, बिजली विभाग, ई श्रम कार्ड, मुख्यमंत्री पशु ान योजना, मुख्यमंत्री गाड़ी योजना, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, षि विभाग, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग, 15वें वित, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य स्टॉल लगाए गए थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के पुरहे पंचायत सचिवालय प्रांगण में बीडीओ सतीश भगत की अयक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी लाभ लेने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान अबुआ आवास योजना, पेंशन, राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कुप, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दिव्यंगता प्रमाण पत्र, भूमि म्यूटेशन, भूमि मापी, लगान रसीद अनलाइन, भू अभिलेख में सुाार, वन पट्टा आदि संबंधित आवेदन लिया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 598 आवेदन मिला है। जिसमें 89 आवेदन को निष्पादन किया गया और 506 आवेदन लंबित है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

**कोडरमा।** जिले के सभी प्रखंडों में 24 नवम्बर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। यह कार्यक्रम जिले की विभिन्न पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित की जायेगी। बताते चलें कि आयोजित शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंद लोगों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इसी क्रम में सतगावां प्रखंड के कटैया पंचायत भवन, डोमचांच प्रखंड के बच्छेडीह पंचायत भवन, कोडरमा प्रखंड के करमा पंचायत के उम़वि. करमा, चंदवारा प्रखंड के चन्दवारा पूर्वी पंचायत भवन, जयनगर प्रखंड के जयनगर पूर्वी पंचायत भवन और मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो उत्तरी के पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया।

## भाईयों के विवाद में वृद्ध मां की गई जान

**दुमका।** दो भाईयों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने गई 70 वर्षीय गीता देवी की जान चली गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर में गुरुवार की रात में घटी। जानकारी के अनुसार छोटे भाई ने परिवार के लोगों के साथ मां की इस तरह से पिटाई कर दिया कि अस्पताल से घर लाने पर उनकी मौत हो गई। पुलिस शुक्रवार को शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी है। पुलिस मामले में आरोपी बेटा विजय राम और उसकी पत्नी सुनीता देवी को गिरफ्तार जेल भेज दी है। बड़े भाई संजय राम के बयान पर दंपती के अलावा उसकी दोनों बेटी और सास को नामजद आरोपी बनाया गया है। संजय गाड़ी मिस्त्री है और उसका छोटा भाई विजय राम ठेला चालक है। दोनों शाम को शराब पीते और फिर आपस में ही उलझ जाते। गुरुवार की शाम संजय शराब पीकर आया और पड़ोस में रहने वाले विजय को गाली देने लगा। विजय ने घर में बड़ी बेटी का हवाला देकर ऐसा करने से मना किया। इस बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। शोर शराबा सुनकर मां गीता देवी बीच बचाव करने पहुंची, तो विजय भड़क गया। उसने मां पर बड़े भाई का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए पीट दिया। घर वाले इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर गये। रात को खून की उल्टी के बाद दम तोड़ दिया। सुबह सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# गोड्डा में झामुमो ने आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज झारखंड राज्य के सभी जिलों में तीसरी बार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूवात में ,गोड्डा जिला के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में कुल चार शिविर क्रमशः गोड्डा प्रखंड के रूपियामा एवं खतनई पंचायत ,पोड़ैयाहाट के सोंडीहा पंचायत एवं सुन्दर पहाड़ी के कलहजोर पंचायत शिविर आयोजित किए गए। जिसके सभी पंचायत शिविर में जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के अध्यक्ष श्री बासुदेव सोरेन की अगुवाई में भ्रमण कर शिविर में उपस्थित हजारों लोगो को हेमन्त सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए उत्साहित करते हुवे निरीक्षण कर प्रचार प्रसार किया गया। हेमंत सरकार की चुनावी वादों में शुमार अबुआ आवास योजना के स्टाल पर सबसे अधिक भीड़ देखा गया। झामुमो समिति के लोगों ने उचित लाभुक तक अबूआ आवास योजना का लाभ पहुंचाने के लिए लोगो को जागरूक करते हुवे झामुमो पंचायत समिति को सजग रहने को कहा।उपस्थित छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में वर्तमान समय में एक घर की दो बच्चियों को ही लाभ मिलने को बात बताते हुवे आने वाले समय में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के एक





परिवार के सभी बच्चियों को लाभ पहुंचाने की बात बताई गई।युवा छात्रों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड के विषय में जानकारी दी गई।साथ लोगो को योजना का लाभ लेने में अगर कही रिश्वत की बात सामने आने पर जिला झामुमो समिति को सूचना देने की बात बताई गई। शिविरो में हेमंत सरकार के प्रति अति आदर भाव और उत्साह सभी समाज के ग्रामीणों में देखा गया। खतनई पंचायत के शिविर में तो लोगो को हेमन्त सरकार जिंदाबाद के नारे लगाते हुए देखा गया। कार्यक्रम के भ्रमण एवं निरीक्षण में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल,सदर प्रखंड गोड्डा के अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, जिला झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेंब्रम, पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हांसदा,कोषाध्यक्ष शिव शंकर मंडल, केन्द्रीय समिति सदस्य कौशलेंद्र टुडू,श्याम हेंब्रम, वरिष्ट नेता प्रेम नंदन मंडल,पवन यादव, गोड्डा सदर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शोम मरांडी, बिट्टू यादव आदि साथ रहे।

## सरकार वंचित लोगो को योजनाओं का लाभ दिलाने को चला रही कार्यक्रमः नलिन

**शिकारीपाड़ा।** दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखंड के मलूटी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में दुमका जिले के विभिन्न प्रखण्ड के पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड के मलूटी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में विधायक नलिन सोरेन ने लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरकार सभी छूटे हुए व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# सड़क पर बिखरा बालू बन रहा हादसों का कारण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नगर परिषद की चुप्पी से लोगों ने सरकारी मार्ग का कब्जा कर बालू का ढेर लगा दिया है। जिस कारण आए दिन कोई न कोई इसकी चपेट में आने से चोटिल हो रहा है। अधिवक्ता ने उपायुक्त व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भेजकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाने की गुहार लगाई है। कहने के लिए नगर परिषद ने सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर कार्रवाई करने के लिए टीम बनाई है, लेकिन टीम कागज तक ही सिमटी हुई। टीम के सदस्य जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति ही करते हैं। जिसकी वजह से लोगों का मनोबल लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शहर के नीचे श्याम बाजार के मोड़ में काफी दिनों से निर्माण सामग्री पड़ी हुई है, लेकिन आज तक हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोड़ इतना संकरा हो गया है कि गुरुवार को एक बाइक सवार परिवार समेत गिरते गिरते बचा। इसके अलावा लखीकुंडी पंचायत में भी आइटीआइ से पहले एक आदमी ने सड़क में ही बालू और गिटटी का ढेर लगा दिया है। इस मार्ग से सबसे अधिक बच्चे स्कूल जाते हैं। खुद को बचाने में वाहन चालक भी अनियंत्रित हो जाते हैं। वहीं अधिवक्ता नीरज सिंह ने लिखे पत्र में कहा है कि राखाबनी मोड़ में निर्मल चक्रवर्ती के घर के सामने मनमाने तरीके से बालू व गिटटी का ढेर लगा दिया गया है। सड़क सकरी होने की वजह से बाइक सवार गिर रहे हैं। जो व्यक्ति घर बनवा रहा है, उसके पास सामग्री रखने की पर्याप्त जगह है, इसके बाद भी सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। स्थानीय लोगों ने जब विरोध किया तो मसानजोर में रहने वाले परदेशी साह के बेटे पिंटू साह ने नगर थाना की पुलिस का सहयोग लेकर फिर से बालू गिराने की अनुमित ले ली। नगर परिषद के सिटी प्रबंधक सुमित सोरेन को सारी स्थिति से अवगत कराया, लेकिन कर्मी ने इस जगह को पंचायत का बताकर पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने उपायुक्त से मार्ग को कब्जे से मुक्त कराने का अनुरोध किया है।

## सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाएगा : दीपिका

**गोड्डा।** महगामा क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत दोनों प्रखंडों में कुल 10 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों की मांग पर त्वरित सुनवाई करते हुए विधायक ने एक साथ ठाकुर गंगटी और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के 10 सड़कों की स्वीकृति दिलवाई है। जल्द ही इसका टेंडर निकलेगा और उसके बाद फिर सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। ताकि हजारों ग्रामीणों को आवागवन में सुविधा मिल सकेगा।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में कई आवेदन प्राप्त

**खरौंधी।** प्रखंड के कूपा पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। शिविर में अबुआ आवास, कौशल विभाग, पेंशन विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, पेयजल विभाग, जेएसएलपीएस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य स्टॉल लगाकर अलग-अलग आवेदन लिया गया। मौके पर बीडीओ रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, कमलेश पासवान, 20 सूत्री अयक्ष राजेश कुमार रजक, कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम, शिव कुमार यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## जनता दरबार का आयोजन

**धुरकी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार तीसरे चरण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के रक्सी पंचायत के मुखिया अंजु देवी की अध्यक्षता व बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें मनरेगा योजना अबुआ आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, फुले बाई लक्ष्मी योजना. पीडीएस, भूमि सुधार, स्वास्थ्य शिविर, ई-श्रम, के पेंशन, अलावे कई तरह का अन्य स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें पंचायत के लोग अपनी-अपनी समस्या को लेकर लिखित आवेदन देकर रिसीविंग ले रहे थे। कार्यक्रम में भूमि सुधार, आवास एवं मनरेगा से संबंधित सबसे अधिक आवेदन दिए गये। समाचार लिखे जाने तक कुल आवेदन की संख्या उपलब्ध नहीं हो सकी थी। कार्यक्रम में एल आरडीसी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश कुमार, सीआई विकास कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार, शशि विश्वकर्मा, पंचायती राज्य को-आर्डिनेटर जितेंद्र कुमार, पीएम आवास के को-आर्डिनेटर मनीष कुमार, जेई अमरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, लव कुमार, पंचायत सचिव जगदीश राम आदि लोग उपस्थित थे।

# पोस्टऑफिस भवन के साथ पासपोर्ट केंद्र का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज गोड्डा मुख्यालय में जिला पोस्टऑफिस के नए भवन का उद्घाटन जहां गोड्डा सांसद डा० निशिकांत दुबे ने की वहीं पासपोर्ट केंद्र कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय विदेश मंत्री एस जय शंकर ने दिल्ली से वर्चुअल ऑनलाइन उद्घाटन किया। सांसद गोड्डा ने दीप प्रज्वलित कर अपने संबोधन में कहा इस भवन के निर्माण के लिए मार्च अप्रैल 2022 में सांसद ने इसके लिए फंड जुटाए और खुद इसकी आधार शिला रखी थी जो



24 नवंबर 2023 में तैयार होकर आम जनता की सेवा करने को तैयार खड़ी है। गोड्डा लोक सभा के विकास पर तारीफ करते हुए राज कुमार मिश्र निदेशक ने कहा देवघर में एम्स और हवाई अड्डा, गोड्डा में रेल, पीरपैंती तक जोड़ने का प्रयास बगैर राज्य सरकार के सहायता के आर ओ आर की नीति में परिवर्तन करा कर ये रेल मार्ग लाया गया। विरोधी मुझे हवा हवाई नेता कह कर आलोचना करते थे लेकिन ये सारी योजनाएं २०१४ के बाद हमने आधार शिला रखी और उद्घाटन भी किया जिसमे हमारे प्रधान मंत्री की सबसे बड़ी भूमिका है।